मंगलवार
17 सितंबर 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



तेजस्वी ने पीएम मोदी, सीएम नीतीश और प्रशांत पर जमकर साधा निशाना 2



## शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती आज



### जानें... पूजा का शुभ मुहूर्त

मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा पर भगवान को पूजन के दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। सुबह 7 बजकर 50 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 26 मिनट तक पूजा का मुहूर्त है। वहीं दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 58 मिनट से दोपहर 3 बजकर 30 मिनट तक रहेगा।

हिंदू धर्म में विश्वकर्मा जयंती भगवान विश्वकर्मा को समर्पित हैं। धार्मिक कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार हैं। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। विश्वकर्मा पूजा के दिन मिस्त्री, बढई, वेल्डर लोग अपने व्यवसायों से जुड़े औजारों की पूजा करते हैं, जिससे उनको अपने जीवन में सफलता प्राप्त होती है। वहीं इस दिन वाहनों को भी विधि विधान से पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि ब्रह्माजी ने पृथ्वी बनाने के बाद उसे संवारने का कार्य भगवान विश्वकर्मा को सौंपा था।

## आतंकवाद को ऐसा दफन करेंगे कि कभी बाहर नहीं आएगा: शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में जनसभा में को किया संबोधित

**एजेंसी/श्रीनगर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन केंद्र शासित प्रदेश में इसे इतना नीचे दफन किया जाएगा कि यह कभी बाहर न आ सके। शाह ने किश्तवाड़ में एक जनसभा में दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस का गठबंधन जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पाएगा।

अमित शाह ने यहां पद्दर-नागसेनी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री सुनील शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम आतंकवाद को



इतना नीचे दफन करेंगे कि वह कभी बाहर न आ सके। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के घोषणापत्र में आतंकवादियों को छोड़ने की बात कही गई है और इस तरह आतंकवाद को फिर से मजबूत करने की कोशिशें जारी हैं। यह मोदी सरकार है और किसी की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से मजबूत कर सके।

गृह मंत्री ने कहा, यह चुनाव दो ताकतों के बीच है, एक तरफ नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी (पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) और दूसरी तरफ भाजपा। नेकां-कांग्रेस कह रही हैं कि अगर हम सरकार बनाते हैं तो हम अनुच्छेद 370 को बहाल करेंगे। मुझे बताइए कि क्या इसे बहाल किया जाना चाहिए? भाजपा ने पहाड़ी और गुज्जर समुदायों तथा अन्य लोगों को जो आरक्षण दिया है, उसे छीन लिया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यचिंता मत कीजिए। मैं कश्मीर में स्थिति देख रहा हूं और आश्वस्त रहिए, जम्मू कश्मीर में न तो फारूक अब्दुल्ला की पार्टी की सरकार बन रही है और न ही राहुल गांधी की पार्टी की

### 18 को होगा पहले चरण का मतदान, थमा चुनाव प्रचार

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले चरण के होने वाले मतदान के लिए सोमवार शाम को चुनाव प्रचार बंद हो गया। पहले चरण में 18 सितंबर को जम्मू संभाग के डोडा, किश्तवाड़, रामबन तथा कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों की कुल 24 सीटों पर मतदान होना है। अंतिम दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नेशनल कान्फ्रेंस की ओर से डॉ. फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की ओर से महबूबा मुफ्ती के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भाजपा के तरुण चुग, शाजिया इल्मी, आशीष सूद ने भी कई जगहों पर प्रचार किया। वहीं, कांग्रेस की ओर से चिनाब घाटी में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, कन्हैया कुमार, राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा आदि ने प्रचार कर अपने समर्थन में मत डालकर सरकार बनाने का आह्वान किया।

## खबरें फटाफट

### अवकाश की घोषणा

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर को केशव टाइम्स अखबार में अवकाश रहेगा। इसलिए अगला अंक 19 सितंबर को जारी किया जाएगा।

### मणिपुर में मंत्री के घर पर ग्रेनेड से हमला

**इंफाल।** मणिपुर में चल रहे संघर्ष के बीच उग्रवादियों ने राज्य सरकार के एक मंत्री के घर को निशाना बनाया। उग्रवादियों ने उखरूल जिले में मंत्री काशिम वाशुम के घर पर ग्रेनेड से हमला किया। ग्रेनेड फटने से उनके घर की दीवारें और कुछ हिस्सा टूट गया। गनीमत रखी कि हमले के वक्त घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था। हमले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। एक अधिकारी ने बताया कि छींटे बरामद कर लिए हैं। ग्रेनेड हमले के बाद कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। जांच के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। वाशुम राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के विधायक हैं।

### मस्जिद विवाद से सोलन में तनाव

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन शहर में सोमवार को उस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब कुछ व्यापारियों ने व्यापार मंडल के बाजार बंद आह्वान के बावजूद दुकानें खुली रखीं। इससे गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा, 'सोलन में रहना होगा तो जय श्रीराम कहना होगा। दरअसल, संजौली मस्जिद विवाद मामले में लाठीचार्ज के विरोध में व्यापारियों ने सोमवार सुबह 9 से 12 बजे तक बाजार बंद का आह्वान किया था। मगर कुछ दुकानदारों ने दुकानें बंद नहीं की। इससे व्यापारी भड़क गए और प्रदर्शन करने लगे।

### प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में 8000 करोड़ की कई परियोजनाओं की रखी आधारशिला

# पिछले 100 दिनों में विपक्ष ने मेरा खूब मजाक उड़ाया, लेकिन मैं चुप रहा: मोदी

- बोले प्रधानमंत्री- मैंने 100 दिन में आपके कल्याण के लिए नीति बनाने और निर्णय लेने में कोई कमी नहीं की है

**एजेंसी/अहमदाबाद**

तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद गुजरात के पहले दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर करारा प्रहार किया है। अहमदाबाद के जीएमडीसी ग्राउंड पर भव्य स्वागत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 100 दिनों में न जानें कैसी-कैसी बातें की गईं, मेरा मजाक उड़ाया गया। मुझे अपमानित किया गया। लेकिन मैं चुप रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सरदार पटेल की भूमि से पैदा हुआ बेटा है। पीएम मोदी ने कहा कि हर मजाक और हर मखौल, हर अपमान को सहते हुए मैंने 100 दिन में आपके कल्याण के लिए नीति बनाने और निर्णय लेने में कोई कमी नहीं की है। पीएम मोदी ने कहा कल्याण की राह पर चलने के लिए कितने भी मजाक क्यों न होते रहें लेकिन वह इस रात से नहीं भटकेंगे। मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए नाम लिए बिना कहा कि वे (विपक्ष) तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकते हैं। कहा कि नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश को बांटने के इरादे से भारत की एकता और अखंडता को निशाना बना रहे हैं। नफरत से भरे लोग भारत और गुजरात को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे।



**वंदे भारत मेट्रो के साथ ही पांच वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी**

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली वंदे भारत मेट्रो को रवाना किया। इसे नमो भारत रैपिड रेल के नाम से जाना जाएगा। यह अहमदाबाद से भुज तक चलेगी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने सहित 8,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

### 100 दिन के एजेंडे को पूरा करने में पूरी ताकत लगा दी

पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मैंने देशवासियों को गारंटी दी थी कि मेरे तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में अभूतपूर्व फैसले लिए जाएंगे। पिछले 100 दिनों में मैंने 100 दिन के एजेंडे को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आप लोगों ने मुझे राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का संकल्प दिलाकर दिल्ली भेजा है। मैंने 100 दिन के एजेंडे को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा दी। चाहे देश हो या विदेश, जो भी प्रयास करने थे, किए गए। इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है। मैंने चुनाव के दौरान 3 करोड़ नए घर बनाने का वादा किया था और हम इस पर तेजी से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, लोग मेरी चुप्पी से हैरान थे। मोदी ने कहा कि उन्होंने लोगों के लिए खुद को बलिदान करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, अगर मैं जीता हूं, तो आपके लिए जीता हूं, अगर मैं संघर्ष करता हूं, तो आपके लिए संघर्ष करता हूं और अगर मैं खुद को बलिदान करता हूं, तो यह आपके लिए होगा।

## मुख्यमंत्री के साथ बैठक में जूनियर डॉक्टरों ने रखी पांच मांगें, घोषणा आज



- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व जूनियर डॉक्टरों के बीच आरजी कर कांड को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**एजेंसी/कोलकाता**

चार विफल प्रयासों के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व जूनियर डॉक्टरों के बीच सोमवार शाम आरजी कर कांड को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के घर पर दो घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के दौरान जूनियर डॉक्टरों ने अपनी पांच मांगें रखीं। बैठक के निष्कर्षों का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

हालांकि सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार मंगलवार को इस बाबत कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकती है। मालूम हो कि बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत की ओर से सोमवार सुबह 11.56 बजे वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट को ईमेल भेजकर उनसे एक बार फिर मुख्यमंत्री के कालीघाट स्थित घर पर शाम पांच बजे आकर उनके साथ बैठक करने का अनुरोध किया था। मुख्य सचिव की ओर से साफ कर दिया गया था कि बैठक का सीधा प्रसारण व वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं होगी, हालांकि बैठक के मिनट्स (विवरण) रिकॉर्ड करने पर सरकार राजी हो गई थी।

## पटना में तेज रफ्तार ट्रक ने तीन को रौंदा, हादसे में दादी-पोती की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के बिहटा-औरंगाबाद हाइवे पर सोमवार को बड़ा हादसा हुआ है। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने तीन लोगों को रौंद दिया। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। मरनेवाले रिश्ते में दादी-पोती हैं। वहीं उनके साथ एक महिला भी ट्रक की चपेट में आई, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतका की पहचान दादी झरोखा देवी(65) और पोती कामती कुमारी(10) के तौर पर हुई। जबकि घायल महिला चंपा देवी (65) को इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है।

घटना बिहटा-औरंगाबाद हाइवे के पकरौंधा गांव के पास की है। बताया कि दादी झरोखा देवी अपनी 10 साल की पोती के साथ खेत से घर लौट रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उनको अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें दोनों की मौत हो गई। इस घटना के विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद 4 घंटे बाद सड़क जाम हटाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जो भी राहुल गांधी की जीभ काटेगा उसे 11 लाख का इनाम दूंगा: संजय

**एजेंसी/मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक विधायक संजय गायकवाड़ ने राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया। संजय ने कहा कि राहुल गांधी पिछड़ों, आदिवासी का रिजर्वेशन खत्म करना चाहते हैं। शिंदे नेता ने कहा कि जो भी राहुल गांधी की जीभ काटेगा उसे 11 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

शिंदे गुट के विधायक गायकवाड़ ने कहा कि राहुल गांधी पिछड़े आदिवासियों और अन्य लोगों के लिए आरक्षण खत्म करना चाहते हैं और इसलिए वे आरक्षण खत्म करने की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महाराष्ट्र और देश में आरक्षण की मांग उठ रही है, तब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने देश में आरक्षण खत्म करने का बयान दिया। लोकसभा चुनाव में उन्होंने वोट पाने के लिए झूठी कहानी फैलाई। आज वे देश से आरक्षण खत्म करने की भाषा बोल रहे हैं और कांग्रेस का असली चेहरा दिखा दिया है। यह मेरी चुनौती है कि जो कोई भी राहुल गांधी की जीभ काटेगा, उसे मेरी ओर से 11 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। ज्ञात हो कि बुलढाणा से शिवसेना के एमएलए गायकवाड़ का विवादों से पुराना नाता रहा है।




### कंचनपुर और सारंग तालाब के पास 148 पौधे लगा योजना का करेंगे शुभारंभ सीएम योगी

## शहरी क्षेत्रों को हरा-भरा करने की तैयारी में योगी सरकार

- दोनों स्थानों पर लंबी आयु वाले पौधे लगाकर सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड और मालियों की होगी तैनाती
- 1 एकड़ भूमि पर पौधरोपण के साथ ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक, व्यायाम स्थल आदि का होगा निर्माण

**केटी न्यूज/लखनऊ**

शहरीकरण और विकास के चलते शहरों में कम हुई हरियाली को योगी सरकार बढ़ा रही है। बीते 20 जुलाई को एक दिन में 36.51 करोड़



से अधिक पौधरोपण करने वाली योगी सरकार नगर निगम के क्षेत्रों को हरा भरा करने के लिए अब उपवन योजना की शुरूआत करने जा रही है। वाराणसी नगर निगम कंचनपुर और सारंग तालाब के पास 148 पौधे लगाकर उपवन योजना का शुभारंभ होगा। इन दोनों स्थानों पर लम्बी आयु वाले पौधों को लगाया जाएगा। इन स्थलों पर 1 एकड़ भूमि पर मियावाकी तकनीक से पौधरोपण व शेष स्थानों पर ओपन जिम वाकिंग ट्रैक ,व्यायाम स्थल आदि का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर उनके संसदीय क्षेत्र में पौधरोपण कर 'उपवन योजना' की शुरूआत कर सकते हैं।

नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा 'उपवन योजना' के अंतर्गत कंचनपुर पार्क में 74 पौधे एवं सारंग तालाब के पास 74 बड़े पौधे लगाकर शुभारंभ होगा। इन दोनों स्थानों पर लम्बी आयु वाले पौधे लगाए जाएंगे। इसमें नीम, बरगद, पाकड़, पीपल आदि के पौधे होंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड और देखभाल के लिए माली तैनात होंगे।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से निपटने के लिए योगी सरकार प्रदेश भर में पौधरोपण अभियान चला रही है। वाराणसी में मियावाकी तकनीक से शहर के बीचोबीच प्राकृतिक ऑक्सीजन बैंक विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही लोगों को शुद्ध हवा भी मिल सके। शहरी क्षेत्र में जहां बढ़ती गाड़ियों की संख्या और अन्य कारणों से प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं योगी सरकार ऐसे जगहों पर उपवन योजना आदि से वायु प्रदूषण के रोकथाम का उपाय कर रही है।

# शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों की मरम्मत के लिए जारी की राशि

- बल्ब, पंखा, ट्यूब लाईट आदि की मरम्मति
- सरकारी विद्यालय के बैंक खाता में पचास हजार रुपए की उचित प्रक्रिया द्वारा हस्तान्तरित करने का निदेश दिया गया

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में मरम्मती हेतु 50 हजार रुपए प्रति स्कूल के बैंक खाते में राशि हस्तांतरित की है। इस राशि से सरकारी विद्यालयों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर सचिव संजय कुमार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ (स्थापना), डीपीओ (योजना एवं लेखा) को लेटर जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में अंकित करना है कि शिक्षा विभाग के कार्य योजना के कार्यान्वयन हेतु विभागीय स्वीकृत्यादेश के तहत जिलावार राशि आवंटित की गयी है। उक्त स्वीकृत्यादेश में वर्णित कार्यों के लिए राशि की निकासी हेतु विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया है। विद्यालय में उपलब्ध कराये गए राशि से निम्नांकित कार्य किया जाए। बल्ब, पंखा, ट्यूब लाईट आदि की मरम्मति। शौचालय एवं नल की मरम्मति।




सबमर्सिबल एवं पाइप, ओवरहेड टैंक की मरम्मत। खिड़की, किवाड़ एवं इसके सभी प्रकार की मरम्मति। समय-समय पर आवश्यकतानुसार ब्लैक बोर्ड की रंगाई एवं मरम्मति। बैंच-डेस्क, टेबूल, आलमारी आदि की मरम्मति एवं पेंटिंग। किचेन सामग्री (गैस चूल्हा आदि) की मरम्मत। इन कार्यों के लिए विद्यालय के बैंक खाता में राशि का रहना आवश्यक है ताकि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक -प्रभारी प्रधानाध्यापक समय-समय पर उक्त कार्यों को सम्पन्न करा सके।

### प्रधानाध्यापक बैंक खाते में होगी राशि हस्तान्तरित

अपर सचिव ने सभी डीईओ को पत्र में लिखा है कि उक्त के आलोक में अपने-अपने जिलान्तर्गत प्रत्येक सरकारी विद्यालय के बैंक खाता में पचास हजार रुपए की उचित प्रक्रिया द्वारा हस्तान्तरित करने का निदेश दिया गया है। प्रधानाध्यापक-प्रभारी प्रधानाध्यापक बैंक खाते में हस्तान्तरित राशि द्वारा उक्त कार्यों को निष्पादित करेंगे। विद्यालय के बैंक खाते में पचास हजार रुपए की राशि हमेशा उपलब्ध रहनी चाहिए अर्थात उदाहरणस्वरूप किसी विद्यालय के द्वारा 35000 हजार रुपए का मरम्मति कार्य कराया जाता है तो प्रधानाध्यापक-प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा 35000 हजार का मूल विपत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में समर्पित करने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा 35000 हजार पुनः विद्यालय के खाते में स्थानान्तरित कर दी जायेगी। विद्यालय में प्रत्येक मरम्मति विपत्र में मजदूरी एवं सामग्री का स्पष्ट एवं अलग-अलग उल्लेख किया जाना आवश्यक है। सभी अभिश्रवों पर प्रधानाध्यापक-प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं स्कूल के अगले वरीयतम शिक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर अनिवार्य होगा। अर्थात सभी अभिश्रवों पर दो शिक्षकों का हस्ताक्षर अनिवार्य होगा। सरकार के पत्र के अनुसार जल्द ही स्कूलों में निर्माण शुरू होगा। इसके लिए जल्द प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# विदेश में राहुल ने लोकतंत्र का उड़ाया मजाक : सम्राट

**केटी न्यूज/मुंगेर**

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। डिप्टी सीएम ने कहा कि विदेश में जाकर राहुल गांधी ने लोकतंत्र का मजाक उड़ाने का काम किया। साथ ही भारत के संविधान बाबा साहब अंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण की व्यवस्था का भी मजाक उड़ाने का काम किया। सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी नीतियां हैं। पंडित नेहरू ने भी आरक्षण का विरोध करने का काम किया था। इंदिरा गांधी ने भी देश में गरीबों, पिछड़ों और दलितों को आरक्षण ना मिले इसकी कोशिश की। राजीव गांधी ने भी मंडल कमीशन के समय आरक्षण का विरोध पानी पी-पी कर किया। एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ये हमारा एजेंडा है। देश के लिए प्रतिबद्धता है। एक राष्ट्र एक चुनाव हम करेंगे। वहीं, लालू यादव पर तंज कसते हुए सम्राट ने कहा कि आजकल लालू यादव राहुल गांधी की गोद मे खेल रहे है। लालू यादव ने भी कही आरक्षण नहीं दिया वो कितने वर्ष बिहार के मुख्यमंत्री रहे। लालू राहुल आरक्षण विरोधी है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जबतक बीजेपी की सरकार है, तबतक आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता।

## खबरें फटाफट

### बांका में युवती का शव नहर में मिलने से मची सनसनी

**बांका।** बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र के कापरीचक गांव के पूरब की ओर चौर बहियार के बड़ी पुलिया के पास नहर में एक लगभग 25 वर्षीय युवती का शव मिला। इस घटना से आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। उसके बाद शव देखने के लिए चारों ओर भीड़ जुट गई। हालांकि शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव के गले और शरीर की अन्य कई जगहों पर जख्म के निशान मिले हैं। शव के कपड़े भी अस्त-व्यस्त पाए गए हैं। लोगों ने बताया कि अपराधियों द्वारा दो-तीन दिन पूर्व ही युवती से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। वहीं, मौके पर मौजूद कुछ किसानों ने बताया कि बहियार में धान की फसल देखने गए थे। जहां नहर किनारे पानी में शव को तैरते देखा। आसपास गांव के लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर शव की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर दारोगा विक्की कुमार और रश्मि कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। लेकिन नहर में गहराई और पानी के तेज बहाव के कारण लगभग दो घंटे तक शव के पास नहीं पहुंच पाए।

**दो दिवसीय दौरे पर मुजफ्फरपुर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी, राजद कार्यकर्ताओं से जाना हाल**

# तेजस्वी ने पीएम मोदी, सीएम नीतीश और प्रशांत पर जमकर साधा निशाना

- अपराधी सरकार के चंगुल से बाहर हो चुके हैं, सरकार का इकबाल पूरी तरह से खत्म हो चुका है

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

नेता विरोधी दल व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सोमवार को कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर जिले का दौरा करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मिथिलांचल के बाद तिरहुत के मुजफ्फरपुर जिला में पहुंचे हैं। मैं दो दिनों के दौरे पर हूं और अपने राजद के कार्यकर्ता और लोगों से बातचीत कर उनकी समस्या को सुनूंगा और परेशानी को जानूंगा। इस दौरान उन्होंने सीएम नीतीश, पीएम मोदी और प्रशांत किशोर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। सभी पर जमकर निशाना साधा।

**अपराध बेलगाम है, सीएम नीतीश बिहार संभालने में हुए फेलः** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में अपराध बेलगाम हो चुका है। अपराधी सरकार के चंगुल से बाहर हो चुके हैं। बिहार सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। सीएम नीतीश कुमार से बिहार संभल नहीं रहा है। बिहार की दुर्दशा न दिखाई और न सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश अब तो अपने खुफिया विभाग के लोगों द्वारा हमारी निगरानी करवा रहे हैं। मेरी सभी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इससे साफ जाहिर है कि विपक्ष पूरी तरह से भयभीत हो चुका है।



### बिहार विरोधी है पीएम मोदी की मानसिकता

तेजस्वी ने बिहार में हो रहे सर्वेक्षण को लेकर सवाल उठाया कि इस सर्वे को सरल और सुगम बनाया जाना चाहिए। हर जगह पर लूट और भ्रष्टाचार बढ़ा हुआ है। इसको लेकर आम लोगों की परेशानी से छुटकारा दिलाने में सीएम नीतीश फेल हो गए हैं।पीएम को आम आदमी की परेशानी से कोई मतलब नहीं'
वहीं, इस दौरान तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि पीएम मोदी बिहार के विकास और स्पेशल स्टेटस देने की बात करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि पीएम मोदी की मानसिकता बिहार के विरोध वाली है। बिहार के लिए अच्छा नहीं चाहते हैं पीएम मोदी। राजद नेता ने कहा कि पीएम मोदी देश के विकास की जगह, बढ़ती हुई महंगाई की जगह पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और कश्मीर की बात करते हैं। यहां पर आम आदमी की मुश्किल और परेशानी से कोई भी इनको लेना-देना नहीं है।

**भाजपा को दिया जवाब :** तेजस्वी यादव ने बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के सत्ता में रहने पर विदेश दौरा करने और सत्ता से बाहर आते ही जनता और कार्यकर्ता सम्मलेन करने वाले बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम तो हमेशा से ही जनता के बीच में रहने वाले हैं और घूमते हुए रहे हैं। जनता की समस्याओं को सुनते है और उसका निराकरण करने का प्रयास करते है। केवल बयान बाजी नहीं करते है।

### पीके पहले महात्मा गांधी को मानना बंद करें, तब शराबबंदी पर बोल

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तेजस्वी यादव ने बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर पहले महात्मा गांधी को मानना बंद करें। इसके बाद शराबबंदी पर बोले। उन्होंने कहा कि जो लोग एक घंटे के अंदर बिहार में शराबबंदी को खत्म करने की बात कहते हैं, वे पहले गांधी जी को मानना बंद कर दें। प्रशांत किशोर को पहले अपने पास महात्मा गांधी की तस्वीर को लगाना बंद कर देना चाहिए।खुद महात्मा गांधी शराबबंदी के पक्षधर थे तो क्या प्रशांत किशोर को महात्मा गांधी को पहले मानना बंद कर देना चाहिए। ऐसे में तो लोगों के बीच मतिभ्रम होगा कि महात्मा गांधी को मानने वाले ऐसी बात करते हैं। महात्मा गांधी के आदर्शों को दिखाने के लिए चंपारण से यात्रा कर रहे है। परंतु उनके विचारों से उनका दूर-दूर तक कोई लेना-देना है। उनके पूरे सिद्धांतों को बदलकर आम जनता के बीच परोसनें का प्रयास में लगे हुए है। जनता इस बात को जान चुकी है कि कौन किसका एजेंट है। जनता अपनी परेशानियों से जुझ रही है। उसे पता है कि राजद की सरकार ही उनकी परेशानी को दूर कर सकती है। एनडीए की यह रणनीति रहती है कि वह ऐसे लोगों को अपने साथ रखें जो मजबूती से कार्य करने वालों को परेशान व उनका नुकसान करें। जनता इस चुनाव में एनडीए व पीके के जनसुराज को नहीं चलने देगी।

## एक नजर

### भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. भोला पासवान शास्त्री की पोती को हथियार के बल पर बनाया बंधक



**पूर्णिया।** पूर्णिया में अपराधियों ने हथियार के बल पर पूर्व सीएम भोला पासवान शास्त्री की पोती को हथियार के बल पर घर में बंधक बना लिया गया है। अपराधियों ने बंधक बनाने से पहले करीब छह राउंड फायरिंग की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लड़की की शादी तीन वर्ष पूर्व सुखसेना निवासी मनोहर कुमार झा से प्रेम प्रसंग में हुई थी, लेकिन, शादी के कुछ दिन बाद ही तलाक हो गया था। तलाक के बाद दोनों में कोई लेना देना नहीं है। लड़की को सुरक्षित बचाने के प्रयास कर रही। पुलिस को अचानक मनोहर कुमार झा आया और लगातार छह राउंड हुआ। फायरिंग कर दी और हाथ में पिस्टल लगाते हुए घर में घुस गया और लड़की को बंधक बना लिया। आरोपी ने पूरे घर में किरोसिन तेल छींट दिया है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। हालांकि पुलिस ने अंतिम रूप में सफलता प्राप्त कर ली। किसी तरह से लड़की को बचाया गया।

### मुंगेर में एसबीएन कॉलेज में प्रवेश पत्र के लिए अवैध वसूली, वीडियो हुआ वायरल

**मुंगेर।** मुंगेर जिले के एसबीएन कॉलेज गढ़ी रामपुर में स्नातक पार्ट-दो के प्रवेश पत्र के लिए विद्यार्थियों से अवैध रूप से सौ रुपये प्रति छात्र वसूले जाने का मामला सामने आया है। इस विषय में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि कॉलेज के प्रवेश पत्र वितरण काउंटर पर बैठे कर्मचारी विद्यार्थियों से पैसे ले रहे हैं। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कॉलेज के कर्मचारी विद्यार्थियों से प्रवेश पत्र देने के बदले सौ रुपये ले रहे हैं। यह वीडियो मुंगेर विश्वविद्यालय के अधीन संचालित एसबीएन कॉलेज का बताया जा रहा है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं की जा सकी है। इस मामले को लेकर छात्र राजद ने तीव्र विरोध जताया है। छात्र राजद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों से इस तरह की अवैध वसूली पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# बिहार में एक और पुल धंसा, सालभर पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश ने किया था निरीक्षण

**केटी न्यूज/जमुई**

जमुई जिले के सोनो चुरहेत काजवे पुल फिर छतिग्रस्त हो गया। एक साल पहले भ्रष्टाचार के पुल के टूटने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुल का निरीक्षण किया गया था। इसके बाद टूटे हुए पुल के ऊपर से लोहे का बेली पुल बनाने का निर्देश दिया गया था इसके बाद लोहे का पुल भी अपनी वर्षगांठ नहीं मना पाया और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इससे पहले लोगों ने बालू खनन और भ्रष्टाचार के ईंट कंक्रीट से बने सड़क टूटने का आरोप लगाया था। जिसके बाद अब लोहे का पुल भी भ्रष्टाचार का भेट चढ़ गया। बता दें कि जिस तरह से बिहार में लगातार पुल गिरने का सिलसिला जारी है। इसका जीता



जागता उदाहरण जमुई में देखने को मिला। जमुई जिले में लगभग पांच पुल क्षतिग्रस्त है। उस पर आज भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। कहीं ना कहीं अब इलाके के लोगों को भय सताने लगा है कि सोनो प्रखंड के 10 पंचायत और खैरा प्रखंड के आठ पंचायत के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया। बेली पुल का उद्घाटन अक्टूबर 2023 को हुआ था जबकि सितंबर 2024 में ही टूट गई है। वही टूटे हुए पुल का निरीक्षण करने के लिए जमुई की नई नवेली जिला पदाधिकारी अभिलाष शर्मा पहुंची थी। वहीं निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि पुल क्षतिग्रस्त हुई है। हम लोगों के द्वारा निरीक्षण किया गया है टेक्निकल टीम बुलाई जा रही है आरसीडी के टेक्निकल टीम के द्वारा जांच के बाद आगे की कोई कार्रवाई की जाएगी।

### खैनी देने से मना करने पर दुकानदार को मार दी गोली

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर से एक सनसनीखेज मामला निकल कर सामने आया है। जहां हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां अपराधियों ने दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। दुकानदार का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने खैनी देने से इंकार किया था। इस घटना के बाद इलाके में दशहत का माहौल कायम हो गया है। जानकारी के मुताबिक जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के भटगामा गांव में दुकानदार बैजनाथ मिश्र खैनी की दुकान चलाते थे। ऐसे में दुकान बंद करने के दौरान एक व्यक्ति उनसे खैनी मांगने के लिए आया था। दुकानदार दुकान खोलकर खैनी देने से मना कर दिया। व्यक्ति गुस्से में आकर इस घटना को अंजाम दिया।

**अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर राज्य शिक्षा शोध परिषद ने जारी किया आदेश**

# बिहार में जिउतिया के दिन बंद रहेंगे सरकारी विद्यालय, विभाग ने किया एग्जाम डेट में बदलाव

**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र -छात्राओं और शिक्षक के लिए यह काफी काम की खबर है। अब सूबे के सभी सरकारी स्कूलों में 25 सितंबर मंगलवार को जिउतिया पर्व को लेकर स्कूलों में छुट्टी दे दी गई है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने पत्र जारी किया है। इसके साथ ही अर्धवार्षिक परीक्षा का डेट शीट भी जारी कर दिया गया है। दरअसल, सूबे के विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर राज्य शिक्षा शोध परियोजना परिषद ने परीक्षा की तिथि निर्धारित की। इसके बाद इसमें समस्या यह था कि परीक्षा



का कार्यक्रम जिउतिया पर्व के दिन भी रख दिया गया। उसके बाद इस फैसले को लेकर शिक्षक संगठनों ने विरोध जाताना शुरू कर दिया। उसके अगले दिन शिक्षा विभाग ने जिउतिया के दिन के परीक्षा को रद्द करके उसे अगले दिन 26 सितंबर को आयोजित करने को लेकर आदेश जारी किया है। मालूम हो कि बिहार में आगामी 18 सितंबर से 26 सितंबर तक प्रदेश के आठवीं कक्षा तक के विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन हो रहा है। 26 सितंबर को कक्षा एक और दो की अंग्रेजी विषय की मौखिक परीक्षा सेकंड शिफ्ट में आयोजित होगी। शिक्षा विभाग ने अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर के संबंधित दिशा-निर्देश सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को पूर्व में उपलब्ध करा दिया है। गौरतलब हो कि कक्षा 3 से कक्षा 8 तक की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में वीक्षण कार्य के लिए प्रधानाध्यापक और संबंधित वरीय शिक्षक को छोड़कर विद्यालय के अन्य शिक्षकों को अपने विद्यालय के आस-पास के विद्यालयों में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। 18 सितंबर को पहली पाली में पर्यावरण अध्ययन और सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा वर्ग 3 से 8 के लिए होगी। दूसरी पाली में वर्ग 6 से 8 के लिए विज्ञान विषय की परीक्षा होगी।



## बढ़ी चिंता: जिले में खतरे के निशान को पार कर गया गंगा का जलस्तर, बाढ़ के पानी में घिरे दर्जनों गांव

# प्रशासन ने जारी किया अलर्ट: गंगा नदी के साथ कर्मनाशा भी उफनाई, चौसा के आधा दर्जन गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

- बनारपुर खिलाफतपुर मार्ग पर चढ़ा कर्मनाशा का पानी, बनारपुर के मल्लाह टोली में घरों घिरे लोग
- दियारा इलाके में कोईलवर तटबंध तक पहुंचा पानी, एसडीओ ने किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/बक्सर/सिमरी/चौसा**



बक्सर में गंगा खतरे के निशान को पार कर गई है। गंगा के साथ ही उसकी सहायक नदी कर्मनाशा भी उफान पर है। जिस कारण चौसा से लेकर नैनीजोर तक करीब एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ से घिर गए है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित चौसा प्रखंड हुआ है। इस प्रखंड के आधा दर्जन गांव बाढ़ से घिर गए है। कर्मनाशा में आई बाढ़ से चौसा के बनारपुर-खिलाफतपुर मार्ग पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है। इसके अलावे सिकरौल गांव का मार्ग भी अवरूद्ध हो गया है। जबकि चौसा के करीब स्थित बनारपुर के मल्लाह टोली, रोहिनीभान, सोनपा आदि गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इसके अलावे भी कई अन्य गांव बाढ़ की चपेट में आए है। जबकिाच चौसा के साथ ही सदर प्रखंड, हजारों हेक्टेयर खेत भी पानी में डूब गए है। जिससे फसलों के नष्ट होने का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ का पानी यदि जल्दी नहीं उतरा तो किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ेगी।

ग्रामीणों का कहना है कि पानी बढ़ने से लगभग चार दर्जन से ऊपर के कच्चे-पक्के घरों में बाढ़ का पानी समा गया है, इसको लेकर लोगों का जन जीवन प्रभावित हुआ है और उनकी परेशानी बढ़ गई है। गांव के श्यामलाल चौधरी, अक्षयलाल, शुभदयाल चौधरी, नन्दकिशोर, मेडा, रामाशीष, जय प्रकाश, छेदी धोबी, मनौवर व अनवर धोबी, सोनू चौधरी, पुनिलाल, रामबली, रामशंकर, शंकर चौधरी आदि ने बताया की खेतो की फसल डूबने के साथ घरो में पानी समाने से पड़ोसियों के घरो में शरण लेना पड़ा है। जबकि प्रशासनिक महकमे के लोग बाढ़ का मुआयना कर रहे है। लेकिन अभी किसी प्रकार संसाधन या मदद नहीं पहुंचायी गई। वही पानी की अभी रफ्तार तेज होने से सामुदायिक भवन, आंगन बाड़ी केंद्र का परिसर में पानी भरने लगा है। चौसा बीडीओ अशोक कुमार व सीओ डॉ. शोभा ने बाढ़ प्रभावित सिकरौल, बनारपुर आदि गांवों का निरीक्षण किया तथा लोगों को जरूरी एहतियात बरतने की नसीहत दी गई। बीडीओ तथा सीओ ने कहा कि बाढ़ की चुनौती से निपटने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

**दियारा इलाके में बाढ़ के पानी से घिरा एक दर्जन गांव :** गंगा के खतरें के निशान से उपर उठने के साथ ही दियारा इलाके के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। सिमरी, चक्की तथा ब्रह्मपुर प्रखंड के एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ से घिर गए है तथा उनक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। कोईलवर तटबंध तक बाढ़ का पानी आ चुका है। जिस कारण सिमरी प्रखंड का तवक्कल राय का डेरा, रामदास राय के डेरा, श्रीकांत का डेरा, ठगनी के डेरा, दली के डेरा, तिलक राय के हाता, लाल सिंह के डेरा, चक्की प्रखंड का जवही दियर, ब्रह्मपुर प्रखंड के नैनीजोर तथा ढाबी में बाढ़ का पानी लोगों की परेशानी का कारण बन चुका है। इन गांवों का उत्तरी हिस्सा बाढ़ से घिर गए है, वही इन गांवों के दक्षिणी भाग भी बाढ़ की चपेट में आने लगा है। गंगा का जल स्तर बढ़ने से सबसे अधिक ढाबी गांव प्रभावित हुआ है।

**प्रशासन ने उपलब्ध कराए नाव व गोताखोर :** सिमरी प्रखंड में अनुमंडल प्रशासन की तरफ से लोगों की सुविधा के लिए गंगौली के पास आठ छोटी नाव व एक बड़ी नाव के अलावे प्रशिक्षित गोताखोर तथा लाईफ जैकेट की व्यवस्था की गई है, इसके अलावे ब्रह्मपुर के ढाबी में भी दो नाव उपलब्ध कराए गए है। ताकी ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा न हो सकें। वही, दियारे इलाके के सभी एपीएचसी में जरूरी दवाओं के साथ मेडिकल टीम को 24 घंटे उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है।

**कोलिया बसगितिया ताल में भी बढ़ने लगा पानी :** गंगा का जल स्तर बढ़ने से सहायक नदियों में भी पानी बढ़ने लगा है। नया भोजपुर के उत्तरी छोर से बहने वाली कोलिया बसगितिया ताल में पानी बढ़ने लगा है। इस ताल में पानी बढ़ने से सैकड़ो एकड़ में लगी फसल डूब गई है। हालांकि, अभी पानी बहुत कम है, लेकिन सोमवार को पानी जिस रफ्तार से बढ़ रहा था, यदि वही रफ्तार जारी रहा तो मंगलवार को मुकुंदपुर गांव जाने का मार्ग भी अवरूद्ध हो जाएगा। वही, नया भोजपुर डुमरी पथ पर भी दबाव बढ़ जाएगा। कोलिया बसगितिया ताल में पानी बढ़ने से नया भोजपुर तथा पुराना भोजपुर के किसानों में मायूशी हैं। बता दें कि इस ताल में सैकड़ो एकड़ में धान की खेती व मक्के के साथ ही भदया सब्जी की खेती भी बड़े पैमाने पर होती है। पानी बढ़ने से फसल डूबने लगी है। जिस कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है।

**खतरें के निशान से 78 सेमी उपर पहुंचा जल स्तर :** केन्द्रीय जल आयोग ने सोमवार की शाम छह बजे जो रिपोर्ट दी है, उसके अनुसार जल स्तर 60.110 मीटर पर पहुंच गया था, जो खतरे के निशान से 78 सेमी उपर है। वही जल स्तर बढ़ने का रफ्तार तीन सेमी प्रति घंटा है। इसके पहले सुबह आठ बजे जल स्तर दो सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा था, जबकि दोपहर 12 बजे से जल स्तर बढ़ने का रफ्तार 3 सेमी प्रतिघंटा हो गया था।

## डुमरांव एसडीओ ने प्रभावित इलाकों का किया निरीक्षण



सोमवार को डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार ने बाढ़ प्रभावित ब्रह्मपुर प्रखंड के नैनीजोर, ढाबी, चक्की के जवही, सिमरी के गंगौली, रामदास राय के डेरा, श्रीकांत के डेरा, तवक्कल राय के डेरा तथा केशोपुर गांव का निरीक्षण किए। इस दौरान ब्रह्मपुर में कोईलवर तटबंध पर दरार देख एसडीओ काफी नाराज दिखे तथा मातहतों को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिए। वही, उन्होंने सिमरी, चक्की तथा ब्रह्मपुर सीओ व बीडीओ को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इस बात का ख्याल रखा जाए। सिमरी में निरीक्षण के दौरान स्थानीय सीओ भगवती शंकर पांडेय मौजूद थे।

## बक्सर में डूबे गंगा घाट, प्रशासन ने गंगा स्नान व नौका परिचालन पर लगाई रोक



वहीं दूसरी तरफ बक्सर में गंगा का रौद्र रूप जारी है। सोमवार की शाम केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पानी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया था तथा जल स्तर बढ़ने का रफ्तार तीन सेमी प्रति घंटा था। बक्सर में रामरेखा घाट स्थित विवाह मंडप के अलावे मरीन ड्राइव भी डूब गया है। रामरेखा घाट, जहाज घाट, सुमेश्वर स्थान घाट, नाथ बाबा घाट आदि घाटों की सीढ़िया भी डूब गई है।

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर सदर एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा ने लोगों को गंगा स्नान करने तथा गंगा के तट पर जाने से रोक लगा दिया है। जबकि नौकाओं का परिचालन भी रोक दिया गया है। एहतियात के तौर पर सरकारी नावों का परिचालन कराया जा रहा है। इस दौरान घाटों पर प्रशिक्षित गोताखोरों को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन की मानें तो यदि पानी का बढ़ना जारी रहा तो एसडीआरएफ की तैनाती भी की जाएगी। गंगा का जल स्तर लगातार बढ़ने से तटीय इलाके के लोगों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, अभी भी वर्ष 2013 में आई भयंकर बाढ़ से गंगा का जल स्तर काफी नीचे है। लेकिन, लगातार पानी बढ़ने से लोगों की चिंता भी बढ़ने लगी है।

### जिले में बाढ़ के हालात पर एक नजर...



चौसा के सिकरौल गांव के मुख्य मार्ग पर चढ़ा कर्मनाशा का पानी।



चौसा में बाढ़ का पानी निरीक्षण करते बीडीओ व सीओ



बाढ़ का पानी चढ़ने के बाद जनेश्वर सेतु मार्ग पर प्रशासन ने लगाया बैरिकेडिंग।

## चौसा में गंगा किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा बाजार घाट के पास गंगा किनारे एक युवक का शव मिला। जो पैंट व टी-शर्ट पहने हुए था। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष होगी। इसकी जानकारी मछुआरों ने ग्रामीणों को दी। जहां देखते-देखते लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग शव की पहचान करने की कोशिश की गई। लेकिन, उसकी पहचान नही हो पाई। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, जबकि पुलिस ने एसएफएल टीम को भी बुलाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गंगा में तेजी से पानी वृद्धि हो रही है। इसी को लेकर नौका बांधे मछुवारे अपनी नौका किनारे लगाने के लिए पहुंचे थे। किसी मछुवारों की नजर घास-फूंस व झाड़ों के बीच पानी मे डूबे शव को देखा। इसकी चर्चा आपस मे की। इसके बाद धीरे-धीरे चर्चा गांव में पहुंची। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सभी लोग शव को पहचान कर रहे थे। लेकिन, शव की पहचान नही हो पाई। मछुवारों द्वारा बताया गया कि गंगा में आई बाढ़ में पानी के तेज बहाव में कही से शव बहकर आ गया है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंच शव की पहचान कराने लगी। हालांकि, युवक का शव हाल ही का था। पुलिस के लिए यह गुत्थी युवक की मौत हत्या से या पानी मे डूबने से हुई है। इसके लिए पुलिस द्वारा एफएसएल की टीम बुलाई गई। जहा एफएसएल टीम के जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया चौसा बाजार घाट स्थित गंगा में एक शव मिलने की सूचना मिली थी। पहचान नहीं होने के बाद एफएसएल टीम को बुलाया गया। जहा जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया।



### जख्मी टायर व्यवसायी पटना रेफर, हालत स्थिर

**डुमरांव।** रविवार को घरेलू विवाद में आत्महत्या की नियत से धारदार हथियार से गला रेतने वाले टायर व्यवसायी मो. खुर्शीद को बक्सर के निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया है। पटना में उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो घटना के बाद से परिजन कुछ बताने से परहेज कर रहे है। वैसे सूत्रों का कहना है कि वह पिछले तीन चार दिनों से परेशान चल रहा था। इसी बीच रविवार की सुबह पकवा इनार स्थित अपने टायर के दुकान में उसने धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया था। उसके शरीर से अधिक खून निकलने के कारण उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हालांकि, घटना के बाद से परिजन तत्परता से उसका इलाज करवा रहे है। घटना को ले आस पास में कई तरह की चचाएं हो रही है।

## कंटेनर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, पति पत्नी जख्मी

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर-आरा नेशनल हाई-वे पर नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर में सोमवार की सुबह एक कंटेनर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिसमें ई-रिक्शा पर सवार पति पत्नी जख्मी हो गए। हालांकि, हादसे में पति को मामूली चोटें आई, लेकिन महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल से लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार दल बल के साथ पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए फौरन अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके पति का इलाज शुरू किया। जख्मी व्यक्ति जिला मुख्यालय अंतर्गत पानी टंकी मोहल्ले के निवासी अरविंद प्रसाद और उनकी पत्नी कोमल देवी बताए जा रहे हैं।

घटना के संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि अरविंद बक्सर में ई रिक्शा चलाते हैं, वहीं उनकी पत्नी रामरेखा घाट के समीप स्थित एमपी हाई स्कूल के पास भुट्टा बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। सोमवार को अरविंद अपनी पत्नी को ई रिक्शा से लेकर नया भोजपुर मंडी आए हुए थे। जहां उन्होंने भुट्टे की खरीदारी की और उसे ई-रिक्शा पर लोड किया। जिसके बाद वो दोनों बक्सर के लिए रवाना हो गए। लेकिन फ्लाई ओवर पार करके जैसे ही वो पुराना भोजपुर पहुंचे, पीछे से एक कंटेनर ने उनकी ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गई। इस दुर्घटना से ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, अरविंद को मामूली चोट आई, लेकिन उनकी पत्नी कोमल को सिर में चोट लगने से वो गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

**थानाध्यक्ष ने महिला को कराया भर्ती :** सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और कंटेनर को जब्त कर थाने भेजा। वहीं, गंभीर रूप से जख्मी कोमल देवी व उनके पति अरविंद को अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। वहीं, इस घटना के बाद पुलिस की तत्परता और सक्रियता देख स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की। मौके पर मौजूद पप्पू राय ने बताया कि यदि थानाध्यक्ष समय पर आकर महिला को अस्पताल लेकर नहीं जाते तो शायद उसकी जान चली जाती। इस घटना में थानाध्यक्ष की तत्परता से ही महिला की जान बच सकी। वहीं, थानाध्यक्ष ने कहा कि महिला की जान बचाना उनकी ड्यूटी थी। उन्होंने लोगों से ऐसे हादसों में पीड़ितों की तत्काल मदद करने की अपील की।

### डीडीसी ने किया केशोपुर जलशोध संस्थान का निरीक्षण, जिले के 214 वार्ड में गंगाजल सप्लाई शुरू

# 37 हजार घरों में पहुंचेगा गंगाजल, 2.25 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

- दो सौ करोड़ की लागत से केशोपुर में बनकर तैयार हुआ जलशोध संस्थान

**केटी न्यूज/बक्सर**



आर्सेनिक से निजात दिलाने के लिए केशोपुर में जल शोध संस्थान बनकर तैयार हो गया है। जल शोध संस्थान से गंगाजल की सप्लाई का ट्रायल चल रहा है। सोमवार को उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल ने केशोपुर जलशोध संस्थान से गंगाजल सप्लाई के ट्रायल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सप्लाई का लीकेज तथा गंगा के बढ़े जलस्तर से जल शोध संस्थान पर पढ़ने वाले प्रभाव की विधिवत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि ट्रायल के दौरान जिले के 214 वार्ड में गंगाजल की सप्लाई शुरू कर दी गई है। इसमें बक्सर प्रखंड का वह 25 वार्ड भी शामिल है जिसमें गंगाजल सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केशोपुर स्थित जल शोध संस्थान का ट्रायल बेहद सफल रहा है तथा लीकेज का स्तर नाम मात्र का रह गया है। गंगा के बढ़े जलस्तर के बावजूद कोई तकनीकी प्रॉब्लम नहीं आना बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जिले के लोगों को गंगाजल पीने के लिए उपलब्ध होगा।

37 हजार घरों के सवा दो लाख लोग होंगे लाभान्वित रू केशोपुर स्थित जलशोध संस्थान से होने वाले गंगाजल सप्लाई का लाभ 37 हजार घरों को मिलेगा। इससे जिले के सवा दो लाख लोग लाभान्वित होंगे। यह संस्थान कितना बड़ा है इसका अंदाजा सिर्फ इस बात से लगाया जा सकता है कि जल शोध संस्थान के संचालन में प्रतिमा बिजली का बिल 8 से 10 लख रुपए आएगा।

### लोगों को मिलेगा आर्सेनिक से निजात

केशोपुर जलशोध संस्थान का निरीक्षण करने गए डीडीसी इस बात को लेकर बेहद उत्साहित थे कि जिले के लोगों को आर्सेनिक के जहर से निजात मिलेगा। खुशी मन से उन्होंने बताया कि आर्सेनिक युक्त पानी से मुक्ति मिलेगी तो जिले के लोगों का औसत आयु में 10 वर्ष की वृद्धि होना संभव है। आर्सेनिक के प्रभाव से पेट, चर्म तथा कैंसर जैसी घातक बीमारियों के प्रभाव से लोग घिरे हैं। उन्होंने बताया कि जलशोध के सफल ट्रायल से आर्सेनिक से निजात मिलने की उम्मीद काफी बढ़ गई है।

डीडीसी ने बताया कि ट्रायल के पहले चरण में जल शोध संस्थान से गंगाजल की सप्लाई पूरी तरह सही एवं सुरक्षित है। जिले के लोगों को बहुत जल्द इसका लाभ मिलेगा।

“ केशोपुर स्थित जल शोध संस्थान का निरीक्षण सोमवार को किया गया है। संस्थान से गंगाजल का सप्लाई का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। लीकेज तथा तकनीकी प्रॉब्लम नहीं है। जिले के लोगों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों बहुत जल्द जल शोध संस्थान का उद्घाटन किया जाएगा।

**- डॉ. महेंद्र पाल**
**डीडीसी, बक्सर**

## केसठ में अर्धनिर्मित शराब को किया विनष्ट

**केसठ।** नावानगर पुलिस ने केसठ के विभिन्न अनुसूचित जाति बस्ती में शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को देख सभी शराब कारोबारी अपने अपने घरों से फरार हो गए। पुलिस ने बस्ती में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान शराब बनाने वाले उपकरण केन, टीन आदि को तोड़ फोड़ दिए तथा मौके से मिले करीब 1500 लीटर अर्द्ध निर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट कर दिया। इस संबंध में नावानगर थाना अध्यक्ष डॉ. नंदू कुमार ने बताया कि सोमवार को नावानगर पुलिस के द्वारा की गई छापेमारी में करीब 1500 लीटर अर्द्ध निर्मित जावा को विनष्ट किया गया है।



## सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा के नारों से गूंजती रही सदाएं

# जश्न-ए-मिलादु नबी पर मस्जिद आदि जगहों पर खूब चला मजलिसों का दौर

◆ हजरत मोहम्मद साहब की योमे पैदाइश पर नगर समेत ग्रामीण इलाके में भाईचारे का सन्देश लेकर निकला मोहम्मदिया जुलूस

**केटी न्यूज/बक्सर**

सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, अमन व शांति का संदेश वाहक इस्लाम के नुमाइंदे पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब की यौमे पैदाइस सह जश्न ईद मिलादुन्नबी पर सोमवार को नगर समेत ग्रामीण इलाकों में मोहम्मदिया जुलुस निकाली गई। इस दौरान लोग अपने हाथो में मजहबी झंडे के साथ तिरंगे जुलुस लहराये। जहां लोगों ने जश्न ए मिलाद नबी पर खुशियां जताईं वहीं जुलुस के माध्यम से अमन व शांति का संदेश दिया, तथा मुस्लिम समाज के लोगों ने हजरत मुहम्मद साहब के उपदेशों की जानकारी दी।

जुलूस में शामिल लोगों ने बताया कि हम जिनकी पैदाइश में खुशी मना रहे हैं। उन्होंने पूरी मानवता के लिए पैगाम दिया है उसको आम करना व लोगों तक पहुंचाना है। इस्लाम धर्म इस बात की वकालत करता है कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत है। नबी की पैदाइश के बाद तमाम गलत रस्मों व समाज में होने वाले ऊंच-नीच के फर्क को मिटाया गया इन लोगों ने बताया कि जब इस दुनिया में नबी तशरीफ लाएं तो उन्होंने बताया है कि यह जिंदगी अनमोल है अल्लाह की दी हुई है इसको किस तरीके से गुजारा जाए इसके तमाम तरीके बतलाएं साथ ही बड़े बुजुर्गों का अदब करना, गरीबों का हक दिलाना तमाम अच्छे काम करना जिंदगी का अहम पहलू है।



### जुलूस में शामिल हुए नया भोजपुर के भी लोग...



**डुमरांव।** मिलाद उल नबी के मौके पर डुमरांव में निकले जुलूस में नया भोजपुर से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नया भोजपुर निवासी व आदमे हिन्द के संस्थापक अध्यक्ष दिलकश भोजपुरी उर्फ गुड्डु खां के नेतृत्व में दर्जनों युवा इस जुलूस में शामिल हुए। उनके साथ जुलूस में शामिल होने वालों में हयात मोहम्मद, जसीम खां, दिलशाद अहमद, डॉ. मंटू, काजी सद्दाम, मो. अरजू अंसारी, मो, मुन्ना इदरीशी, मो, सज्जाद अली हासमी, मो. जलील इदरीशी, मो. सद्दाम अंसारी, नसीर जमाल, धन्नू शेख आदि शामिल थे।

वही जश्न ए मिलादुनबी के मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में मजलिसे की गई। जहा अकीदतमंदों ने दरूद ओ सलाम का नजराना पेश किया। वहीं उलेमाओ ने रसूल की सुन्नतों पर अमल करने की नसीहत दी। साथ ही भाईचारा कायम करने को इंसानियत का पैगाम भी दिया।

खानकाही मस्जिद के इमाम मौलाना मुख्तार आलम ने कहा कि अल्लाह के नबी की सुन्नतों पर अमल करना, आप से सच्ची मोहब्बत का सबूत होगा। नबी-ए-करीम की सीरत पर अमल करने से मुसलमानों को दोनों जहा में कामयाबी मिलेगी। वही बताया कि इस्लाम अमन का मजहब है। इसमें दहशतगर्दी की कोई जगह नहीं है। दुनिया में इस्लाम तलवार से नहीं इंसानियत के पैगाम से फैला है। वहीं अकीदतमंदों ने पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में नातिया कलाम पेश किया। जिसे सुनकर लोग झूम उठे।

इस दौरान बक्सर की सड़कों पर भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए। कचहरी मस्जिद के इमाम मौलाना ने बताया कि मोहम्मद साहब का जन्म लगभग 570 ईस्वी में मक्का शहर में हुआ था। इस्लाम के संस्थापक और कुरान के प्रचारक मोहम्मद साहब ने 6 वर्ष की उम्र में अपने माता-पिता को खो दिया और उनके दादा की मृत्यु के बाद उनके चाचा ने उनका पालन-पोषण किया। वर्ष 610 में, जब वे 40 वर्ष के थे, उन्हें गुफा में देवदूत जिब्रील अलैहिस्सलाम ने दर्शन दिए और उन्हें अल्लाह के नबी के रूप में चुने जाने की सूचना दी।

### जुलूस निकाल मुस्लिम समुदाय ने मांगी अमन-चैन की दुआ

**डुमरांव।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मजहबी नारों के साथ काफिला निकाला। काफिले में रंग-बिरंगे परिधानों में शामिल बच्चे, बूढ़े, युवा सभी उत्सवी माहौल में नजर आये। नूरे इस्लाम कमिटी तकिया मोहल्ला के अलावे कई अन्य कमिटियों द्वारा आयोजित काफिला शहर के पुराना थाना रोड, जंगल बाजार, चौक रोड, गोला रोड, स्टेशन रोड से गुजरते हुए मस्जिद पर पहुंच कर समाप्त हुआ। भाईचारे के तहजीब को पेश करते हुए काफिला में शामिल सभी लोग गगनभेदी मजहबी नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। काफिला में शामिल छोटे-बड़े मजहबी झंडे और रंग-बिरंगी पगड़िया आकर्षण का केंद्र बना था। सुरक्षा को लेकर काफिला के अलावे जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

कमिटी के मो डम्पी हाशमी, समीर हाशमी, शहजाद हाशमी, गुड्डू, आफताब, मंजूर आदि ने बताया कि यह उत्सव संपूर्ण मानवता को एकता के सूत्र में बांधने का सीख देता है। काफिला में शामिल होना सबसे बड़ा नेकी होता है। हजरत साहब के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया गया और अमन-चौन की दुआ मांगी गयी। इस्लाम शांति का पैगाम देता है। मौके पर मोख्तार, अफजल, इम्तियाज, जुनैद, राजा बाबु, महमूद, शाहनवाज, फिरोज, समीर, इमरान सहित अन्य शामिल थे। वहीं जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीडीओ संदीप पांडेय, नप के इओ मनीष कुमार, थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित अन्य अधिकारी निगरानी करते रहे।

## एक नजर

### दुनिया मोदी के नेतृत्व में भारत का नवनिर्माण देख रही है : हरि साहनी



**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नगर के अहिरौली में मां अहिल्या घाट के प्रांगण में सदस्यता अभियान चलाया गया। जहां सदस्यता को लेकर विशेष तौर पर एक सभा की गई. जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग मंत्री हरि साहनी, एनडीए के पूर्व लोकसभा प्रत्यासी व भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, लोकसभा प्रभारी हिमांशू चतुर्वेदी, पूर्व जिला महामंत्री आदित्य चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विवेक चौधरी एवं संचालन मनोज गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बिहार सरकार के मंत्री हरि साहनी ने कहा कि दुनिया के लोग आज भारत की तरफ व मोदी जी की तरफ देख रहे हैं। दुनिया के लोग जब भारत आते हैं तो कहते हैं भारत बदल रहा है। वह देखते हैं भारत का कायाकल्प हो रहा है. दुनिया भारत का नवनिर्माण देख रही है। विदेशों में रहने वाले भारतीय आज गर्व करते हैं. हमारे गांव के लोगों को विदेशों में आज सम्मान मिल रहा है। भारत डिजिटल ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड बना रहा है। उपस्थित सदस्यों में अरुण गुप्ता, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री मनोज गुप्ता, नगर अध्यक्ष रुपेश चौरसिया नगर महामंत्री बसंत कुमार, सुरेश गुप्ता, अरुण सिंह, अमर जायसवाल, सुमन श्रीवास्तव नीतीश मिश्रा, मछुआ समिति के सचिव रामजी माझी, नागेंद्र माझी, रंजन मांझी समेत अन्ये शामिल रहे।

### अभियंत्रण कॉलेज में पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न, दूसरे चरण की 20 से होगी शुरू

**बक्सर।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 14 से 16 सितंबर तक बीसीइसीइ के आधार पर प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कर ली गयी। इस दौरान छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यह जानकारी कॉलेज की ओर से जारी की गयी है। जिसमें कहा गया है कि अपनी गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के लिए प्रसिद्ध यह महाविद्यालय पांच प्रमुख इंजीनियरिंग विषयों में प्रवेश की पेशकश कर रहा है। कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नरेश राय ने कहा कि यह प्रवेश प्रक्रिया छात्रों के लिए एक नए और महत्वपूर्ण शैक्षणिक अध्याय की शुरूआत है। प्राचार्य ने सभी छात्रों को अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रवेश प्रक्रिया सहायक प्राध्यापक सुष्मिता रानी लाल की कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान उन छात्रों को नामांकन का अवसर दिया गया जिनका नाम बीसीइसीइ-2024 की मेधा सूची में शामिल था। छात्रों और उनके अभिभावकों को प्रवेश के सभी चरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असमंजस न हो। नामांकन के दौरान चयनित छात्रों ने बड़ी उत्सुकता के साथ इस नए शैक्षणिक सफर की शुरूआत की। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 20 से 22 सितंबर 2024 को आयोजित होनी है।

### प्रो राम नरेश राय बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित

**बक्सर।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के प्राचार्य प्रो राम नरेश राय को 2024 का बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रो राम को टेक्निकल एजुकेशन एवं रिसर्च के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन (बिहार एंड झारखंड) द्वारा एमआइटी मुजफ़्फ़रपुर आयोजित रोल में एक्रेडिटेशन इन टेक्निकल एजुकेशन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदान की गई है। प्रो राय की इस उपलब्धि पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में एवं छात्रों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर प्रो राय ने अपने अनुभवों को साझा किया व तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में रिसर्च के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षको को रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्ट अप व एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित किया।

### बोरिंग चालू होने का पांच साल से इंतजार कर रहे किसान

**डुमरांव।** किसानों के सिंचाई के लिए पुरानाभोजपुर में पांच साल पहले बोरिंग लगा था, लेकिन किसान इंतजार करते रह गए, चालू नहीं हुआ। बोरिंग के चालू नहीं होने से 50 एकड़ जमीन का पटवन बाधित है। किसान अपनी खड़ी फसल को बचाने के लिए पानी खरीद कर पटवन करते हैं। बोरिंग चालू नहीं होने से उनकी आशाओं पर पानी फिर गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानाभोजपुर में डुमरांव महाराज के बड़ाबाग के चाहरदीवारी होकर जो रोड जाता है, उसी के आगे किसानों के खेत हैं। खेतों के पटवन के लिए सरकारी बोरिंग लगाया गया था। बोरिंग जब लग रहा था तो किसानों को खुशी का ठिकाना नहीं था, लेकिन बोरिंग के चालू होने का सभी इंतजार करते रहे गए। बोरिंग चालू नहीं होने से किसानों में काफी नाराजगी है। बता दें की किसानों की मांग पर सरकारी बोरिंग का कार्य पांच साल पहले शुरू हुआ था। बोरिंग लग भी गया, लेकिन चालू नहीं हो पाया। किसान आजतक नहीं समझ पाये हैं कि बोरिंग लगने के बाद उसके लिए कक्ष भी बना दिया गया और फाटक भी लग गया, लेकिन उसमें जो ताला लटका वह आजतक नहीं खुला। किसानों का कहना है कि बोरिंग चालू होता तो किसानों की फसल बचती और उनका मेहनत का फायदा भी मिलता।

# सर्वेक्षण में विभागीय अनियमितता का हो रहा उजागर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय अंचल क्षेत्र में जमीन का विशेष सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया है। जमीन के मालिक सरकारी दस्तावेज खंगालने और सहजने में लग गए हैं। इस दौरान अंचल कार्यालय के कारनामें भी खुलकर सामने आने लगे हैं। कहीं खेसरा में अंतर, कहीं रजिस्टर टू व जमीन की रकबा में अंतर, कहीं दाखिल-खारिज व रसीद कटने के बाद भी जमाबंदी में विक्रेता के नाम में अंतर मिल रहा है। ऐसे कारनामें से जमीन के मालिक परेशान हैं। इसी तरह का मामला डुमरांव अंचल के हथेलीपुर मठिया से निकल कर सामने आया है। हथेलीपुर मठिया निवासी व रसूलपुर मौजा के दर्जनभर जमीन मालिक इससे पीड़ित हैं। पीड़ित राजेन्द्र पांडेय, बाबूलाल भारती, श्यामसुंदर पांडेय, भोला यादव दिनेश कुमार, गुलाब भारती, कामेश्वर गोस्वामी, हरेराम भारती, जगनारायण भारती, राधेश्याम पांडेय ने बताया की नयाभोजपुर निवासी भू-स्वामी अब्दुल रसीद से रसूलपुर मौजा में मौजूद कुल करीब छह एकड़ जमीन वर्षों पहले खरीदी थी। खरीदी गई जमीन के दाखिल-खारिज के बाद रसीद भी कट गया। वहीं विशेष भूमि सर्वेक्षण के जारी प्रक्रिया के दौरान अचंल कार्यालय के जमाबंदी व रजिस्टर टू खंगालने के बाद मामला कुछ अलग ही नजर आया। अबतक ऑनलाइन जमाबंदी में जमीन विक्रेता का नाम दर्शा रहा है। पीड़ित जमीन मालिकों ने बताया कि रजिस्टर टू जमाबंदी के अलावे रकबा में अंतर पाए जाने के आलोक में सीओ को नाम सुधारवाने का आवेदन दिया गया। आवेदन देने के एक माह बित जाने के बाद भी रजिस्टर टू व ऑनलाइन जमाबंदी सुधार नहीं किया गया है। अंचल के गड़बड़ी के कारण उनके जमीन पर दलालों की नजर लगी हुई है। इस बाबत सीओ शमन प्रकाश ने कहा कि कथित परेशान रैयतों से प्राप्त आवेदन के आलोक में इस दिशा में समस्या का निदान किया जाएगा।




# पांच दिन में ग्राहकों के पैसा का भुगतान नहीं हुआ तो दर्ज होगा केस

◆ थानाध्यक्ष ने जमाकताओं तथा पैक्स प्रबंधन के साथ की बैठक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर स्थित भोजपुर जदीद पैक्स संचालित बैंक में जमाकताओं का बकाया राशि का भुगतान की उम्मीद बढ़ गई है। सोमवार को नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने जमाकताओं से प्राप्त आवेदन पर जमाकताओं तथा बैंक प्रबंधन के साथ बैठक की। बैठक में पैक्स अध्यक्ष मेराज खान, बैंक प्रबंधक सेराज कुरैशी, बैंक के दोनों अभिकर्ता तथा बैंक के जमाकर्ता उपस्थित थे।

थानाध्यक्ष ने बैंक प्रबंधन को साफ शब्दों में निर्देश दे दिया है कि जमाकताओं का परिपक्वता राशि का भुगतान शीघ्र नहीं हुआ तो इस मामले में निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बैंक प्रबंधन से स्पष्ट कर दिया कि जमाकताओं के शिकायत का अवलोकन किया जा रहा है। बैंक प्रबंधन को चाहिए कि उनकी राशि लौटा दी जाए। पैक्स अध्यक्ष मेराज खान ने थानाध्यक्ष तथा जमाकताओं को आश्वस्त किया कि अगले पांच दिनों में बकाया राशि के भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बैंक के सभी लोनधारकों को नोटिस निर्गत किया जा रहा है। लंबे समय से बैंक की राशि लेकर बैठने वाले अगर निर्धारित समय में पैसा नहीं देंगे तो बैंक प्रबंधन ऐसे लोनधारकों के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज कराएगा। वैसे कुछ लोनधारक बहुत जल्द पैसा देने का वचन दिए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि लोन राशि से प्राप्त पैसे से जमाकताओं का बकाया पैसे का भुगतान किया जाएगा। जमाकताओं का पैसा एकमुश्त देना संभव नहीं होगा। ऐसे में दो-तीन किस्तों में करके बकाया पैसा का भुगतान किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया पैक्स द्वारा संचालित बैंक की व्यवस्था को अपने हाथ में लेकर व्यवस्था सुधारने का प्रयास जारी है। उन्होंने जमाकताओं से धैर्य पूर्वक सहयोग करने का अपील किया है।






### अनंत चतुर्दशी व भगवान विश्वकर्मा की पूजा आज, भक्तों ने पूरी की तैयारी

# बाजारों में खरीदारों की देर शाम तक उमड़ी रही भीड़

◆ भगवान विष्णु और श्रृष्टि निर्माता विश्वकर्मा के एक साथ आने का बना दुर्लभ संयोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा पूजा का पर्व एक ही दिन 17 सितंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। इन पर्वों की खरीदारी को लेकर डुमरांव के मंडी में सोमवार की शाम तक भक्तों की भीड़ पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर उमड़ी रही। भक्त चुनरी, माला, तस्वीर, फल, फूल, अनंत रक्षा सूत्र सहित अन्य सामानों की खरीदारी करते रहे। इस वर्ष भगवान विश्वकर्मा पूजा रवि योग में 17 सितंबर को है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा को कई प्रकार के अस्त्र-शस्त्र से सुशोभित किया जाएगा और पूजा-अर्चना की जाएगी।



लोग अपने ऑफिस, कारखानों, मशीनों, औजारों और वाहनों की भी पूजा करेंगे। इससे जीवन में सुख-समृद्धि, व्यापार में उन्नति आदि का शुभ फल प्राप्त होगा। आचार्य विंध्याचल ओझा ने बताया कि इस दिन रवि योग का निर्माण हो रहा है और इस योग में पूजा करने से सभी कार्यों में तरक्की मिलेगी। भगवान विष्णु और शिल्पकार विश्वकर्मा के एक साथ आने का संयोग बहुत ही दुर्लभ होगा। साथ ही अनंत चतुर्दशी होने से इस दिन का महत्व कई गुणा अधिक हो जाएगा। भगवान विश्वकर्मा देव लोक के वास्तुकार और शिल्पकार हैं। शास्त्रों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने भगवान शिव का त्रिशूल और विष्णु जी का सुदर्शन चक्र बनाया था। इसलिए इस दिन शस्त्रों की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं दूसरी ओर अनंत चतुर्थी का व्रत भी मंगलवार को ही मनाया जाएगा। यह व्रत भगवान विष्णु के अनंत स्वरूपों को समर्पित है। हर साल यह व्रत भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाया जाता है। अनंत चतुर्दशी पर भगवान नारायण के अनंत रूप की पूजा की जाती है, जिनका न आदि है न हो अंत है अथर्वात वे स्वयं श्री हरि भगवान विष्णु हैं, इसलिए इस चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है। आचार्य ने कहा कि इस व्रत को करने मात्र से भगवान विष्णु की कृपा मिलती है। साथ ही जीवन की सभी समस्याओं का अंत होता है। इस व्रत का संकल्प लेकर अनंत सूत्र बांधा जाता है। इस सूत्र को धारण करने से सभी संकटों का नाश होता है।

# वाणावर में अनंत चतुर्दशी मेले के पहले दिन 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

- मेला को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, एसपी ने लिया जायजा
- मंदिर के मुख्य द्वार पर ही अर्घा लगने से श्रद्धालु नाराज



केटी न्यूज/जहानाबाद

सोमवार को जिले के ऐतिहासिक, मगध का हिमालय के नाम से मशहूर वाणावर पहाड़ में अनन्त चतुर्दशी मेला शुरू हो गया। मेला के पहले दिन 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया, इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रवंध किये गए है। पहाड़ी इलाका में चारो तरफ पुलिस के जवान तैनात किए गए है। पहाड़ी इलाका के गऊघाट, हथियाबोर ,पाताल गंगा ,मंदिर मार्ग ,मंदिर परिसर में काफी संख्या में पुलिस बल के जवान की तैनाती की गई है।

वहीं, जिले के एसपी अरविंद प्रताप सिंह मेला परिसर का जायजा लिया ।श्रद्धालु पहाड़ी इलाका में बने जलस्त्रोत से स्नान कर पहाड़ के कठिन रास्ते से होते हुए मंदिर पहुचे ,जहा मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे अर्घा सिस्टम में जलाभिषेक किया। मंदिर के महंथ अभिमन्यु नाथ भारती ने बताया की मेला के पहले दिन 20 हजार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। उन्होंने बताया मेला तीन दिनों तक चलेगा ,जो बुधवार को खत्म होगा।

## श्रद्धालुओं में प्रशासन के प्रति दिखी नाराजगी

वाणावर स्थित बाबा सिद्धनाथ में जिला प्रशासन के निर्देश पर मंदिर के मुख्य द्वार पर अर्घा सिस्टम लगा दिया गया है।जिससे मंदिर पहुचे श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ का दर्शन नही हो पाता है। मंदिर पहुचे श्रद्धालुओं को मुख्य द्वार पर ही अर्घा में जलाभिषेक करना पड़ता है। वही श्रद्धालु बाबा का नेत्र दर्शन भी नही कर पाते है। जिससे सोमवारी श्रद्धालुओं में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। सोमवारी श्रद्धालुओं का कहना है। हम लोग सालों सोमवारी दर्शन, जलाभिषेक करते है। लेकिन मेला के दौरान मुख्य द्वार कही भी अर्घा लगा नही देखे है। सोमवारी श्रद्धालुओं ने बताया कि बिहार के बाहर देवघर ,काशी समेत कई प्राचीन शिव मंदिर में अर्घा लगा हुआ है। सभी मंदिरों में गर्वगृह के द्वार पर अर्घा लगा होता है। जिससे श्रद्धालु जलाभिषेक करते हुए दर्शन भोलेनाथ का करते है।लेकिन इस वर्ष श्रावणी मेला से ही जिला प्रशासन मुख्य द्वार पर अर्घा सिस्टम बहाल किया है। जिससे कोई भी श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का दर्शन नही कर पाते है। सोमवारी श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी से मंदिर के गर्वगृह के मुख्य द्वार पर अर्घा लगाने की मांग किया है।

## एक नजर

### पूर्व आईपीएस वैभव ने नि:शुल्क पाठशाला के संचालक को किया सम्मानित




**तिलौथू।** लेट्स इंस्पायर बिहार के प्रणेता आईपीएस विकास वैभव आईजी एवम बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन सासाराम रोहतास के द्वारा उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। ज्ञात हो की सत्यानंद के द्वारा तिलौथू के स्लम एरिया के सैकड़ों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ सभी प्रकार के पाठ्य सामग्री दी जाती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के दर्जनों संगठनों से जुड़े हुए सत्यानंद कुमार विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा का कार्य करते रहते हैं। पत्रकारिता क्षेत्र में सच व सत्य लिखने वाले एवं समाज को सही दिशा में युवाओं को प्रेरित करने में भी इनका विशेष योगदान है। उनके उत्कृष्ट कार्य, समाज सेवा, पत्रकारिता, स्वक्ष राजनीतिक के प्रभाव से सोशल मीडिया पर इनके मिलियन फॉलोअर है।

### भोजन वितरण व पौधरोपण कर युवा क्रांति रोटी बैंक ने मनाया अभियंता दिवस



**छपरा।** अभियन्ता दिवस के अवसर पर युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई. विजय राज ने भोजन वितरण और पौधारोपण कर अभियंता दिवस मनाया।रोटी बैंक द्वारा छपरा शहर को हरा-भरा बनाने के संकल्प और सोच लेकर लगातार छपरा शहर में पौधारोपण किया जा रहा है।संस्थापक ई. विजय राज ने कहा एक इंजीनियर होना अपने आप में गर्व की बात है।सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर अभियंता दिवस मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया ने भारतीय अभियंत्रण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान से राष्ट्र निर्माण और विकास में अमूल्य सहयोग दिया है।उन्होंने कई डैम्स और जल प्रबंधन प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व किया। उनके महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में कर्नाटक के कृष्णराज सागर डैम का निर्माण प्रमुख है। उन्होंने औद्योगिकीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके चलते उन्हें 1955 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यभारत रत्न से नवाजा गया।इस अवसर पर ई.विजय राज, ई.राशीद रिजवी, ई.रिजवान फातमी ने छपरा जंक्शन परिसर में पौधारोपण किया।राशिद रिजवी ने कहा कि पौधा लगाने का लक्ष्य अब शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में टीम की अहम भूमिका निभा रही है। इस मौके पर प्रतिदिन की तरफ जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया।विवेक सिंह ने कहा कि युवाओं को इसके लिए आगे आना होगा। देश व समाज को बदलने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मौके पर मुख्य रूप से संतोष श्रीवास्तव और विवेक गोलु ,नाजिश छपरावी, सुधीर राज सहित युवा क्रांति रोटी बैंक के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### टीबीटी अवार्ड से सम्मानित हुए शिक्षक




**छपरा।** सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्वतः प्रेरित होकर निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्कृष्टता के आधार पर सारण जिले के दिघवारा प्रखण्ड के मध्य विद्यालय निजामचक की शिक्षिका अंजली कुमारी,अमनौर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमनौर सुल्तान की शिक्षिका रंजू कुमारी,सोनपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय जहांगीरपुर की शिक्षिका अनु , इसुआपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय इसुआपुर की शिक्षिका शोभा कुमारी तथा बनियापुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय छपिया की शिक्षिका प्रतिमा कुमारी सिंह को पुरस्कृत किया गया। टीबीटी अवार्ड समारोह सरकारी विद्यालय के उन शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है,जो साल भर निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों से जुड़कर सही तरीके से बच्चों के भविष्य का निर्माण का कार्य करते हैं। बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित शिक्षकों को रविवार को पटना लॉ कॉलेज के सभागार में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री अवधेश नारायण सिंह सभापति, बिहार विधान परिषद ने किया तथा अन्य विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर के सी सिन्हा, पूर्व कुलपति नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी पटना, बीके चौधरी, निदेशक सीआईडी पटना बिहार, एससीईआरटी के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र सिन्हा तथा अन्य उपस्थित थे।

### मखदुमपुर बाईपास के समीप बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**जहानाबाद।** रविवार की देर रात्रि पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के लड़ोआ बाईपास के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिसमें एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृत युवक पटना सिटी निवासी शशि कुमार बताया जा रहा है। जबकी घायल युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस सहायता वाहन एवं एंबुलेंस के सहयोग से दोनों लोगों को रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित करते हुए दूसरे को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर किया है। वहीं घायल व्यक्ति भी बेहोश रहने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी लड़ोआ बाईपास के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दिया, जिससे दोनों सड़क किनारे गिरे पड़े थे वही बगल से गुजर रहे लोगों ने मखदुमपुर थाने को सूचना दिया एवं मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस सहायता वाहन एवं एंबुलेंस के सहयोग से दोनों को रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया।

### युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने चंद्रभूषण

**छपरा।** सर्व हिंदुस्तानी युवा परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष गड़खा प्रखण्ड के सराय बक्स निवासी चंद्रभूषण कुमार बनाए गए हैं। समाज सेवा में इनकी अलग पहचान है। इस आशय में पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर सिंह ने कहा कि इनका संगठन में जुड़ने से संगठन और तेजी से देश के उत्थान और विकास में कार्य करेगी। इस मौके पर राजीव रंजन, रंजीत कुमार सिंह, नंदकिशोर सिंह, धीरज कुमार, सोनू कुमार, मनोज श्रीवास्तव, सत्येंद्र झा, अजीत कुमार सिंह, सुचन्द्र सिंह, आलोक कुमार सिंह, सारण जिलाध्यक्ष सद्दाम हुसैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर सिंह, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट सोनू सिंह, नेशनल जनरल सेक्रेटरी सागर मिश्रा, नेशनल सेक्रेट्री उमेश सिंह, नेशनल सेक्रेट्री शशांक सिंह बब्लू, मिथुन कुमार आदि ने बधाई दी।

## खबरें फटाफट

### नाद गांव में दो पक्ष के बीच हुई मारपीट

**काराकाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नाद गांव से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि मनोज कुमार चौधरी के पुत्र एवं पुत्री सामुदायिक भवन नाद गांव में स्थित जहां आपस में खेल रहे थे तभी गांव के कुछ मनचले बदमाशों ने लाठी डंडो से पीट दिया है। बताया जाता है कि इस पूरी घटना का विवाद दो दिन पहले के करमा पर्व से उत्पन्न हुआ। जब इस पर्व में लड़कियां अपने भाइयों के लिए उपवास करते हुए सुबह नदी-नहर के किनारे पूजा करने जाती हैं । उस दौरान गांव के कुछ मनचले लड़कों ने कुछ बच्चियों के साथ बदतमीजी करते हुए बोल कसने लगे। तभी सभी लड़कियां अपने परिवारों से इसकी शिकायत की। उसके बाद परिजनों ने विरोध किए जाने पर मौका पाकर उन लोगों ने बच्चियों सहित उनके भाइयों अथवा परिजनों को लहू-लुहान कर दिया। मामले में काराकाट थाने में आवेदन दे कर छह नामजद और दस अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है।

### अभियान चला लोगों को बनाया भाजपा का सदस्य

**आरा।** बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लगातार बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो मे सघन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है,जिसमे महिला,पुरूष सहित सभी मुस्लिम समुदाय के लोग पार्टी की सदस्यता बढ चढ कर ले रहे है। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से 02 अक्टुबर गाँधी जयंती तक भाजपा द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। पीएम के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर सोमवार को बड़हरा विधायक द्वारा कोईलवर प्रखंड के सोनघटा और पचैना राजपुताना शक्तिकेन्द्रो पर शिविर लगा कर वृहत रूप से ऑनलाइन और ऑफलाईन दोनों तरीकों से लोगों को सदस्यता दिलाया गया। उक्त अवसर पर बड़हरा विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। आयुष्मान योजना से दस लाख तक का ईलाज मुफ्त मे सरकार द्वारा दिया जा रहा है। किसानों के लिए सम्मान योजना के तहत छह हजार रूपए दिया जा रहा है। आरके सिंह के काल में जिला का चतुमुर्खी विकास हुआ है। बिजली की कोई समस्या नहीं होती थी, लेकिन आज की स्थिति बदल गया है।

## दुस्साहस: अशोक चक्र की जगह राष्ट्रीय ध्वज में लगाया पाकिस्तानी झंडे का प्रतीक चिन्ह

# कार्रवाई: छपरा के कोपा में राष्ट्रीय ध्वज से छेड़छाड़ के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

- जवीडियो वायरल होने के बाद सारण पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, एसपी के निर्देश पर पुलिस ने की जांच

केटी न्यूज/छपरा

भारतीय तिरंगे के साथ एक समुदाय के लोगों द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह अशोक चक्र की जगह पर दूसरे देश से संबंधित चांद - तारा का प्रतीक चिन्ह लगा दिया गया है। मामला सारण जिले के कोपा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है।

वही इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के दिशा निर्देश में संबंधित कोपा थाने की पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय पुलिस विभाग के अधिकारियों के अनुसार बताया गया है कि मिलाद - उल - नबी के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय झंडा का विडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद जुलूस में शामिल दो युवकों को स्थानीय थाने की पुलिस गिरफ्तार कर लिया है।



**जुलूस के दौरान राष्ट्रीय तिरंगे से की गई छोड़छाड़ :** स्थानीय कोपा थाना क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस के दौरान राष्ट्रीय तिंरगा के साथ छेड़ छाड़ किया गया है। हालांकि आए दिन राज्य सहित दूसरे राज्यों के विभिन्न कई जिलों से इस तरह की खबरें सामने आती रहती है। हालांकि इस बार सारण जिले में एक बार फिर से तिरंगे के साथ छेड़छाड़ से जुड़ी हुई वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज में अशोक चक्र की जगह चांद- तारा लगा दिया गया है। वीडियो वायरल होते ही सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोपा थाना के बगल वाले अन्य थानों की पुलिस सहित सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दल बल ले साथ भेज कर मामले में संयम बरतने जैसे कई महत्वपूर्ण अपील कराई गई है। वहीं इस मामले में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**कोपा नगर परिषद क्षेत्र में निकाला गया था जुलूस :** वायरल वीडियो की बात की जाए तो सारण जिला सहित पूरे राज्य और देश में ईद मीलाद उन- नबी के अवसर पर जिले के कोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र में निकाले गए धार्मिक जुलूस के दौरान लहराए जा रहे तिरंगे में अशोक चक्र की जगह चांद- तारा लगाया गया था। क्योंकि जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग इस चांद तारे वाले तिरंगे को लहराते नजर आ रहे है। वीडियो सामने आने के बाद जिला सहित राज्य मुख्यालय के पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। वही इस मामले में सारण के पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए संबंधित कोपा थाने के थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। हालांकि इस मामले में स्थानीय पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। राष्ट्रीय ध्वज के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ भारतीय ध्वज संहिता- 2002 का खुला उल्लंघन है।

### पिकअप वाहन सहित कथित झंडे को जब्त कर लिया गया है : एसपी



सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि मिलाद- उल- नबी के जुलूस में तथाकथित तिरंगा झंडा फहराने में मामले में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित कथित झंडे को जब्त कर लिया गया है। साथ ही दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसमें शामिल अन्य सभी व्यक्तियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वही आम जनता से अपील है कि शांति बनाए रखें एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा। अमर उजाला भी अपने पाठकों से अनुरोध करता है कि इस तरह के संवेदनशील मामलों में किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से बचें।

## एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने वाटर फॉल में फंसे 11 लोगों को बचाया



केटी न्यूज/कैमूर

जिले के चैनपुर प्रखंड में करकटगढ़ वाटर फॉल में फंसे 11 लोगों को एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की संयुक्त आपरेशन में बचा लिया गया है। बचाए गए सभी लोगों की पहचान कर ली गई है। बचाए गए सभी लोग रोहतास जिले के कोचस थाना के कोचस गांव के रहने वाले हैं।

खबर के अनुसार सभी 11 लोग पिकनिक के लिए करकटगढ वाटर फॉल गए थे। इस बीच सूचना मिली कि वाटर फॉल का जल स्तर बढ़ सकता है।उन्हें समय रहते अवगत भी कराया गया लेकिन जबतक वे अपना सामान समेटते जल का स्तर अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया और वे पानी के तेज धार के बीच फंस गए। जैसे ही इसकी सूचना प्रशासन को मिली, जिलाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर तुरंत त्वरित कार्रवाई की गई और पटना से एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में अस्थाई कंट्रोल रूम का निर्माण किया गया तथा सभी रेस्क्यू ऑपरेशन को संचालित किया गया।जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के बीच बेहतर समन्वय तथा सामंजस्य के कारण कोई भी हताहत नहीं हुआ। देर रात करीब तीन बजे रेस्क्यू आपरेशन शुरू हुआ और सुबह सात बजे तक चला। इस बीच सभी ग्यारह फंसे लोगों को पानी से बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में बचाए गए सभी 11 लोग रोहतास जिले के कोचस के रहने वाले हैं। सभी की पहचान कर ली गई है।

## बाइक सवार तीन युवकों को अनियंत्रित यात्री बस ने रौंदा, दो की मौत; एक जख्मी

- तरैया थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव के समीप की घटना
- बर्थडे पार्टी से लौट रहे तीनों युवक



केटी न्यूज/छपरा

तरैया- मसरख मुख्य सड़क स्टेट हाइवे 73 पर डुमरी छपिया गांव के समीप एक यात्री बस ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रौंद दिया। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। मृत युवकों की पहचान इसुआपुर थाना क्षेत्र के गुणराजपुर गांव निवासी स्व विशुन देव राय का 16 वर्षीय पुत्र राजन कुमार यादव वे केरवा गांव निवासी धर्मनाथ महतो का 20 वर्षीय पुत्र अणु कुमार यादव के रूप में हुई है। जबकि तीसरा अन्य साथी इसुआपुर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव निवासी 18 वर्षीय अंकित कुमार है। जिसका उपचार गंभीर हालत में पटना स्थित पीएमसीएच में चल रहा है। इस संबंध में तरैया थाना के थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए थे। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। तीसरे का उपचार चल रहा है। यात्री बस को जप्त कर थाना लाया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**घटना के बाद घायल अवस्था में सड़क पर तड़पते रहे :** स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार उक्त तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर किसी जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। तभी डुमरी छपिया गांव के बिन टोली के समीप अनियंत्रित यात्री बस के तेज रफ्तार की चपेट में आ गए। जिससे तीनों सड़क पर घायल अवस्था में सड़क पर तड़प रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही तरैया थाने की पुलिस घटना स्थल पहुंच तीनों घायल युवकों को एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल तरैया लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। हालांकि छपरा जाने के दौरान बीच रास्ते में ही राजन नामक युवक की मौत गई। तो सदर अस्पताल छपरा में उपचार के दौरान अणु कुमार की भी मौत हो गई। जबकि तीसरे घायल को सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। जिसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद दोनों मृतकों के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल हो रहा है।

## शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए किया जाता है नियमित टीकाकरण, बोले डीआईओ

# नवजातों को हेपेटाइटिस से बचाने के लिए टीका के सभी डोज जरूरी

- पहले से हेपेटाइटिस पीड़ित गर्भवती महिलाओं पर भी दिया जा रहा है विशेष ध्यान

केटी न्यूज/सासाराम



बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए उन्हें नियमित टीकाकृत किया जाता है, ताकि शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। नियमित टीकाकरण बच्चों में होने वाली गंभीर बीमारी से तो बचता ही है साथ ही शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाता है। कई ऐसी बीमारियां है जो बच्चों के लिए जानलेवा साबित होती है, उन्हीं बीमारियों में से एक है हेपेटाइटिस। बच्चों को हेपेटाइटिस से बचाने के लिए सरकार द्वारा लगातार टीकाकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए बच्चे के जन्म से पूर्व ही गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किया जाता है। खासकर पहले से हेपेटाइटिस पीड़ित गर्भवती महिलाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए समय समय पर प्रसव पूर्व जांच करने की सलाह दी जाती है।

**समय पर टीकाकरण जरूरी :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि यदि गर्भवती महिला हेपेटाइटिस से पीड़ित है तो इसका इलाज कराना जरूरी है नहीं तो इसका असर गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी पड़ सकता है। इसलिए गर्भवती महिला समय समय पर हैपेटाइटिस का जांच करवाती रहें। उन्होंने बताया कि यह बीमारी काफी खतरनाक है क्योंकि यह सीधे लीवर को डैमेज करता है। इसलिए बच्चों के जन्म के 24 घंटे के भीतर पहला हेपेटाइटिस का टीका दिया जाता है। उसके बाद 6 महीने के भीतर तीन और डोज दिए जाते हैं जो की इस बीमारी का पूर्ण प्रतिरक्षण डोज कहा जाता है।

**क्या है हेपेटाइटिस :** हेपेटाइटिस लीवर की सूजन है। यह लीवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है और उसे नष्ट कर सकता है। इस दौरान इस बीमारी से पीड़ित बच्चों की या व्यक्तियों की मृत्यु भी हो सकती है। यदि बच्चों में हेपेटाइटिस के कारणों की बात करें तो हेपेटाइटिस से पीड़ित व्यक्ति के संपर्क में आने से बच्चे हेपेटाइटिस से पीड़ित हो सकते हैं। इसके अलावा भी कई ऐसे कारण है जिससे बच्चे हेपेटाइटिस से पीड़ित हो सकते है।

### बच्चों में हेपेटाइटिस के लक्षण

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आरकेपी साहू ने बताया कि बच्चे में हेपेटाइटिस का अलग-अलग लक्षण देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि कभी-कभी कुछ बच्चों में कोई लक्षण दिखाई नहीं देता है। बच्चों में फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसके अलावा त्वचा या आंखों के सफेद भाग का पीला पड़ जाना, बुखार होना, मितली या उल्टी आना, भूख न लगना, थकावट महसूस करना, पेट में दर्द रहना, जोड़ों में दर्द, त्वचा पर खुजली वाली लाल दाने होना, गहरे रंग का मूत्र होना मुख्यतः हेपेटाइटिस के लक्षण है।

# जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर बलिया के नगर व ग्रामीण क्षेत्र में निकला जुलूस

केटी न्यूज/बलिया

- मुहम्मद साहब के शान में पढ़ा नातिया कलाम
- धूमधाम से मना मुहम्मद साहब का जन्मदिन

हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर सोमवार को जोश-खरोश के साथ नगर से लेकर ग्रामीणांचलों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला। जुलूस में मुहम्मद साहब के जन्मदिन के शान में नातिया कलाम प्रस्तुत करते हुए युवाओं की टोली आगे चल रही थी। इस दौरान बच्चे व युवा हाथ में झंडे थामे नातिया कलाम पर झूमते गाते नारे तकबीर अल्लाहो अकबर का नारा बुलंद करते रहे। एआईएमआईएम पार्टी प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शहर में कार्यक्रम चल रहा था।

जुलूस बहेरी दिमागी चट्टी से निकल कर चिंतू पांडेय चौराहे होते हुए स्टेशन रोड होकर चौक गुदरी बाजार होते हुए शनिचरी मंदिर बड़ी मस्जिद होते हुए पुनः अपने स्थान पर वापस पहुंचा।





इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,पूर्व पूर्वांचल सचिव कालिका प्रसाद,पूर्वांचल सचिव कारी जफर अहमद,जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी,जिला सचिव फरीद अहमद मुराद,,जिला सचिव दीपक यादव,महताब आलम,सपा नेता लक्ष्मण गुप्ता, जमाल आलम, कांग्रेस नेता मोहम्मद शाहिद खान व औसत अली,आजाद समाज पार्टी के नेता सूरज पासवान अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जुलूस का स्वागत किया।

उधर नगर के काजीपुरा, राजेंद्र नगर का जुलूस विशुनीपुर जामा मस्जिद पर पहुंचा, जहां बहेरी, उमजगंज, विशुनीपुर मुहल्ले के जुलूस के साथ मिलान हुआ। इस दौरान शहर कोतवाल योगेंद्र बहादुर सिंह को मुस्लिम बंधुओं द्वारा साफा बांध सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### रील बनाते समय चलती ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, हालत नाजुक

**गाजीपुर।** सुहवल थाना अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी डिवीजन के तहत आने वाला नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल के समीप सोमवार को रील बनाते समय चलती ट्रेन में गिरकर एक 30 वर्षीय युवक गंम्भीर रूप से जख्मी हो गया। नदी के समीप 18 नंबर मेजर रेल ब्रिज के ट्रैक किनारे खून से लथपथ और अचेतावस्था में पडे युवक को देख ग्रामीणों की भीड इकट्ठा हो गई। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को 108 एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत अभी भी गंम्भीर बनी हुई है। वहीं पुलिस रील बनाते समय चलती पैसेंजर ट्रेन से गिरकर घायल युवक के शिनाख्त के प्रयास में लगी है,मगर अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है,वहीं जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने गंम्भीर हालात देख घायल युवक को वाराणसी रेफर कर दिया है। स्थानीय राहगीरों ने बताया कि दिलदारनगर से जौनपुर जा रहे चलती मेमू सवारी गाडी के गेट पर बैठ रील बना रहा युवक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गिर गया, जिसके सर में चोट लगने से वह अचेत हो गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन से गिरकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालात गंम्भीर बनी हुई है। बताया कि उसके शिनाख्त का प्रयास जारी है।



### बस-मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन घायल

**हल्दी, बलिया।** बलिया बैरिया मुख्य मार्ग के हल्दी ढाले पर स्थित स्टेट बैंक शाखा हल्दी की फ्रेंचाइजी के पास सोमवार के दिन लगभग 11 बजे रोडवेज बस और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई जिसमे 03 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस ने जिला अस्पताल भेजवाया। बताया जाता है कि बेलहरी से बलिया जा रहे मोटरसाइकिल सवार शिवम राजभर (18) पुत्र हरेराम राजभर, गीता देवी (38) पत्नि हरेराम राजभर निवासी बेलहरी तथा भीम प्रसाद (62)पुत्र सरल प्रसाद निवासी पचरुखीया घायल हो गए।

### मारपीट के मामले में दो दर्जन से अधिक लोगो पर मुकदमा दर्ज

**हल्दी, बलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के भदौरिया टोला मे शनिवार की रात लगभग साढ़े 09 बजे के आसपास दो पक्षो मे जमकर मारपीट हुई। जिसमे ईट,पत्थर,लाठी,डन्डे और चाकू भी चला। दोनों पक्षों के 05 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं, जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के सम्बन्ध मे बताया जाता है कि दोनो परिवारो के लड़को मे पहले से ही किसी बात को लेकर विवाद चला आ रहा था। शनिवार की रात भी इन लड़को का गणेश पूजा मे विवाद हुआ था। लडको का विवाद घर जाकर दोनो तरफ के बड़े सदस्यो में हो गया और विवाद मारपीट मे बदल गया। एक पक्ष के अभि सिंह, (20),अनुप सिंह (22) तथा दुसरे पक्ष के सत्यदेव यादव(57) ,राकेश यादव (32),ऋषी यादव (27) गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची हल्दी पुलिस ने सभी घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवानी पहुचाया। जहां से डाक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ उनका ईलाज चल रहा है। पुलिस ने रविवार को अनूप कुमार सिंह को तहरीर पर 16 लोगो तथा सत्यदेव की तहरीर पर 06 लोगो तथा 15 अज्ञात लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

### मारपीट में कई लोग घायल, पुलिस की कार्रवाई से लोगो में नाराजगी

**हल्दी, बलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच करने गई महिलाओं पर छीटा कसी व छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया था। पूर्व प्रधान राजदेव राम की तहरीर देने के बाद पुलिस द्वारा दबाव बनाकर दूसरी तहरीर पर पुरानी रंजिश को दिखा कर दोनो पक्ष से मारपीट में 14 लोगो सहित अन्य महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। हल्दी थाना क्षेत्र के पिंडारी गांव के जावेद अहमद व राजदेव राम के घर के बीच पुरानी रंजिश को लेकर रविवार के दिन मारपीट हुई थी जिसमे राजदेव के पक्ष के 06 लोग राजमुन्नी देवी पत्नी राजदेव राम,जयप्रकाश पुत्र राजदेव राम, रवि शंकर,सुजीत कुमार पुत्रगण चंद्र किशोर राम, सत्य प्रकाश रंजन पुत्र श्याम देव,विवेक कुमार पुत्र पंचदेव तथा जावेद अहमद की ओर से 03 लोग असगर पुत्र स्वर्गीय इसहाक, सुगुन निशा पत्नी कलीमुल्लाह,नजमु निशा पत्नी नसुल्लाह घायल हो गए। पुलिस ने राजदेव की तहरीर पर 06 लोगो बी अन्य महिलाओं तथा जावेद की तहरीर पर 08 लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। वही लोगो की माने तो राजदेव ने अपने घर की महिलाओं के साथ छींटाकसी व छेड़खानी के मामले को लेकर पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने दबाव देकर छेड़खानी वाली तहरीर को बदलवा दिया है। जिसको लेकर लोगो में पुलिस के खिलाफ नाराजगी है, तो वही पुलिस की ये करतूत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### व्यापारी समाज की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता : रामनारायण साहू

**मऊ।** व्यापार मंडल के रतनपुरा ब्लाक के अध्यक्ष रामनरायन साहू को प्रदेश संगठन मंत्री बनाए जाने पर रतनपुरा ग्रामवासियों द्वारा भाजपा जिला महामंत्री एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व ग्राम प्रधान रामाश्रय मौर्य के आवास पर बुके और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।अपने स्वागत से अभिभूत प्रदेश संगठन मंत्री रामनारायण साहू ने कहा कि व्यापारी समाज की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी,व्यापारियों को किसी भी प्रकार से किसी के द्वारा उत्पीड़न न किया जाए तथा व्यापारियों को एक सम्मानजनक स्थान मिले इसके लिए हम सभी मिल जुल कर कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता हरेन्द्र कुमार प्रजापति, ग्राम प्रधान जय किशोर गुप्ता , मुन्ना खरवार,प्रेम कुमार गोंड, मनोज जायसवाल,अजय गुप्ता, अनिल जायसवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### गाय खरीदने के विवाद में चली गोली, युवक मरा

**मऊ।** जिले के मोहम्मदाबाद गोहाना कोतवाली और आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र स्थित तारन पास गांव में सोमवार की सुबह गाय खरीदने के विवाद में गोली चलने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने घायल युवक को मोहम्मदाबाद गोहना सीएससी पर पहुंचाया। जहां से चिकित्सक ने मऊ जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मुबारकपुर थाना के अतरडीहा गांव निवासी तेजवीर सिंह (32) पुत्र अरविंद सिंह सोमवार की सुबह गोवंश खरीदने के लिए गए थे। इस दौरान दूसरा पक्ष भी गोवंश को खरीदने के लिए मौके पर पहुंच गया। अधिक पैसा देते हुए दूसरे पक्ष ने गोवंश को खरीद लिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने मौके पर ही गोली चला दी। जिसमें घटनास्थल पर ही तेजवीर सिंह की मौत हो गई।

### बैठक कर सीडीपीओ बेलहरी पर लगाया आरोप

**हल्दी, बलिया।** आँगनबाड़ी मुख्यालय हल्दी पर रविवार के दिन ब्लाक बेलहरी की आँगनबाड़ी कार्यकर्तियो ने बैठक कर प्रभारी सीडीपीओ बेलहरी द्वारा अबैध वसुली के लिए अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिभाग द्वारा हम लोगों के कार्य के अलावा हर छोटे-बड़े कार्य हम लोगों से कराया जाता है जैसे बीएलओ स्वास्थ्य बिभाग, नियमित फेडिंग आदि कराया जाता है और हम लोग करते हैं लेकिन प्रभारी सीडीपीओ बेलहरी इन्दु यादव द्वारा हम लोगो से पोषाहार हाट कुक गर्भवती महिलाओं को दिये जाने वाले खाद्य पदार्थों मे भी पैसा माँग रही है और इनकार करने पर वेतन रोकने व सेवा समाप्ति कराने की धमकी दे रही है। आँगनबाड़ी कार्यकतीयी ने जिलाधिकारी बलिया का ध्यान आकर्षित करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। बैठक में विमला ठाकुर,अर्चना मिश्रा, निधी सिंह, अनिता तिवारी, ममता ओझा,बिन्दु देवी आदि दर्जनों सेविका-सहायिका उपस्थित रहीं।

## डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अन्यत्र शरणालयों में दी गई जगह

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का डीएम ने लिया जायजा

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद में गंगा के जलस्तर में बढोत्तरी की रफ्तार थोड़ी कम होने के बाद भी प्रशासन अभी एहतियातन तत्परता बरत रहा है। क्योंकि बाढ़ का पानी निचले इलाकों में अभी भी तबाही मचाने के लिए पर्याप्त है। गंगा नदी में आई बाढ़ के बाद कटान का भी खतरा मो मुहम्मदाबाद तहसील के सेमरा सहित सैदपुर तहसील के औड़िहार क्षेत्र में होने की आशंका जताई जा रही है।

बाढ़ के मद्देनजर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बाढ से प्रभावित इलाके अठहठा, नसीरपुर का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों से उनका हाल जाना और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने रेवतीपुर स्थित बाढ़ शरणालय का भी औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। यहां प्रभावित गांव हसनपुरा के 17 प्रभावित परिवारों के लोग



चार दिनों से शरण लिए हुए हैं। उनसे बारी- बारी से बाढ़ को लेकर जानकारी ली और उन्होंने हर तरह के सहायता का भरोसा दिलाया,इस दौरान उन्होंने बाढ शरणालय के कीचेन/ कैंटीन कक्ष के भोजनालय में बन रहे खाने का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यहाँ बाढ प्रभावित लोगों के रहने और खाने की उम्मदा व्यवस्था की सराहना किया,डीएम आर्यका अखौरी ने मातहतों को निर्देशित किया कि बाढ को लेकर किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए,इस अवसर पर एसडीएम संजय यादव,सीओ अनूप कुमार,बीडीओ कौस्तुभ मणि पाठक,लेखपाल संतोष तिवारी, कानूनों जयशंकर,सचिव विनित राय,सचिव दीपक यादव,तहसीलदार सुनिल कुमार,नायब तहसीलदार रामेश्वर तिवारी, जनमेयज चौरसिया, जयशंकर राय आदि मौजूद रहे।

### अपर जिला अधिकारी ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों सहित शरणालय स्थलों का किया निरीक्षण

**मऊ।** अपर जिला अधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बाढ़ के पानी के बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत बाढ़ शरणालय स्थल जनता इंटर कॉलेज दुबारी एवं श्रीराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय तेलिया कला जनपद देवरिया का निरीक्षण किया। तहसील मधुबन के ग्राम चक्की मूसा डोही की आबादी के संभावित विस्थापन को देखते हुए उन्होंने शरणालय स्थल पर समस्त सुविधाओ को पूर्व में ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जनता इंटर कॉलेज दुबारी में भी दुबारी क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त लोगों के विस्थापन को देखते हुए उन्होंने पूर्व में ही सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव एवं तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।इस दौरान अपर जिला अधिकारी ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा कटान आदि को देखते हुए पूर्व में ही तैयारी कर लेने के निर्देश अपर जिला अधिकारी द्वारा दिए गए। अपर जिला अधिकारी ने हाहा नाला नाल बांध पर बाढ़ के पानी के वृद्धि के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



## पत्नी के हत्यारोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

केटी न्यूज/नगरा

- बेटे की तहरीर पर पिता के खिलाफ दर्ज हुआ मामला
- शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था आरोपी

थाना क्षेत्र के चन्द्रवार दुगौली निवासी सुमंत गुप्ता ने 23 अप्रैल 2024 को नरही थाने में तहरीर देकर अपने ही पिता राजू गुप्ता पर अपनी पत्नी को लाठी डंडे से पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया था। उल्लेख किया था कि मैं करीब दो माह से अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल नरही थाना के बसंतपुर में रहता हूँ।

मेरे पिता राजू गुप्ता पुत्र हरिहर गुप्ता करीब 15 दिन से नरही थाना के लक्ष्मणपुर गांव निवासी भरत चौरसिया के मकान में किराये पर कमरा लेकर मेरी मां कुमकुम देवी 45 वर्ष के साथ रहने लगे। 22 अप्रैल 2024 को मेरी मां कुमकुम देवी करीब बजे दिन में मुझसे मिलने मेरे ससुराल बसंतपुर में आयी थी। शाम को करीब साढ़े छह बजे मेरे पिता राजू गुप्ता मेरे ससुराल आए और मेरी माँ को साथ में ले जाने की जिद्द करने लगे। चूंकि मेरे पिता शराब पीकर हमेशा मेरी मां को मारते-पीटते थे। इसलिए हम लोग ले जाने से मना किया। लेकिन वह नहीं माने और मेरी माँ को लेकर साथ मे चल गए। रात करीब आठ बजे पता चला कि मेरे पिता मेरी मां से झगड़ा किए और लाठी- डण्डा व ईंट से मेरी माँ को मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। हम लोग सूचना पाकर मौके पर पहुँचे, जहां देखा कि मेरी माँ चोटिल होकर गिरी हुई है तथा उसके सिर से खून का रिसाव हो रहा था और वह कराह रही थी। हम लोग उसको निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र नरही ले जा रहे थे तो मेरी मां ने बताया कि तुम्हारे पिता राजू गुप्ता ने मुझे बहुत मारापीटा है। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र नरही पर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के उपरांत मेरी मां को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मेरी माँ की मौत हो गई। इस मामले में नरही पुलिस ने बेटे द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया। इसी क्रम में नरेंद्र पुलिस ने पत्नी के हत्यारे पति को पिपराकला से गिरफ्तार का न्यायालय भेज दिया।

### बिहार में बलिया के युवक की गोली मारकर हत्या

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के दयाछपरा गांव निवासी दिलीप कुमार यादव उर्फ डोका (25) पुत्र शेखर यादव को रविवार की रात बदमाशों ने बिहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर जिले के रामपुरहरि थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव में गोली मारकर हत्या कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस को घटनास्थल पर मृतक की बाइक व एक कट्टा गिरा मिला। युवक के सीने में गोली लगी है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार यूपी बलिया के बैरिया थाना क्षेत्र के दयाछपरा गांव निवासी दिलीप कुमार यादव उर्फ डोका अपने माता-पिता समेत पूरे परिवार के साथ मुम्बई के ठाणे में रहता था। वहीं पर वह का काम करता था। एक सप्ताह पूर्व वह गांव आया था। रविवार की सुबह डोका अपने घर से बलिया के लिए निकला और न जाने कैसे मजफ्फरपुर (बिहार) पहुंच गया। जहां शाम को डोका की हत्या की खबर पहुंची तो परिजन दंग रह गए।



## बलिया में बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया प्रहार, मौत

केटी न्यूज/बलिया

- गांव के मंदिर से प्रसाद खाकर लौट रहा था युवक घर

सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम अपायल में रविवार की देर रात गांव के मंदिर से घर लौट रहे एक युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही अधिकारी व स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुँच निरीक्षण किया गया। वही घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सक ने वाराणसी रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में जाते वक्त मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने घायल के पिता के तहरीर पर चार नामजद एवं कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक की पहचान जीतू सिंह 26 वर्ष पुत्र शारदानन्द सिंह निवासी अपायल के रूप में की गई।

बताया जा रहा है कि जीतू सिंह रविवार की देर रात गांव के मंदिर पर आयोजित भंडारे से प्रसाद ग्रहण कर वापस घर आ रहा था। जिसे रास्ते में पहले से घात लगाए करीब छह की संख्या में बैठे बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही सुखपुरा पुलिस एवं अधिकारी गण मौके पर पहुंच गए और घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में जाते वक्त मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मृतक के पिता शारदानन्द सिंह के तहरीर पर पुलिस ने अपायल गांव निवासी नीरज सिंह उर्फ भुवाली पुत्र गुप्तेश्वर सिंह, सिंधु सिंह, अंकित गोंड एवं हर्ष राम के विरुद्ध नामजद एवं दो अन्य के विरुद्ध संबंधीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस बाबत गौरव कुमार शर्मा ने बताया कि एक युवक था जिसका नाम जीतू सिंह है। उसके पर चार-पांच लोगों द्वारा चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया है। जिसकी रास्ते में जाते वक्त मौत हो गई। पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दिया गया है।

## आकांक्षा समिति के पदाधिकारी छात्राओं एवं अभिभावको से हुए रूबरू, दिए संदेश

# बच्चों को रोज भेजें स्कूल ताकि उनका हो बौद्धिक विकास

केटी न्यूज/मऊ

जनपद के कोपागंज में स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय पर दोपहर आकांक्षा समिति की महिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी पहुंच व्यवस्था का जायजा लिया जहाँ छात्राओं ने अपने हाथ से बने बुके भेंट कर सभी का स्वागत किया।वही छात्राओं एवं उनके अभिभावको से सीधे संवाद कर पढ़ाई सहित सभी मुद्दों पर बात किया।वही कुछ कमियों पर बात कर उसे सुधारने की बात कही।

जिला स्तर पर आकांक्षा समिति का गठन अधिकारियों की पत्नियों ने किया है जिसका उद्देश्य बच्चो की शिक्षा सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने को लेकर है। जिसमे जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की पत्नी प्रीति मिश्रा अध्यक्ष हैं साथ मे एडीएम की पत्नी अंजली सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट की पत्नी किरण सिंह, बीएसए की पत्नी दिशा उपाध्याय, तथा पीडी की पत्नी संगीता त्रिपाठी के अलावा अन्य अधिकारियों की पत्नियां भी शामिल हैं। जिलाधिकारी की पत्नी ने कस्तूरबा विद्यालय पहुंच वहां बच्चो से संवाद किया।







वही बच्चो को स्कूल न आने या अभिभावको द्वारा न भेजे जाने या अन्य कोई समस्या पर बात किया। उन्होंने अभिभावको से कहा कि बच्चो को प्रतिदिन विद्यालय भेजें जिससे उनका बौद्धिक विकास के साथ ही वे सामाजिक अच्छाई बुराई के बारे में जाने और आगे चलकर अपना भविष्य निर्माण कर सकें। वही बच्चो से कहा कि आप देश के निमार्ता हैं आप प्रतिदिन स्कूल आएंगे तो आपका ज्ञान बढ़ेगा समाज और देश मे क्या हो रहा है उसकी जानकारी आप जानेंगे।

अगर पढ़ाई नही करेंगे तो न तो नौकरी मिलेगी और न तो आप कुछ कर पाएंगे कस्तूरबा विद्यालय में इस माह में कुल 11 बच्चियों का जन्मदिन था। अधिकारियों की पत्नियों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया और गिफ्ट देकर उज्वल भविष्य की कामना किया। बच्चे अधिकारियों की पत्नियों से जन्मदिन मनाने और गिफ्ट पाकर खुशी से झुम उठे। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय कोपागंज में पहुंच बच्चो एवं अभिभावक से बात कर बच्चो को प्रतिदिन स्कूल भेजने को लेकर अपील किया। इस अवसर पर बीएसए संतोष उपाध्याय, जिला समन्वयक अनिल चौरसिया, खंडशिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, एसआरजी अरबिंद पांडेय सहित विद्यालय के बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

# संत गणिनाथ पुजनोत्सव समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न

केटी न्यूज/गाजीपुर

अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य समाज जंगीपुर के तत्वाधान में संत गणिनाथ पुजनोत्सव समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन नवीन मंडी स्थल जंगीपुर में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम से पूर्व अवधेश गुप्ता के घर अरसदपुर से शोभा यात्रा प्रारम्भ होकर जंगीपुर मुख्य बाजार होते हुए नवीन मंडी स्थल जंगीपुर में समाप्त हुआ। शोभा यात्रा में मद्धेशिया वैश्य समाज के हजारों लोग कुलगुरु संत गणीनाथ जी के उपदेशों की तख्तियां लेकर चल रहे थे। तत्पश्चात आचार्य शरद जी के नेतृत्य में कुल आराध्य संत गणिनाथ का वार्षिक पूजन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विचार गोष्ठी प्रारम्भ हुई, विचार गोष्ठी कार्यक्रम में गद्देशिया




वैश्य समाज के सामाजिक, शैक्षिक व राजनैतिक उत्थान पर वक्ताओं द्वारा गहन चर्चा की गयी । विचार गोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व उपचेयरमैन जिला सहकारी बैंक अच्छेलाल गुप्ता जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गाजीपुर में वैश्य समाज की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष किया जा रहा है ,तथा उन समस्याओं का शीघ्र समाधान और त्वरित न्याय दिलाने का कार्य भी संगठन के सहयोग से किया जा रहा है। मुख्य अतिथि ने लोगो से आह्वान करते हुए कहा कि संत गणिनाथ जी के उपदेशों को आत्मसात कर अन्याय, अत्याचार के खिलाफ लड़ने वाला योद्धा बने। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एडवोकेट गिरजेश गुप्ता ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है।

# पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनने जा रहे हैं सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर, सर्वाधिक 4 प्लांट्स मिर्जापुर में लगेंगे

**केटी न्यूज/लखनऊ**

- कुल 6 पंप प्लांट्स की स्थापना को लेकर तेजी से होगा काम
- प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा हो सकेगी उत्पन्न



उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में भी उत्तम प्रदेश बने, इसके लिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच सीएम योगी के विजन अनुसार क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि उत्तर प्रदेश पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मिर्जापुर , चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मिर्जापुर बनने जा रहा है जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी। वहीं सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पन्न करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी।

**मिर्जापुर में 4 प्लांट्स के जरिए 3480 मेगावॉट ऊर्जा का होगा उत्पादन :** मिर्जापुर में पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए योगी सरकार 3480 मेगावॉट ऊर्जा उत्पन्न करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत 26 जून से 29 अगस्त के बीच कुल चार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स की स्थापना को हरी झंडी मिली है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4410 करोड़ रुपए की लागत से 630 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन करने में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। जबकि, रेन्यू द्वारा गांव कालू पट्टी में 3350 करोड़ रुपए की लागत से 600 मेगावॉट व बबूरा में 4100 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावॉट कैपेसिटी वाले प्लांट्स का निर्माण, विकास व संचालन किया जाएगा। मिर्जापुर के ही बबूरा रघुनाथ सिंह गांव में ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम द्वारा 3946.12 करोड़ रुपए की लागत से 850 मेगावॉट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट के स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन सभी पंप स्टोरेज पावर प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया भी जल्द पूरी होने जा रही है।

### 6 प्लांट्स से होगा 4730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन

योगी सरकार इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दे दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। उल्लेखनीय है कि इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास 'इन प्रिंसिपल अप्रूवल' है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं।

### सबसे बड़े प्लांट सोनभद्र की कैपेसिटी 1250 मेगावॉट

परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गहार्वा में 1250 मेगावॉट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंडीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है और यह ऑफ स्ट्रीम लूप पंप प्रोजेक्ट होगा। यहां दो रिजर्वयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6100 .62 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। वहीं, चंदौली के मुबारकपुर में इसी वर्ष 8 अगस्त को 600 मेगावॉट कैपेसिटी के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट के निर्माण को स्वीकृति मिली थी।

## खबरें फटाफट

### पीएम के जन्मदिन पर भाजयुमो करेगा रक्तदान

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर कल मंगलवार 17 सितंबर को भाजयुमो कार्यकर्ता महर्षि विश्वामित्र स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज गोराबाजार के जिला चिकित्सालय के रक्त कोष विभाग में पूर्वाह्न 10-00 बजे रक्तदान करेंगे। इस बात की जानकारी भाजयुमो महामंत्री अविनाश सिंह के माध्यम से जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने देते हुए बताया कि ?सेवा ही संगठन? के मूल ध्येय पर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन अवसर पर प्रतिवर्ष शिविर आयोजित कर ऐतिहासिक रक्तदान करती रही है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यह कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित होता है।

### मजिस्ट्रेट के वाहन ने वालपेंटिंग बना रहे पेंटर को रौंदा

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गांव के समीप एक मजिस्ट्रेट लिखी अनियंत्रित बोलेरो ने सोमवार को वालपेंटिंग बना रहे पेंटर को टक्कर मार दिया। घटना में पेंटर गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर जुटे आस पास लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल पेंटर को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बताते हैं कि बिछिया गांव के समीप पेंटर गुरूपाल 35 ठेकेदारी पर दीवार के ऊपर पेन्टिंग बना रहा था। इसी दौरान मजिस्ट्रेट लिखी बोलेरो अनियंत्रित हो गई और पेंटर को टक्कर मार दिया। घटना में पेंटर गुरूपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर जुटे आस पास के लोगो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल पेंटर को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। इस बाबत एसआई राज कुमार तिवारी ने बताया कि मजिस्ट्रेट लिखी वाहन ने एक पेंटर को टक्कर मार दिया है। जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीएम योगी ने त्रिपुरा सीएम डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का किया उद्घाटन

# मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इसका इलाज संभव नहीं: योगी

- कहा- इस धराधाम पर ईश्वरीय सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे संत
- संतों के सानिध्य में हमें धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता



**केटी न्यूज/वेस्ट त्रिपुरा/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है। आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को विफल कर देते तो यह नासूर अस्तित्व में नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है।

पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत ईश्वरीय सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में इस धराधाम पर आकर कार्य कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में संत अगर किसी कार्य में जुड़ जाएंगे तो उसे सफल होना ही है। संतों के सानिध्य में हमें धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि हमें मिलकर कार्य करना होगा और इस बात का ध्यान रखना है कि विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस बात को जानता था कि अगर हम कांग्रेस के द्वारा चलाई गई दुर्वयसंधि का शिकार होते रहेंगे तो कांग्रेस देश का विभाजन कराएगी, हिंदुओं का कत्लेआम कराएगी, उन्हें जातियों में बांटकर लड़ाएगी और भारत की परंपरा-संस्कृति को नष्ट एवं भ्रष्ट कर देगी। आरएसएस की बात सच साबित हुई और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कराया। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगभंग आंदोलन के दौरान अगर बंगाल विरोध नहीं करता तो सबको पता है कि उस समय देश में क्या होता। सीएम योगी ने कहा कि आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद अपनी सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में विद्याभारती के माध्यम से हजारों शिक्षण संस्थानों एवं सेवा के प्रकल्पों का संचालन कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में जनजातीय क्षेत्रों में एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय का संचालन कर रहा है। श्रीराम वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने 1984 में गोरखपुर में जनजातीय छात्रावास प्रारंभ किया था, जिसमें नॉर्थ ईस्ट के बच्चे जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे।

### त्रिपुरा के राजा में शक्ति और सामर्थ्य था, इसलिए सुरक्षित रहा

सीएम योगी ने कहा कि यहां के राजा में शक्ति एवं सामर्थ्य था, इसलिए त्रिपुरा स्वतंत्र एवं सुरक्षित रहा। यहां के राजा ने जनता को एकजुट करके त्रिपुरा को विधर्मियों एवं विदेशी आक्रांताओं से बचाए रखा। उन्होंने कहा कि जो सामर्थ्यवान होगा और ताकत का एहसास अपने दुश्मनों को कराएगा, वो हमेशा सुरक्षित रहेगा। लेकिन जो अपनी ताकत खोकर अपने दुश्मन और मित्र को समझने में भूल करेगा, उसी प्रकार का खामियाजा भुगतेगा जैसा आज बांग्लादेश में हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश के हालात पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं।

## दिनदहाड़े बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने दादी पोते को मारी गोली

**केटी न्यूज/जौनपुर**



नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के नईगंज मोहल्ले में बाइक सवार हौसला बुलंद बदमाशों ने दुकान में घुसकर दिनदहाड़े दादी और पोते को गोली मारकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई फायरिंग से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।दादी पोते को घायलावस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।दोनो की गंभीर हालत देखते हुए बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है । जानकारी के अनुसार बरईपार निवासी शनि यादव पुत्र राजेन्द्र यादव व उसकी दादी कमला यादव नई गंज स्थित अपने दुकान पर बैठे थे। दिन में करीब साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गए।बदमाशों की गोली शनि यादव के पीठ और पैर तथा कमला देवी के पैर में लगी है।दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया।जहां पर डॉक्टरों ने दोनो की हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है। वही मामले की जानकारी देते हुए सीओ देवेश कुमार ने बताया कि बरई पार थाना सिकरारा निवासी शनि यादव पुत्र राजेन्द्र यादव अपने नई गंज स्थित दुकान पर थे तभी बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोलियां चला दी जिसमे दो लोग घायल हुए है जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया वहां से दोनो घायलों को बीएचयू वाराणसी रेफर किया गया है।

## रणबीरपुर-हथिनी-सरवां मार्ग के जीर्णोद्धार की मांग

**मऊ।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन रतनपुरा ,जनपद- मऊ अध्यक्ष डॉक्टर जय हिंद यादव ने नितिन जयराम गडकरी केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग भारत सरकार नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को को पत्र लिखकर मऊ जनपद अंतर्गत इटौरा ,हथिनी रणबीरपुर, सरवां मार्ग का तत्काल जिणोर्धार कराए जाने की मांग की है। जय हिंद यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यह मार्ग पिछले 5 वर्षों से अत्यंत ही जर्जर हालत में पड़ा हुआ है। सड़क के बीच में गड्ढे बन गए हैं, जिस पर मरम्मत और पैचिंग का कार्य संभव नहीं है। लोक निर्माण विभाग जनपद मऊ ने इस सड़क का निरीक्षण अनुपालन/ विभागीय आख्या भी अपने उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया है। विभाग ने प्रेषित आख्या में लिखा है कि उक्त मार्ग का निरीक्षण सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता द्वारा किया गया।

## हुजूर की आमद मरहबा से गूंजी सदाएं

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिले के पीडीडीयू नगर क्षेत्र से सोमवार की सुबह व दोपहर में मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जुलूस निकाला गया। इसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जुलूस के दौरान नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर , हुजूर की आमद मरहबा जैसी सदाएं वातावरण में गूंजती रहीं। बता दें कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए पैदाइश ईद मिलादुन्नबी पर जगह-जगह जुलूस निकाला जाता है इसी क्रम में अंजुमन मखदुमिया इस्लामियां इत्तेहादे मिल्लत कमेंटी मखदूमाबाद लौंदा, अलीनगर, शकूराबाद, मुगलसराय रोड, बहादुरपुर गांव से पड़ाव तक, दुल्हीपुर, मलोखर, हरिशंकरपुर, कुंडा कला, नाथूपुर, सेमरा,कटेसर बसीला,दिग्गी, कठोरी, नसीरपुर पट्टन,रेमा गोधन, नकटी, तड़ियां, रेवसा गांव में सादगी के साथ निकला गया।इस दौरान नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर हुजूर की आमद मरहबा जैसी सदाएं वातावरण में गूंज रही थी।



वहीं शहर में मदरसे से लेकर गांव तक जगह-जगह जुलूस निकाला गया। जुलूस जिस जिस रास्ते से गुजर रहा था अपने आप नौजवान बुजुर्ग बच्चे व हर वर्ग के लोग शामिल होते चले जा रहे थे। जुलूस में दोनों समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और देश की गंगा जमुनी तहजीब जिंदा रही। जुलूस के दौरान शरबत का लंगर चलता रहा। उसके बाद इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए- पैदाइश की खुशी में उनके जीवन पर रोशनी डाली गई। उनके शान में नात शरीफ (धार्मिक गीत) पढ़ा गया।

## एक नजर

### पिछड़ों के हक और अधिकार की बात करती है भाजपा: शिवमंगल बियार

**चंदौली।** पिछड़ा आयोग के सदस्य व भाजपा नेता शिवमंगल बियार का कार्यकर्ताओं ने रविवार को जगह-जगह पर स्वागत किया। वहीं सदर विकासखंड के रघुनाथ पुर गांव पहुंचने पर सभा आयोजित किया। भाजपा नेता दूसरी बार पिछड़ा आयोग के सदस्य के लिए नामित हुए है। इससे कार्यकर्ताओं में बारिश के बाद भी स्वागत करने का उत्साह दिखा। जहां गांव पहुंचने पर स्वागत के साथ-साथ सभा हुई। इस दौरान पिछड़ा आयोग के सदस्य शिवमंगल बियार ने कहा कि भाजपा ने पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष के साथ-साथ उनको प्रोत्साहित किया है। जिसका लाभ आज पिछड़ा वर्ग को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और श्रम रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने जो पिछड़ों के सम्मान के लिए काम किया है।आज तक किसी की सरकार और किसी मंत्री ने नहीं किया है। दूसरी बार जो भरोसा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हमारे ऊपर जाते हैं।उसे पर खरख उतरने का हमेशा प्रयास करूंगा। पिछड़ा वर्ग के हक और अधिकार के लिए जो भी प्रयास होगा उसे अंजाम तक पहुंचने में पीछे नहीं रहूंगा। भाजपा सरकार ने हमेशा समाज के सभी वर्गों के लिए तमाम योजनाएं चला रहे हैं। जिसका लाभ आम को मिल रहा है। इस दौरान रघु बिंद, मिस्टर हसनैन खान, अमित बियार, डॉक्टर आरके सिंह, संदीप मौर्य,शाहनवाज खान,संतोष गुप्ता, पल्लू यादव, रमाशंकर सिंह, श्याम बिंद, सुरेंद्र द्विवेदी, मंटू सिंह, सौरभ पांडेय, टुनटुन सिंह उपस्थित रहे।



### मिशन शक्ति फेज चार में छात्राओं/महिलाओं को आत्मसुरक्षा के दिए गए टिप्स

**सेवराई।** जनपद में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति के फेज चार के अभियान के तहत रेवतीपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एंटी रोमियो टीम की महिला आरक्षी रोशनी पटेल ने छात्राओं को आत्म सुरक्षा और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक करते हुए खुद की सुरक्षा के लिए जरूरी टिप्स भी दिया। एंटी रोमियो की महिला आरक्षी रोशनी पटेल ने छात्राओं को महिला उत्पीड़न रोकथाम व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1076 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि किसी भी विषम परिस्थिति में उक्त हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करके पुलिस से मदद ली जा सकती है। एंटी रोमियो टीम की प्रभारी महिला आरक्षियों ने बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधो पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाने व मनचलों ,शोहदो के खिलाफ कार्यवाई के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। महिला आरक्षी रोशनी पटेल ने छात्राओं से सुरक्षा सम्बन्धित अधिकारों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) का संभल कर उपयोग करने संबंधी जानकारियां देकर भी जागरूक किया।

### तेज हवा के कारण हाईटेंशन तार टूटकर गिरा, 60 गांवों की बत्ती गुल

**सेवराई।** जमानियां विद्युत उपखंड के कसेरा पोखरा और बेटावर गांव के समीप सोमवार को कई जगहों पर तेज हवा की वजह से भीषण आवाज के साथ एचटी/हाईटेंशन विद्युत तार और क्रश आर्म कई जगहों पर टूट कर बिखर गया। जिसके कारण इलाके के ढढनी और ताड़ीघाट विद्युत उपकेंद्र के तहत आने वाले करीब पांच दर्जन से अधिक गाँव की बत्ती गुल हो गई। एचटी विद्युत लाइन के फाल्ट होने से विद्युत विभाग के कर्मियों और अधिकारियों में अफरातफरी मची है। एचसी लाइन के आए इस फाल्ट को दूर करने के लिए विद्युत कर्मी और टेक्नीशियन पिछले करीब दस घंटे से जुटे हैं। मगर अभी तक फाल्ट को दूर करने में सफलता नहीं मिल पाई है। मालूम हो कि विद्युत विभाग के द्वारा कस्बा स्थित 132 केवी ट्रांसमिशन उपकेंद्र केन्द्र से ढढनी और ताडीघाट 33/11 विद्युत उपकेंद्रों के डेढगावां, बवाडा, सोनहरियां, गरूआमकसूदपुर, मलसा, सोनवल, पकडी, चवरी, डुहियां, चकियां, पटकनियां, कालूपुर, बवाडा, भिक्खिचौरा आदि दर्जनों गाँवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है।

## सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए भाजपा ने शुरू किया महाअभियान

# हमें समाज के हर वर्ग और हर घर तक पहुंचना है: भोला सिंह

**केटी न्यूज/जौनपुर**




देशभर में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान चल रहा है जिसके तहत पार्टी के जन प्रतिनिधियों एव तमाम पदाधिकारियों और ईकाइयों को जिम्मेदारी दी गई है इसके तहत अब सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए भाजपा महाअभियान की शुरूआत कर दी है जिसमें पार्टी नेता व कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बीजेपी के साथ जोड़ने की कोशिश करेंगे।

इसी क्रम मे भाजपा के सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे एक बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप बुलंदशहर के सांसद एव अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव भोला सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने जिले के सभी प्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियो एव मोर्चा के जिलाध्यक्षों को सम्बोधित किया। सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी ई अमित श्रीवास्तव ने की।

मुख्य अतिथि भोला सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाते हुए हमें समाज के हर वर्ग और हर घर तक पहुंचना है। इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार कर जन-जन को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर उन्हें सदस्य बनाना है।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम करते हुए भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया है। उन्होंने मोर्चा के कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर सदस्यता अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है।

इसी क्रम मे डा सुभाष सिंह के यहा बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता क्षितिज शर्मा ने की और उस कार्यक्रम के संयोजक डा अमरनाथ पाण्डेय रहे। उक्त अवसर पर वहा पर उपस्थित चिकत्सक अपील करते हुये कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार बनते ही देश के प्रधानमंत्री मंत्री ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिला सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10 प्रतिशत का आरक्षण मिला है।

7 दशक बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया जितनी अधिक संख्या में लोग पार्टी की सदस्यता लेंगे। उतनी ज्यादा पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने चिकित्सकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ें। कार्यक्रम का संचालन ई अमित श्रीवास्तव ने की ।

## प्रतियोगिताओं से बच्चों का होता है रचनात्मक विकास : एसपी सिटी

- भारत विकास परिषद शौर्य ने किया राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन

**केटी न्यूज/जौनपुर**



भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव ने वन्दे मातरम गीता गाया। संस्थाध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा पिछले वर्ष से निरंतर किये गये कार्यों के विषय में बताया और इस राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के विषय में बताया कि यह प्रतियोगिता पूरे राष्ट्र में आयोजित की जाती है और सबसे पहले जिला इकाई के जीते हुए बच्चे प्रान्त में फिर क्षेत्र में और फिर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द वर्मा ने शौर्य के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों का रचनात्मक विकास होता है।

## सुभाषितम्


अनुशासन परिष्कार की अग्नि है, जिससे प्रतिभा योग्यता बन जाती है। - अज्ञात

# साउंडप्रूफ हाईवे बदहाल

देश का पहला साउंडप्रूफ हाईवे, जिसका उद्घाटन बड़ी धूमधाम से 2021 में किया गया था। यह बदहाली का शिकार हो चुका है। 28 किलोमीटर लंबा हिस्सा बनाने में 960 करोड़ रुपये की लागत आई थी। सिवनी और नागपुर के बीच में इस राजमार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। खराब स्थिति के कारण यह हाईवे देश भर की सुर्खियों में बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 का यह खंड, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की महत्वाकांक्षी परियोजना थी। साउंड प्रूफ बनाने के लिए इस राजमार्ग में पानी की तरह पैसा बहाया गया था। वहां पर आज बड़े-बड़े गड्ढों और बातरतीब मरम्मत नहीं होने की वजह से सिंगल लाइन से गाड़ियां निकल रही हैं। इस कारण वाहन चालकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस पर भी यहां से गुजरने वाले वाहनों को टोल टैक्स पूरा देना पड़ रहा है। साउंडप्रूफ हाईवे को बनाने के लिए दोनों तरफ मेटल शीट्स लगाई गईं हैं, ताकि वाहनों के शोर से पास के नेशनल टाइगर रिजर्व के जानवरों और पशु पक्षियों पर शोरगुल का प्रभाव न पड़े। इस हाईवे पर आवाजाही करते समय यात्रियों को न केवल आवाज वरन सड़कों की खराब स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 200 फीट लंबा हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है, जिसका पूरा पुनर्निर्माण किया जा रहा है। सड़कों के बीच बड़े-बड़े गड्ढे के कारण कई दुर्घटनाऐं हो गई हैं। एक ही साइड से यातायात को चलाया जा रहा है। दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। राजमार्ग के 28 किलोमीटर के क्षेत्र में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जिसके कारण वाहन चालकों का चलना दूभर हो गया है। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के रखरखाव में गड़बड़ी को उजागर करती है। भारत के सबसे आधुनिक राजमार्गों में से एक इस राजमार्ग में सुरक्षा के विशेष उपाय किए गए थे। वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर काफी प्रयास के बाद इस राजमार्ग को बनाने की अनुमति मिली थी। उच्च लागत वाली परियोजनाओं का दीर्घकालिक लाभ तभी मिल सकता है। जब इनका उचित रख-रखाव हो निर्माण कार्य बेहतर हो, भ्रष्टाचार ना हो। पिछले 10 साल में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर बहुत बड़े-बड़े दावे किए गए। अब एक-एक करके घपले-घोटाले बड़ी संख्या में खुलकर सामने आने लगे हैं। जिस तरह से राजमार्ग और पुल क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उससे वर्तमान केंद्र सरकार की बड़ी बदनामी हो रही है। विशेष रूप से राजमार्गों की गुणवत्ता और रख-रखाव को लेकर अब नितिन गडकरी के ऊपर भी निशाना साधा जा रहा है। पिछले कई वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में लागत से ज्यादा पैसा खर्च किया गया है। कैग की आडिट रिपोर्ट में कड़ी आपत्ति जताई गई थी। किसी तरह वह मामला दब गया था। अब एक-एक करके फिर मामले खुलने लगे हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर जिस तरह से टोल टैक्स वसूला जा रहा है। उसकी भी कड़ी आलोचना होने लगी है। पहले 60 किलो मीटर से कम में कोई टोल टैक्स नहीं होता था। अब 20 से 30 किलोमीटर में कई टोल नाके देखने को मिल जाते हैं। इस समय अंधेर नगरी चौपट राजा जैसे हालात हैं। जिसको जो मन में आ रहा है, वह कर रहा है। जिस तरह से रोजाना कपड़े बदले जाते हैं। उसी तरह बार-बार केंद्र सरकार अपने नियम एवं कानून बदल देती है।

## चिंतन-मनन

# आत्मा का दिव्य भाव



जो व्यक्ति दिव्य पद पर स्थित है, वह न किसी से ईर्ष्या करता है और न किसी वस्तु के लिए लालायित रहता है। जब कोई जीव इस संसार में भौतिक शरीर से युक्त होकर रहता है, तो समझना चाहिए कि वह प्रकृति के तीन गुणों में से छूट जाता है। लेकिन जब तक वह शरीर से बाहर नहीं आ जाता, तब तक उसे उदासीन रहना चाहिए। उसे भगवान की भक्ति में लग जाना चाहिए जिससे भौतिक देह से उसका ममत्व स्वतः विस्मृत हो जाए। जब मनुष्य भौतिक शरीर के प्रति सचेत रहता है तो वह केवल इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, लेकिन जब चेतना कृष्ण में स्थानान्तरित कर देता है, तो इन्द्रियतृप्ति स्वतः रुक जाती है। मनुष्य को इस भौतिक शरीर की आवश्यकता नहीं रह जाती है और न उसे भौतिक शरीर के आदेशों के पालन की आवश्यकता रह जाती है। शरीर के भौतिक गुण कार्य करेंगे, लेकिन आत्मा ऐसे कार्य से पृथक रहेगी। वह न तो शरीर का भोग करना चाहती है, न उससे बाहर जाना चाहती है। इस प्रकार दिव्य पद पर स्थित भक्त स्वयमेव मुक्त हो जाता है। उसे प्रकृति के गुणों के प्रभाव से मुक्त होने के लिए किसी प्रयास की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। भौतिक पद पर स्थित व्यक्ति शरीर को मिलने वाले तथाकथित मान-अपमान से प्रभावित होता है, लेकिन दिव्य पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे मिथ्या मान-अपमान से प्रभावित नहीं होता। वह इसकी चिन्ता नहीं करता कि कोई व्यक्ति उसका सम्मान करता है या अपमान। वह उन बातों को स्वीकार कर लेता है, जो कृष्णभावनामृत में उसके कर्त्तव्य के अनुकूल हैं, अन्यथा उसे किसी भौतिक वस्तु की आवश्यकता नहीं रहती। वह प्रत्येक व्यक्ति को जो कृष्णभावनामृत के सम्पादन में उसकी सहायता करता है, मित्र मानता है और तथाकथित शत्रु से भी घृणा नहीं करता। वह समभाव वाला होता है और सारी वस्तुओं को समान धरातल पर देखता है, क्योंकि वह इसे भलीभांति जानता है कि उसे इस संसार से कुछ लेना-देना नहीं है।

# महान दार्शनिक और गणितज्ञ मार्क्विस डी कोंडोरसेट

-संजय गोस्वामी



**मार्क्विस डी कोंडोरसेट ने उदार अर्थव्यवस्था, स्वतंत्र और समान सार्वजनिक निर्देश, संविधानवाद और महिलाओं और सभी जातियों के लोगों के लिए समान अधिकारों की वकालत की**

मार्क्विस डी कोंडोरसेट(1743-1794) का जन्म 17 सितंबर, 1743 को रिबेमोंट, पिकार्डी में हुआ थ मैरी-जीन-एंटोनी-निकोलस कैरिटेट, मार्क्विस डी कोंडोरसेट का जन्म 1743 में दक्षिणी फ्रांस के रिबेमोंट शहर में हुआ था। उनका जन्म ऑरेंज की रियासत के एक प्राचीन और कुलीन परिवार में हुआ था, निकोलस डी कोंडोरसेट, जिन्हें मार्क्विस डी कोंडोरसेट के नाम से भी जाना जाता है, एक फ्रांसीसी दार्शनिक, और गणितज्ञ व वैज्ञानिक थे। अपने कई समकालीनों के विपरीत, उन्होंने उदार अर्थव्यवस्था, स्वतंत्र और समान सार्वजनिक निर्देश, संविधानवाद और महिलाओं और सभी जातियों के लोगों के लिए समान अधिकारों की वकालत की1765 से 1774 तक, कोंडोरसेट ने विज्ञान पर ध्यान केंद्रित किया। 1765 में, उन्होंने गणित पर अपना पहला काम प्रकाशित किया जिसका शीर्षक था एसाई सुर ले कैलकुल इंटीग्रल जिसे अच्छी तरह से प्राप्त किया गया, जिसने एक गणितज्ञ के रूप में उनके करियर की शुरूआत की। उन्होंने कई और शोधपत्र प्रकाशित किए, और 1769 में, 26 वर्ष की आयु में, उन्हें एकेडमी रॉयल डेस साइंसेज (फ्रेंच रॉयल एकेडमी ऑफ साइंसेज) के लिए चुना गया। वे एक गणितज्ञ, एक दार्शनिक (वे डीएलम्बर्ट, वोल्टेयर और टर्गोट के मित्र थे), फ्रेंच एकेडमी ऑफ साइंसेज के स्थायी सचिव (1776 से) और फ्रांसीसी क्रांति के दौरान एक राजनीतिज्ञ थे (वे 1791 में विधान सभा के लिए चुने गए और बाद में इसके अध्यक्ष नियुक्त हुए, फिर 1792 में कन्वेंशन के सदस्य बने)। वे कई समितियों में सक्रिय थे, जिन्होंने क्रांति के दौरान कानून बनाए (विशेष रूप से सार्वजनिक शिक्षा और संवैधानिक सुधार पर) लेकिन उदारवादी गिरोंडिन समूह को कन्वेंशन से निष्कासित किए जाने पर जैकोबिन दमन का शिकार हो गए। कोंडोरसेट की शिक्षा रिम्स के एक जेसुइट स्कूल में हुई थी और उन्होंने पेरिस विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ नवरे में कठोर वैज्ञानिक शिक्षा प्राप्त की थी। उनका प्रारंभिक शोध कैलकुलस और संभाव्यता सिद्धांत के क्षेत्रों में था, लेकिन बाद में उन्होंने मनुष्य का सामाजिक अंकगणित बनाने के लिए मानव व्यवहार और राजनीतिक संगठनों के अध्ययन में गणित को लागू करने का प्रयास किया। उनका निबंध ए२२ं २४१ 'स्त्रस्त्रं'३ङ्क्ल्ल ïï 'ल्लं'-८ॅरी श ' स्त्र१ङ्कं ३क्व ïï२ ञ्रि२ङ्क्ल्ल२ १ील्लथ्टि२ श ' स्त्र'४१'३क्व ïï२ ५ङ्क७ (1785) यह दिखाने का एक प्रयास था कि कैसे संभाव्यता के गणित का उपयोग राजनीतिक निर्णय लेने को अधिक तर्कसंगत और इसलिए अधिक प्रबुद्ध बनाने के लिए किया जा सकता है। कोंडोरसेट ने इस विषय पर डिडेरो के विश्वकोश (1784-89) के पूरक के लिए लेख लिखे। जब टर्गोट नियंत्रक-जनरल बने और 1774-76 में अनाज व्यापार को मुक्त करने और फ्रांसीसी अर्थव्यवस्था को विनियमित करने का प्रयास किया, तो कोंडोरसेट ने अपना पूरा समर्थन दिया। उन्हें 1774 में टर्गोट द्वारा इंस्पेक्टर डेस मोनेईस के पद पर नियुक्त किया गया था और उन्होंने लेसेज-फेयर सुधार जैसे कि जबरन श्रम (कोर्वी) और सेग्न्यूरियल ड्यूज के उन्मूलन का बचाव करते हुए कई पर्चे लिखे। उनका वी डे एम. टर्गोट (1786) टर्गोट का एक उत्साही बचाव है और फ्रांसीसी अर्थव्यवस्था के किसी भी सुधार का विरोध करने वाले निहित स्वार्थों को दूर करने में टर्गोट की विफलता के बावजूद मुक्त बाजार नीतियों की निरंतर आवश्यकता है। कोंडोरसेट ने फ्रांसीसी समाज के अन्य प्रबुद्ध सुधारों की भी वकालत की, जैसे कि आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार, प्रोटेस्टेंटों को नागरिक अधिकार प्रदान करना और दासता का उन्मूलन। अपनी पत्नी सोफी डी ग्राउची (जिनसे उन्होंने 1786 में विवाह किया) के साथ, कोंडोरसेट ने पेरिस के उदार अभिजात वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण सैलून चलाया, जहाँ इन मुद्दों पर चर्चा की गई, साथ ही नए अमेरिकी गणराज्य की प्रगति और राजनीतिक रूप से सुधारित फ्रांस में प्रांतीय विधानसभाओं की भविष्य की भूमिका पर भी चर्चा की गई। फ्रांसीसी क्रांति के शुरूआती चरण के दौरान कोंडोरसेट सोसाइटी ऑफ थर्टी (जिसके लिए उन्होंने उदारवादी सुधार के लिए कैहियर या मांग तैयार करने में मदद की, जिसे एस्टेट्स जनरल के समक्ष प्रस्तुत किया गया) और सोसाइटी ऑफ 1789 (जिसके सदस्यों में मार्क्विस डे लाफायेट और ड्यूपॉट डी नेमोर्स शामिल थे) में अन्य उदारवादी सुधारकों के साथ शामिल हो गए। कोंडोरसेट ने बाद के समूह की पत्रिका का संपादन किया और यहीं पर उन्होंने 1790 में महिलाओं के नागरिकता के अधिकारों पर बहुत महत्वपूर्ण निबंध प्रकाशित किया। कोंडोरसेट को 1791 में विधान सभा में पेरिस का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था, लेकिन राजशाही की शक्ति को कम करने के मुद्दे पर उदारवादी उदारवादियों से अलग हो गए। वह उदारवादी रिपब्लिकन ब्रिसोट और थॉमस पेन के साथ राजशाही के अंत और एक गणतंत्र संविधान की शुरूआत के लिए आह्वान करने में शामिल हो गए। उन्होंने विधान सभा की सार्वजनिक शिक्षा समिति में काम किया और अप्रैल 1792 में अपनी रिपोर्ट लिखी, लेकिन जिसे उनकी मृत्यु के बाद 1795 तक अपनाया नहीं गया।

कोंडोरसेट कन्वेंशन (ऐसने का प्रतिनिधित्व करने वाले) के सदस्य भी थे, जिसने राजा पर मुकदमा चलाया और फिर उसे मार डाला। उन्होंने राजा को पदच्युत करने के लिए लेकिन उसकी फांसी के खिलाफ मतदान किया। फरवरी 1793 में कोंडोरसेट ने कन्वेंशन की संवैधानिक समिति के समक्ष एक संवैधानिक योजना प्रस्तुत की, जो गणित का उपयोग करके एक तर्कसंगत और प्रतिनिधि निर्वाचित निकाय बनाने के उनके विचार पर आधारित थी, जो सभी लोगों के हितों की सेवा करेगी और एक छोटे समूह को नियंत्रण जब्त करने से रोकेगी। उनकी संवैधानिक योजना उदार गिरोंडिन और कट्टरपंथी जैकोबिन के बीच कन्वेंशन में चल रहे सत्ता संघर्ष का शिकार हो गई। जब प्रमुख गिरोंडिन को कन्वेंशन से निष्कासित कर दिया गया, तो कोंडोरसेट ने विरोध किया और फिर गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपना पड़ा। अगले कुछ महीनों में उन्होंने अपनी सबसे प्रसिद्ध रचना, एस्क्विसे डीउन टेबल्यू हिस्टोरिक डेस प्रोग्रेस डे लएस्प्रिट ह्यूमैन (1795) लिखी, जो सबसे पहले यह दिखाती है कि कैसे मनुष्य सदियों से तर्क, तकनीक और स्वतंत्रता के उपयोग से अपनी स्थिति में सुधार करने में सक्षम रहे हैं, और दूसरी बात यह कि कैसे निकट भविष्य में (उनके स्केच के 10वें चरण में) एक वास्तविक उदार यूटोपिया का निर्माण हो सकता है1793 के अंत में छिपने की अवधि के बाद, जिसके दौरान उन्होंने अपना सबसे प्रसिद्ध कार्य स्केच फॉर ए हिस्टोरिकल पिक्चर ऑफ द प्रोग्रेस ऑफ द ह्यूमन माइंड (जुलाई 1793-मार्च 1794) लिखा, उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया और संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। यह संभव है कि उन्होंने आत्महत्या कर ली हो या जैकोबिन्स द्वारा उनकी हत्या कर दी गई होऔर 29 मार्च, 1794 को बोर्ग-ला-रीन में उनकी मृत्यु हो गई थी।लेकिन गणित में कलन सिद्धांत में उनके योगदान व जेंडर इक्वलिटी (उन्होंने सामान्य रूप से मानवाधिकारों और विशेष रूप से महिलाओं और अश्वेतों के अधिकारों की रक्षा की हेतु) आज भी याद किया जाता है।

# अब जनता के उपहास के सौ दिन

- राकेश अचल



**बैशाखियों के सहारे 100 दिन सरकार चलने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के लिए बधाई बनती है**

` देश में मोदी सरकार-3 ने अपने कार्यकाल के सौ दिन पूरे करने के साथ ही अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटना शुरू कर दिया है लेकिन दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के बेल-कीपर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा से ये उपलब्धियों का शोर न जाने कहाँ दब गयीं। अब देश में चरों तरफ उपलब्धियों का नहीं हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनावों में हो रहे आरोप-प्रत्यारोपों का शोर ज्यादा तेज है। बैशाखियों के सहारे 100 दिन सरकार चलने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के लिए बधाई बनती है। मै मोदी जो को उनकी इस कामयाबी के लिए बधाई देता हूँ ,हालाँकि मेरी बधाई उनके किसी काम की नहीं है। उन्हें तो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बधाई चाहिए। जो अभी तक आई नहीं है । आसपड़ोस के किसी देश से 100 दिन की सरकार के लिए बधाइयों का न आना उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना महत्वपूर्ण माननीय प्रधानमंत्री द्वारा झारखण्ड की जनता को झारखंड के तीन दुश्मनों के नाम गिनाना है।

जिस समय मोदी जी को अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाना था उस समय वे हरियाणा,जम्मू-कश्मीर और झारखण्ड में उलझे हैं और इन राज्यों में कांग्रेस,आरजेडी,झामुमो और नेशनल कांफ्रेंस तथा दीगर विरोधी दलों की कमियां गिना रहे हैं ,लेकिन मै ऐसा नहीं हूँ। मै आपको बताऊंगा कि मोदी जी की सरकार ने 100 दिन में देश के लिए क्या किया और क्या नहीं किया ? सरकार की और से दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सरकार ने कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को सुविधाजनक बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है. पीएम मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है।

पिछले महीने के अंत में, पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली मेगा वधवन पोर्ट परियोजना और कई अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी,क्योंकि वहां विधानसभा कि चुनाव होना हैं। इसके पूरा होने पर, इससे देश में 12 लाख नौकरियां और लगभग 1 करोड़ अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। भगवान करे कि ऐसा हो। मोदी जी तो सब कुछ करना चाहते हैं लेकिन उनकी योजनाओं पर काम करने वाली तमाम एजेंसियां सब गुड़-गोबर कर देतीं है। वे हवाई अड्डे बनाती है तो टपकने लगते है। पुल बनातीं है तो वे बह जाते हैं। सड़कों में गढ़े हो जाते हैं। आपको मोदी सरकार के सौ दिन की उपलब्धियों कि साथ ही सरकार की नाकामियों कि बारे में भी जानना चाहिए। सरकार को इन सौ दिन में संसद में और संसद कि बाहर बार-बार मुंह की भी खाना पड़ी । सरकार वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पारित नहीं करा पायी । सरकार को लैटरल एन्ट्री पर अपने कदम वापस लेने पड़े, सरकार मीडिया से जुड़े विधेयक पर भी पीछे हट गयी । सरकार बंगाल और दिल्ली में सरकारों को नहीं हिला सकी । सरकार मणिपुर की आग नहीं बुझा पायी। लेकिन इस सबसे क्या ? सरकार ने इन सौ दिनों में बैशाखियों पर चलना सीख लिया। मणिपुर जलता रहा लेकिन सरकार यूक्रेन को बचने निकल पड़ी । बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद सरकार वहां कि हन्दू अल्पसंख्यकों कि लिए सीना तानकर खड़ी नहीं हो पायी ,लेकिन सरकार ने अमेरिका में राहुल कि बयानों को लेकर मोर्चा जरूर लिया। सौ दिन की सरकार कि मुखिया झारखण्ड में चुनाव पूर्व की रैलियों में दावा कर रही है कि झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति के भीतर भी घुस गए हैं। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है ,लेकिन मोदी जी कि पास इस बात का कोई जबाब नहीं है कि उनकी सरकार तो बांग्लादेश की पूर्व मुख्यमंत्री शेख हसीना को ही अपना मेहमान बनाये बैठी है ,जबकि उनके खिलाफ उनके अपने देश में हत्या जैसे जघन्य आरोपों कि 58 मामले दर्ज हैं। प्रधानमंत्री की सरकार कि सौ दिन पर विपक्ष कि सौ दिन भारी पड़ते नजर आ रहे है। प्रधानमंत्री जी की पार्टी हरियाणा में बगावत की आग से झुलस रही है । जम्मू-कश्मीर में भाजपा कि लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। बिहार में भाजपा कि गठबंधन की सरकार हिचकोले ले रही है। महाराष्ट्र में भाजपा -शिव सेना [शिंदे गुट ] को अल्पसंख्यक महिलाओं को बुर्के बांटना पड़ रहे हैं।बावजूद इसके देश की सरकार उपलब्धियों वाली सरकार है । देश के बुजुर्गों से रेल रियायतें छीनने वाली सरकार नयी वंदे भारत रेलें चलाने में व्यस्त है लेकिन उसे देश की अस्त-व्यस्त रेल सेवाओं की फिक्र नहीं है। बहरहाल अब देश की नजर मोदी जी के बजाय अरविंद केजरीवाल पर है । ममता बनर्जी पर है । केजरीवाल तो बेल मिलने के बाद इस्तीफा दे रहे हैं लेकिन भाजपा के राजस्थान के मुख्यमंत्री को नैतिकता के तराजू पर नहीं तौला जा रहा,जबकि वे भी उमा भारती की तरह एक अदालत में आरोपी बनाये जा चुके हैं। बहरहाल तेल देखिये और तेल की धार देखिये। एक पखवाड़े तक अपने पूर्वजों को पूजने और सियासत में उन्हें गरियाने का मौसम भी आ ही रहा है ।

# महान वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा

- रमेश सर्राफ धमोरा

हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। हर साल 17 सितंबर को यह पूजा की जाती है। लेकिन इस बार लोगों के मन में 16 सितंबर को लेकर संशय बना हुआ है। इस बार सूर्य 16 सितंबर की शाम को 7 बजकर 29 मिनट पर कन-?या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए विश?वकर्मा जयंती अगले दिन यानी कि 17 सितंबर को मनाई जाएगी। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पतंगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है।

# आज का राशिफल

**मेष** आज दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको प्रसन्नता होगी।

**तुला** सफलता से भरा होगा। आप अपनी कुछ पुरानी देनदारी चुकाने में कामयाब हो जाएंगे।

**वृषभ** आज लाभ होगा और आपकी सभी समस्याओं का समाधान होगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आज का दिन आपको बहुत बिजी रखेगा।

**मिथुन** सफलता का दिन है। कोई आपकी ख्वाहिश पूरी होगी और आपको काफी आत्मसंतोष होगा।

**धनु** आपको कर्मक्षेत्र यानी ऑफिस में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं।

**कर्क** आपके पास कई बेहतरीन अवसर आएंगे और उनको आपको समझने में लाभ होगा।

**मकर** सफलता आपके कदम चूमेगी। आपका पूरा दिन नई शक्ति और एनर्जी से भरपूर होगा।

**सिंह** आपको यदि कहीं से पहले उधार मिला था तो आप उसको चुका पाने में सफल होंगे।

**कुंभ** आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको छुटपुट धन लाभ होने की संभावना है।

**कन्या** आज करियर में लाभ का दिन है और आपके कुछ पुराने लटके कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**मीन** आप अपने में मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं।

## विशेष

# सुप्रीम कोर्ट के खनिज रॉयल्टी वाले फैसले से केंद्र सरकार नाराज

सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों के रॉयल्टी वाले फैसले से केंद्र सरकार नाराज हो गई है। केंद्र सरकार एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के सामने समीक्षा याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार को रॉयल्टी का पैसा राज्य को देना पड़ेगा। केंद्र सरकार यह राशि राज्यों को नहीं देना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश इत्यादि राज्यों को एक मुस्त बड़ी रकम मिलने जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार को 70000 करोड रुपए बिना ब्याज के राज्यों को देना है। यदि ब्याज सहित पैसा देना पड़ेगा, तो यह लगभग 150000 करोड़ हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से केंद्र सरकार के हाथ पैर फूल गए हैं।

# हरियाणा के चुनावी दंगल में एक का मुकाबला 5 से

हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है। भाजपा ने चुनाव की विशात बिछा दी है। भाजपा ने जो चक्रव्यूह रचा है, हर विधानसभा क्षेत्र से कम से कम 5 पहलवान चुनाव मैदान के दंगल मे दांव पेंच आजमाएंगे। रही-सही कसर आम आदमी पार्टी ने पूरी कर दी है। इंडिया गठबंधन हरियाणा में कुछ नहीं कर पाया। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कांग्रेस के वोट काटेंगे। भाजपा ने इसका पक्का इंतजाम कर लिया है। इंडियन नेशनल लोकदल और बहुजन समाज पार्टी ने गठबंधन कर लिया है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1665: लंदन में भयंकर प्लेग फैला. 1737: तुर्की में महमूद प्रथम गद्दी पर बैठे. 1876: उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म. 1879: द्रविड आंदोलन के प्रमुख नेता ई. वी. रामास्वामी का जन्म. 1948: पुलिस कार्यवाही के बाद हैदराबाद भारत का हिस्सा बन गया. 1949: द्रमुक की स्थापना हुई . 1956: तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग की स्थापना हुई. 1963: मलेशिया ने इंडोनेशिया से राजनयिक संबंध तोड़ लिए. 1967: तुर्की में फुटबॉल मैच के दौरान भड़की हिंसा में 42 दर्शकों की मौत हो गई तथा 61 दर्शक घायल हो गए. 1984: निकाणगुवा के निर्वासित नेता एनस्तेसियो समोजा की हत्या को उनकी कार में बम विस्फोट से गई. 1982: भारत और श्रीलंका के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट खेला गया. 1994: दक्षिणी मिस्त्र में इस्लामी उग्रवादियों ने पुलिस कर्मियों और यूनीसेफ के एक कर्मचारी की हत्या कर दी.

## दैनिक पंचांग

17 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 05.49 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | तुला | 08.00 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.14 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.30 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.36 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 16.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 17.55 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.25 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.06 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.04 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कर्क | 01.17 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.33 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 261 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 11.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 13.53 बजे को समाप्त। **योग** धृति 07.48 बजे तदनन्तर शूल 03.41 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 11.45 बजे तदनन्तर विष्टि 21.56 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 02° 09' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872105 **जूलियन दिन** 2460570.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 13 **विशेष** अनंत चतुर्दशी, गणेश विसर्जन, पूर्णिमा श्राद्ध, ओणम।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# कब है अनंत चतुर्दशी? गणेश विसर्जन, तारीख, मुहूर्त और महत्व

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर अनंत सुख देने वाला अनंत चतुर्दशी का व्रत किया जाता है. मान्यता है सालभर में इस दिन श्रीहरि की पूजा कर ली जाए तो 14 साल तक अनंत फल प्राप्त होता है. पांडवों को भी इस व्रत के प्रताप से खोया राजपाठ मिला था. इस साल अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर 2024 को है. जानें अनंत चतुर्दशी क्यों मनाई जाती है.

### अनंत चतुर्दशी गणेश विसर्जन

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 16 सितंबर दिन सोमवार को दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर प्रारंभ होगी. इस तिथि का समापन 17 अगस्त मंगलवार को दिन में 11 बजकर 44 मिनट पर होगा. ऐसे में उदयातिथि के आधार पर अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर को मनाई जाएगी. गणेश जी का विसर्जन भी 17 सितंबर को किया जाएगा.

### अनंत चतुर्दशी 2024 मुहूर्त

17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 7 मिनट से 11 बजकर 44 मिनट तक है. उस दिन गणेश पूजा के लिए आपको 5 घंटे 37 मिनट की शुभ समय प्राप्त होगा. उस दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा भी होती है.

रवि योग में है अनंत चतुर्दशी 2024

इस साल अनंत चतुर्दशी के दिन रवि योग बन रहा है. रवि योग सुबह 6 बजकर 7 मिनट से दोपहर 1 बजकर 53 मिनट तक रहेगा. रवि योग में ही अनंत चतुर्दशी की पूजा होगी. रवि योग में सभी प्रकार के दोष मिट जात हैं क्योंकि इसमें सूर्य का प्रभाव अधिक होता है. यह एक शुभ योग है. अनंत चतुर्दशी पर धृति योग प्रात-काल से लेकर सुबह 7 बजकर 48 मिनट तक है. उसके बाद शूल योग प्रारंभ होगा, जो 18 सितंबर को प्रात- 3 बजकर 41 मिनट तक रहेगा. अनंत चतुर्दशी पर शतभिषा नक्षत्र सुबह से दोपहर 1 बजकर 53 मिनट तक है, उसके बाद पूर्व भाद्रपद नक्षत्र है.

### अनंत चतुर्दशी का महत्व

अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी के अलावा भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा करते हैं. इस अवसर पर लोग दाएं हाथ में 14 गांठ वाला अनंत धागा या रक्षा सूत्र बांधते हैं.

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अनंत धागे से व्यक्ति सुरक्षित रहता है, उसे किसी चीज का भय नहीं रहता है. श्रीहरि की कृपा से उसे जीवन के अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है. उसे वैकुंठ में स्थान प्राप्त होता है.



# कैसे करें श्री गणेश को बिदा

**10 दिन श्री गणेश हमारे घर में विराजित रहे और अब उनकी विदाई होगी। 10 दिन तक हमने उन्हें प्रसन्न करने के हर प्रकार के जतन किए। उन्हें हर प्रकार का भोग लगाया। उनकी पूजन-अर्चन की। अब बारी है इस बात की कि हम उन्हें कैसी बिदाई देते हैं। परंपरानुसार कहा जाता है कि श्री गणेश प्रतिमा को उसी तरह बिदा किया जाना चाहिए जैसे हमारे घर का सबसे प्रिय व्यक्ति जब यात्रा पर निकले तब हम उनके साथ व्यवहार करते हैं। आइए जाने कैसे करें श्री गणेश को बिदा-**



- सबसे पहले 10 दिन तक की जाने वाली आरती-पूजन-अर्चन करें।
- विशेष प्रसाद का भोग लगाएं।
- अब श्री गणेश के पवित्र मंत्रों से उनका स्वस्तिवाचन करें।
- एक स्वच्छ पाटा लें। उसे गंगाजल या गौमूत्र से पवित्र करें। घर की स्त्री उस पर स्वास्तिक बनाएं। उस पर अक्षत रखें। इस पर एक पीला, गुलाबी या लाल सुसज्जित वस्त्र बिछाएं।
- इस पर गुलाब की पंखुरियां बिखेरें। साथ में पाटे के चारों कोनों पर चार सुपारी रखें।
- अब श्री गणेश को उनके जयघोष के साथ स्थापना वाले स्थान से उठाएं और इस पाटे पर विराजित करें। पाटे पर विराजित करने के उपरांत उनके साथ फल, फूल, वस्त्र, दक्षिणा, 5 मोदक रखें।
- एक छोटी लकड़ी लें। उस पर चावल, गेहूं और पंच मेवा की पोटली बनाकर बांधें। यथाशक्ति दक्षिणा (सिक्के) रखें। मान्यता है कि मार्ग में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसलिए जैसे पुराने समय में घर से निकलते समय जो भी यात्रा के लिए तैयारी की जाती थी वैसी श्री गणेश के बिदा के समय की जानी चाहिए।
- नदी, तालाब या पोखर के किनारे विसर्जन से पूर्व कपूर की आरती पुनः संपन्न करें। श्री गणेश से खुशी-खुशी बिदाई की कामना करें और उनसे धन, सुख, शांति, समृद्धि के साथ मनचाहे आशीर्वाद मांगें।
  10 दिन जाने-अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा प्रार्थना भी करें।
- श्री गणेश प्रतिमा को फेंकें नहीं उन्हें पूरे आदर और सम्मान के साथ वस्त्र और समस्त सामग्री के साथ धीरे-धीरे बहाएं।
- श्री गणेश इको फ्रेंडली हैं तो पुण्य अधिक मिलेगा क्योंकि वे पूरी तरह से पानी में गलकर विलीन हो जाएंगे। आधे अधूरे और टूट-फूट के साथ रूकेगें नहीं।
- अगर घर के गमले में गणेश जी की प्रतिमा विसर्जित करना है तो उन्हें एक स्वच्छ पात्र में रखकर पहले गला लीजिए फिर जब वे शीतल हो जाएं तब यह मिट्टी गमले में सुंदर फूलों के बीज के साथ शिफ्ट कर दीजिए।

## ये मंत्र बोलकर करेंगे श्री गणेश को बिदा

श्री गणेश के विसर्जन की बेला अब करीब आ चुकी है, आइए जानते हैं विसर्जन के 2 शुभ मंत्र, जिन्हें बोलकर बप्पा को बिदा किया जाए तो वे जीवन को खुश रखने के अच्छे-अच्छे आशीर्वाद देते हैं।

**श्री गणेश विसर्जन मंत्र 1**

यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम।
इष्टकामसमृद्धयर्थं पुनर्अपि पुनरागमनाय च।।

**श्री गणेश विसर्जन मंत्र 2**

गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ स्वस्थाने परमेश्वर।
मम पूजा गृहीत्मेवां पुनरागमनाय च।।

# अनंत चतुर्दशी के दिन कितने दीये जलाने चाहिए?



भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के दिन अनंत चतुर्दशी मनाई जाती है। इस साल अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर, दिन मंगलवार की है। अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु के अनंत रूपों की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु की इस दिन पूजा करने से अनंत सुखों की प्राप्ति होती है और जीवन से कष्ट-परेशानियां दूर हो जाती हैं। इसके अलावा, अनंत चतुर्दशी के दिन दीया जलाना भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि अनंत चतुर्दशी पर कितने दीये जलाने चाहिए। अनंत चतुर्दशी के दिन कितने दीये जलाने चाहिए?

- अनंत चतुर्दशी के दिन सबसे पहले भगवान विष्णु के सामने घी का दीया जलाएं। इस दिन भगवान विष्णु के समक्ष घी का दीया जलाने से घर में सुख-समृद्धि आती है और घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाती है।
- अनंत चतुर्दशी के दिन दूसरा दीया घर के मुख्य द्वार पर जलाना चाहिए। यह दीया सरसों के तेल या तिल के तेल से भी जला सकते हैं। घर के मुख्य द्वार पर इस दिन दीया जलाने से घर का वास्तु दोष दूर हो जाता है।
- अनंत चतुर्दशी के दिन तीसरा दीया घर की रसोई में जलाना चाहिए। घर की रसोई में नव ग्रहों और मां अन्नपूर्णा का वास होता है। ऐसे में इस दिन घर के किचन में दीया जलाने से घर धन-धान्य से भरा रहता है।
- अनंत चतुर्दशी के दिन चौथा दीया तुलसी के पौधे के पास जलाना चाहिए। तुलसी के पौधे के पास इस दिन दीया जलाने से मां लक्ष्मी का भगवान विष्णु के साथ घर में निवास होता है और उनकी कृपा मिलती है।



# ऐसे करें अनंत चतुर्दशी में श्री विष्णु की पूजा

एक वर्ष में 24 चतुर्दशी होती है। मूलतः तीन चतुर्दशियों का महत्व है- अनंत, नरक और वैंकुंठ। अनंत चतुर्दशी भाद्रपद के शुक्ल पक्ष में आती है। डोल ग्यारस के बाद अनंत चतुर्दशी और उसके बाद पूर्णिमा।

### विष्णु की पूजा

अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान अनंत (विष्णु) की पूजा का विधान होता है। भगवान विष्णु के सेवक भगवान शेषनाग का नाम अनंत है। अग्नि पुराण में अनंत चतुर्दशी व्रत के महत्व का वर्णन मिलता है।

### पूजन कैसे करें

प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेकर पूजा स्थल पर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पर अष्टदल कमल की तरह बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना करने के पश्चात एक धागे को कुमकुम, केसर और हल्दी से रंगकर अनंत सूत्र तैयार करें, इसमें चौदह गांठें लगी होनी चाहिए। इसे भगवान विष्णु की तस्वीर के सामने रखकर भगवान विष्णु और अनंत सूत्र की षोडशोपचार विधि से पूजा शुरू करें और नीचे दिए गए मंत्र का जाप करें। मिष्ठान आदि का भोग लगाएं एवं अनंत भगवान का ध्यान करते हुए सूत्र धारण करें। यह डोरा भगवान विष्णु को प्रसन्न करने वाला तथा अनंत फल देने वाला माना गया है। इस दिन श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करना बहुत उत्तम माना जाता है। भगवान विष्णु की कृपा के लिए श्री सत्यनारायण की कथा करना बहुत लाभकारी है।

### अनंत सूत्र बांधने का मंत्र

अनंत संसार महासमुद्रेमग्नं
समभ्युद्धर वासुदेव।
अनंतरूपे
विनियोजयस्वह्यनंतसूत्राय नमो
नमस्ते।।

अनंत सूत्र : इस दिन अनंत सूत्र बांधने का विशेष महत्व होता है। इस व्रत में भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा के बाद बाजू पर अनंत सूत्र बांधा जाता है। यह अनंत सूत्र (शुद्ध रेशम या कपास के सूत के धागे) को हल्दी में भिगोकर 14 गांठ लगाकर तैयार किया जाता है। इसे हाथ या गले में ध्यान करते हुए धारण किया जाता है। हर गांठ में श्री नारायण के विभिन्न नामों से पूजा की जाती है। पहले में अनंत, श्री अनंत भगवान का पहले में अनंत, उसके बाद ऋषिकेश, पद्मनाभ, माधव, वैकुंठ, श्रीधर, त्रिविक्रम, मधुसूदन, वामन, केशव, नारायण, दामोदर और गोविन्द की पूजा होती है। मान्यता है कि इस अनंत सूत्र को बांधने से व्यक्ति प्रत्येक कष्ट से दूर रहता है। जो मनुष्य विधिपूर्वक इस दिन श्री हरि की पूजा करता है उसे सभी पापों से छुटकारा मिल जाता है। धन-धान्य, सुख-संपदा और संतान आदि की कामना से यह व्रत किया जाता है। इस दिन व्रत रखने के साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करता है, तो उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होती है।

## अनंत पुण्य देने वाला उत्तम व्रत

**भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का व्रत किया जाता है। इस दिन अनंत के रूप में हरि की पूजा होती है। पुरुष दाएं तथा स्त्रियां बाएं हाथ में अनंत धारण करती हैं। अनंत राखी के समान रूई या रेशम के कुंकू रंग में रंगे धागे होते हैं और उनमें चौदह गांठे होती हैं। इन्हीं धागों से अनंत का निर्माण होता है। यह व्यक्तिगत पूजा है, इसका कोई सामाजिक धार्मिक उत्सव नहीं होता।**

अग्नि पुराण में इसका विवरण है। व्रत करने वाले को धान के एक प्रसर आटे से रोटियां या पूड़ी बनानी होती हैं, जिनकी आधी वह ब्राह्मण को दे देता है और शेष स्वयं प्रयोग में लाता है। इस दिन व्रती को चाहिए कि प्रातःकाल स्नानादि नित्यकर्मों से निवृत्त होकर कलश की स्थापना करें। कलश पर अष्टदल कमल के समान बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना की जाती है। इसके आगे कुंकूम, केसर या हल्दी से रंग कर बनाया हुआ कच्चे डोरे का चौदह गांठों वाला 'अनंत' भी रखा जाता है।

### व्रत की महिमा और मंत्र

यूं तो यह व्रत नदी-तट पर किया जाना चाहिए और हरि की लोककथाएं सुननी चाहिए। लेकिन संभव ना होने पर घर में ही स्थापित मंदिर के सामने हरि से इस प्रकार की प्रार्थना की जाती है- 'हे वासुदेव, इस अनंत संसार रूपी महासमुद्र में डूबे हुए लोगों की रक्षा करो तथा उन्हें अनंत के रूप का ध्यान करने में संलग्न करो, अनंत रूप वाले प्रभु तुम्हें नमस्कार है।' इस मंत्र से हरि की पूजा करके तथा अपने हाथ के ऊपरी भाग में या गले में धागा बांध कर या लटका कर (जिस पर मंत्र पढ़ा गया हो) व्रती अनंत व्रत को पूर्ण करता है। यदि हरि अनंत हैं तो 14 गांठें हरि द्वारा उत्पन्न 14 लोकों की प्रतीक हैं। अनंत चतुर्दशी पर कृष्ण द्वारा युधिष्ठिर से कही गई कौण्डिन्य एवं उसकी स्त्री शीला की गाथा भी सुनाई जाती है।



# कब है भाद्रपद पूर्णिमा?

## स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व

हिन्दू धर्म में पूर्णिमा तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार, साल में कुल 12 पूर्णिमा तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है भाद्रपद माह की पूर्णिमा। भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही, इस दिन चंद्रमा की पूजा भी विशेष लाभदायक सिद्ध होती है।

### भाद्रपद पूर्णिमा कब है?

**भाद्रपद पूर्णिमा आरंभ** - 17 सितंबर, दिन मंगलवार, सुबह 11 बजकर 44 मिनट

**भाद्रपद पूर्णिमा समापन** - 18 सितंबर, दिन बुधवार, सुबह 8 बजकर 4 मिनट

उदया तिथि के अनुसार, भाद्रपद पूर्णिमा 18 सितंबर को मान्य होगी।

### भाद्रपद पूर्णिमा शुभ मुहूर्त

**रवि योग** - सुबह 6 बजकर 7 मिनट से दोपहर 1 बजकर 53 मिनट तक

**स्नान-दान का मुहूर्त** - ब्रह्म मुहूर्त से सुबह 6 बजकर 8 मिनट तक

**लक्ष्मी पूजा का मुहूर्त** - सुबह 6 बजकर 12 मिनट से 7 बजकर 4 मिनट

**चंद्रमा पूजा का मुहूर्त** - शाम 6 बजकर 3 मिनट पर

### भाद्रपद पूर्णिमा महत्व

- भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा का विधान है।
- इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन के मार्ग खुलने लग जाते हैं।
- तो वहीं, चंद्रमा पूजन से मानसिक शांति मिलती है। तनाव दूर होता है।
- इसके अलावा, इस दिन सत्यानारायण की पूजा करना भी शुभ होता है।
- सत्यनारायण की पूजा से घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है।

# भाद्रपद पूर्णिमा के दिन क्या दान करना चाहिए?



भाद्रपद पूर्णिमा इस साल 18 सितंबर, दिन बुधवार की पड़ रही है। भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा का विधान है। इस दिन गंगा स्नान और दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है। आइये जानते हैं कि भाद्रपद पूर्णिमा के दिन दान में क्या-क्या देना चाहिए और क्या है उससे मिलने वाले लाभ एवं महत्व।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें अन्न का दान

भाद्रपद पूर्णिमा के दिन अन्न का दान करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि भाद्रपद पूर्णिमा के दिन अन्न का दान करने से व्यक्ति का खुद का घर हमेशा धन-धान्य से भरा रहता है, उसके घर में कभी भी अनाज की कमी नहीं होती है।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें कौड़ियों का दान

कौड़ियां मां लक्ष्मी की प्रिय मानी जाती हैं। ऐसे में अगर भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी के निमित्त कौड़ियों का दान किया जाए तो इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और कृपा बरसाती हैं। साथ ही, कौड़ी के दान से घर में धन वृद्धि होती है।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें शंख का दान

शंख को नकारात्मक ऊर्जा नष्ट करने वाला माना जाता है। ऐसे में भाद्रपद पूर्णिमा के दिन शंख का दान करने से घर की नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो नाती हैं। घर को लगी बुरी नजर भी उतर जाती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें चांदी का दान

भाद्रपद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की पूजा भी होती है। ऐसे में कुंडली में चंद्रमा को मजबूत करने के लिए और चंद्रमा की शुभता पाने के लिए भाद्रपद पूर्णिमा के दिन चांदी का दान करना चाहिए। चांदी का एक सिक्का भी दान में दे सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### करमा डाल का किया गया विसर्जन

**चाईबासा, एजेंसी।** उरांव समुदाय का महान त्यौहार भादो एकादशी करमा पूजा चाईबासा तथा आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। पारंपारिक नृत्य, संगीत और श्रद्धा के साथ करमा डाल का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर शहर के सभी सातों अखाड़ा के लोग नाचते-गाते अपने-अपने अखाड़ा से करमा डाल का विसर्जन रो-रो नदी में किये। शनिवार रात में सभी श्रद्धालुओ ने सुख, शांति व समृद्धि मांगी। इस दौरान करमा पर्व की कहानी सुनी। रातभर नाच-गाना का दौर चला। पूरे रात करमा गीत गाया गया। सभी सातों अखाड़ा को फूल पत्तियों और बिजली बत्ती से सजाया गया था। बारिश के बावजूद पर्व मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा गया। रविवार को करमा डाल के विसर्जन के साथ दो दिवसीय करमा पर्व सम्पन्न हुआ।

### नदी के बढ़ते जलस्तर पर मंत्री ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को दिए निर्देश

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के तटीय क्षेत्रों में रहने वालों को सुरक्षित रखने की चिंता मंत्री बन्ना गुप्ता ने व्यक्त करते हुए उपायुक्त को विशेष निर्देश जारी कर राहत एवं बचाव कार्य करने को कहा हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया अकॉउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा हैं कि लगातार तीन दिन से हो रहें बारिश के कारण स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा हैं और खतरे के निशान के करीब हैं। नदी तट पर रहने वाले लोगों से अनुरोध है कि सतर्क रहें।मंत्री ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा है कि मामले में सतर्कता बरतते हुए ऐसे पीड़ितों को चिह्नित करते हुए सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का उपाय करें। साथ ही उनके दवाइयों, रहने और खाने का भी इंतजाम सुनिश्चित करें और राहत एवं बचाव कार्य चलाये। उन्होंने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की हैं एवं नदी में नहीं जाने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं अपने समर्थकों से भी क्षेत्र में भ्रमण कर पीड़ित परिवार का सहयोग करने का आह्वान किया है।

### गैंग रेप में केस मैनेज कराने के नाम पर पैसे लेने का आरोपी नहीं पहुंचा सामाजिक बैठक में

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्वी टुंडी के टेसराटांड़ स्कूल मैदान में सोनोत संथाल समाज की सामाजिक बैठक में पैसे लेने आरोपी नहीं पहुंचा. समाज ने मामले को केंद्रीय कमेटी को सौंप दिया है.पूर्वी टुंडी प्रखंड की रुपन पंचायत के टेसराटांड स्कूल मैदान में सोनोत संथाल समाज ने रविवार को गैंग रेप के मामले का सामाजिक स्तर पर निराकरण को लेकर बैठक बुलायी, लेकिन में बैठक में केस को मैनेज कराने के नाम पर पैसे लेने का आरोपी पिपराटांड़ निवासी श्रीलाल सोरेन नहीं पहुंचा. इस दौरान बैठक के नेतृत्वकर्ता संदीप हांसदा ने कहा कि रुपन पंचायत की एक किशोरी के साथ हुए गैंगरेप के आरोपियों के केस को मैनेज करने के मुख्य आरोपी श्रीलाल सोरेन बैठक में नहीं उपस्थित हुआ. उन्होंने कहा कि सामाजिक बैठक में आरोपी का नहीं उपस्थित होना समाज का तिरस्कार है. मामले को सोनोत संथाल समाज की केंद्रीय कमेटी को सौंपा जायेगा. केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी.विदित हो कि आदिवासी किशोरी से गैंगरेप मामले के आरोपियों को उम्रकैद की सजा हो चुकी है. श्रीलाल सोरेन द्वारा केस को मैनेज करने के नाम पर आरोपियों के परिजनों से पैसे लेने का आरोप साबित हुआ था, जिसके बाद उसे डालसा पीएलवी के पद से निलंबित कर दिया गया था. बैठक में बाबूराम माझी, लखीकांत सोरेन, मनोज मरांडी, बोदीनाथ बेसरा, होपना मुर्मू आदि थे।

### धनबाद में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित:भगतडीह ने नागेश्वर मंदिर परिसर में बना गोफ

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। इसी बीच गर्मी से राहत जरूर मिली है। वहीं दूसरी ओर कोलियरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की धड़कन को भी बारिश ने और बढ़ा दी है। इसकी वजह है भू-धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र का होना।इसकी बानगी देखने को मिली झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भगतडीह में। जहां नागेश्वर मंदिर प्रांगण में आज करीब सौ फीट का गोफ बन गया। यहां गणेश प्रतिमा विर्सजन के लिए लाए गए साउंड बॉक्स उस गोफ में समा गए। गोफ बनने के साथ ही तेजी से गैस का रिसाव शुरू हो गया।

# झारखंड के सात से अधिक जिलों में भारी वर्षा का अनुमान, ऑरेंज अलर्ट जारी

**रांची, एजेंसी।** मौसम विभाग ने भारी वर्षा को लेकर रांची के लिए सोमवार को आरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने जारी चेतावनी में बताया है कि सोमवार को भी राजधानी में अच्छी बारिश होने की संभावना है। राज्य के उत्तर पश्चिम जिलों के पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में भारी वर्षा होने की संभावना है, इसे लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि निकटवर्ती मध्य हिस्से यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 15 और 16 सितंबर को 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की गति से तेज हवा भी बहने की भी संभावना जताई गई है। जिस कारण तापमान में भारी गिरावट हुई है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तटीय बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से झारखंड में मौसम का मिजाज बदला है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन के निम्न दबाव में तब्दील होकर पश्चिम उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

तटीय पश्चिम बंगाल से उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ रहे सिस्टम के कारण झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में मौसमी गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात होने की भी प्रबल



संभावना है। राजधानी में रविवार को दिनभर रिमझिम फुहारें होती रहीं। जिसके कारण तापमान अधिकतम तापमान में 4.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट रिकार्ड की गई है।

राजधानी में रूक-रूककर हो रही वर्षा ने आमजनों की थोड़ी परेशानी जरूर बढ़ा दी। निचले क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, तो कहीं-कहीं जलजमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी हुई।पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के लगभग सभी क्षेत्रों में हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि कहीं-कहीं भारी वर्षा हुई है। पूरे राज्य में मानसून की सक्रियता देखी गई।

मौसम विभाग की माने तो 17 सितंबर तक बारिश से राहत मिलने की संभावना है। 16 सितंबर को भी राज्य के अधिकांश हिस्से में बादल छाये रहेंगे और कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

राजधानी में रविवार को दोपहर बाद रूक-रूक कर हल्की वर्षा होती रही। सरकारी कार्यालयों व स्कूलों की छुट्टी होने के कारण सड़क पर वाहनों का आवागमन भी अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहा। शहर की मुख्य सड़कों पर आवागमन कर रहे वाहनों के हेडलाइट जल उठे।

इस बीच कुछ पुलिसकर्मी एयरपोर्ट रोड में मंदिर परिसर में खड़े नजर आए। बिरसा चौक से एचईसी की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे ब्रिज के समीप करम महोत्सव को लेकर कई महिलाएं नागपुरी गीत पर वर्षा के बीच झूमती रहीं। कई लोग टी स्टॉल पर चाय की चुस्की लेते नजर आए।

मुख्य मार्गों पर बने छोटे-बड़े गड्ढे पानी से भर चुके थे। इस कारण वाहन चालकों को सड़कों पर आवागमन करने में काफी परेशानी हुई। खासकर स्टेशन रोड में पटेल चौक व कांटाटोली से कोकर चौक की ओर जाने वाले वाहन चालकों को वर्षा के दौरान काफी परेशानी हुई।

**24 घंटे में रांची के बुढ़मू में 112 मिमी बारिश :** रांची समेत राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान अच्छी बारिश हुई। रांची में 14.2 मिमी बारिश हुई, जबकि बुढ़मू में 112.2 मिमी बारिश हुई। राज्य में गढ़वा में 152.8 मिमी बारिश हुई। मेदिनीनगर में 110.6, पूर्वी सिंहभूम में 105, लातेहार में 85, धनबाद 79.6, गिरिडीह 73.4 और हजारीबाग में 66.8 मिमी बारिश हुई।

**रांची में सामान्य से अधिक बारिश :** मौजूदा समय में बारिश के कारण मानसून की स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य की तुलना में रांची का मानसून बेहतर है। रांची में एक जून से 15 सितंबर तक 984.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 39.6 मिमी से 5अधिक है। रांची और आसपास समेत पलामू प्रमंडल के जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। जबकि, रांची और राज्य के दक्षिणी जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**बारिश से बुजुर्ग की मौत, राजधानी फंसी :** बलातेहार के महुआडांड़ में बूढ़ा नदी पार करने के दौरान डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं लातेहार के बरवाडीह स्टेशन यार्ड की लाइन पर हाई टेंशन तार पर पेड़ गिरने से राजधानी समेत कई ट्रेनों का परिचलन करीब डेढ़ घंटे बाधित रहा। रांची में नुकसान की सूचना नहीं है।

## विकास फोरम के स्थापना दिवस में बोले कुलपति-मनासामाजिक संस्थाओं का दायित्व व महत्व बढ़ा

**गोविंदपुर, एजेंसी।** वर्तमान दौर में सामाजिक संस्थाओं का दायित्व व महत्व बढ़ा है. दलगत राजनीति से हटकर सामाजिक संस्थाएं बेहतर काम कर रहीं. यह कहना है बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामकुमार सिंह का. वह शनिवार को सामाजिक संस्था विकास फोरम के 29 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने पिछले 29 वर्षों से बगैर किसी सरकारी सहायता सहायता के सामाजिक कार्यों में लगे रहने के लिए विकास फोरम के पदाधिकारियों व सदस्यों की सराहना की. इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद के प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन प्रसाद, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा राय व यूरोलॉजिस्ट डॉ गौरव प्रकाश तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह व फोरम के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सदस्य सुरेश कुमार चौधरी को सम्मानित किया गया. मेधा प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया. अध्यक्षता फोरम अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी, संचालन कृष्ण प्रसाद गिरि व विकास कुमार सिन्हा, स्वागत भाषण व सचिवीय प्रतिवेदन एसएन लाल त्यागी, वार्षिक पत्रिका विकास पथ का लोकार्पण संगीतानाथ व कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने किया. मुख्य वक्ता पूर्व आइएएस व कवि श्री राम दुबे ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि डॉ के विश्वास, संरक्षक डॉ संगीता कर्ण व पूर्व उप प्रमुख डीएन सिंह ने संस्था के कार्यों की सराहना की. मौके पर शिक्षक नेता नीलकंठ मंडल, संजय कुमार, राजकुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद मिर्धा, शंकर रविदास, प्रो एसएस गिरि, विनोद आनंद, जयप्रकाश मिश्रा, अशोक मंडल, रति रंजन गिरि, उज्जवल मंडल, रामाकांत सिंह, नुसरत प्रवीण, बैजनाथ राम, निर्मल सिंह, विमल शर्मा, किसन महाराज आदि मौजूद थे.

## चासनाला में रिकवरी एजेंट को दिनदहाड़े गोली मारकर आठ लाख रुपये की लूट

**धनबाद, एजेंसी।** चासनाला बी टाइप कॉलोनी गेट के पास रविवार को सिंदरी निवासी रिकवरी एजेंट मुकुल मिश्रा (32) को अपराधियों ने गोली मार कर आठ लाख रुपये लूट लिये.सिंदरी-झरिया मार्ग पर चासनाला बी टाइप कॉलोनी गेट के पास रविवार को पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे सिंदरी निवासी रिकवरी एजेंट मुकुल मिश्रा (32) को अपराधियों ने गोली मार कर आठ लाख रुपये लूट लिये. स्थानीय दुकानदारों ने घायल एजेंट को उठा कर चासनाला सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया. मुकुल को एक गोली लगी है. एसएनएमएमसीएच के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे दुर्गापुर रेफर कर दिया. मुकुल मिश्रा की हालत गंभीर बतायी जा रही है. इधर, सूचना पाकर सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र राउत, पाथरडीह व अन्य थानों की



पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी. एसएसपी एचपी जनार्दनन ने घटना की जांच के लिए एसआइटी गठित की है. टीम घटनास्थल का दौरा की और आसपास में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाली. पाथरडीह थानेदार पवन चंद्र पाठक ने बताया कि घायल मुकुल मिश्रा के फर्दबयान पर अज्ञात अपराधियों पर कांड संख्या-16/24 दर्ज किया गया है. अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है. जल्द मामले का उद्भेदन होगा.

एक निजी कंपनी का रिकवरी एजेंट मुकुल मिश्रा रविवार की सुबह धनबाद, बलियापुर व अन्य जगहों से पैसे की वसूली कर अपनी स्कूटी जेएच 10सीइ 8684 से धनबाद से झरिया होकर घर सिंदरी लौट रहा था. इसी दौरान चासनाला बी टाइप कॉलोनी गेट के पास दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने ओवरटेक कर उसे रोक लिया. अपराधी उसके पास से रुपये से भरा बैग छीनने लगे. एजेंट ने विरोध किया, तो अपराधियों ने उसे गोली मार दी. इसके बाद वह रोड पर गिर गया. इसके बाद अपराधी पैसों से भरा बैग लूट कर सिंदरी की ओर फरार हो गये. घटना के चासनाला में अफरा-तफरी मच गयी.

## झारखंड के गरीबों को नहीं चाहिए मोदी का आवास, पीएम के तोहफों पर भड़के इरफान अंसारी, कहा- चुनाव आते ही खुली नींद

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि झारखंड के गरीबों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आवास नहीं चाहिए। पांच साल बाद उनकी नींद खुली है। चुनाव को देखकर वे यहां आए हैं।

इरफान अंसारी ने कहा कि पिछले पांच सालों से हमारा विभाग लगातार केंद्र सरकार से आवास की मांग करता रहा, लेकिन हमारी एक भी बात नहीं सुनी गई।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना आरंभ की। अब चुनाव नजदीक है तो प्रधानमंत्री को गरीबों की याद आ रही है। उनका असली मकसद गरीबों को आवास देना नहीं, बल्कि उन्हें ठग कर उनका वोट लेना है।

अंसारी ने आरोप लगाया कि भाजपा गरीबों के नाम पर साजिश रच रही है और जल्दीबाजी में घोषणाएं कर रही है। गरीबों के प्रति उनके मन में कोई दया या संवेदना नहीं है। जिन राज्यों में उनकी सरकारें थी, सिर्फ वहां उन्होंने आवास देने का काम किया।

मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने हमेशा झारखंड के गरीबों और आदिवासियों के हितों के लिए केंद्र सरकार से सहयोग की



मांग की है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड के लोगों के लिए आवास की मांग की गई। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र से सहायता की अपील की, लेकिन केंद्र सरकार ने झारखंड की उपेक्षा करते हुए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने झारखंड के प्रति दोहरी नीति अपनाई है और हमारे राज्य को सभी महत्वपूर्ण योजनाओं से बाहर कर दिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गरीबों और वंचितों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू कर राहत दी है। राज्य के गरीब लोग इसका लाभ उठा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव नजदीक देखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अचानक झारखंड की याद आ गई है। वे बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने हमेशा झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और पीएम मोदी को गरीब, आदिवासी और मूलवासी लोगों से कोई मतलब नहीं है। वे सिर्फ हमारे राज्य के जल, जंगल और जमीन पर नजर गड़ाए हुए हैं। भाजपा की सच्चाई लोग पूरी तरह समझ चुके हैं।

## झारखंड के स्कूलों में बच्चों के बनेंगे नए आधार कार्ड

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कैंप लगाकर बच्चों का नया आधार कार्ड बनेगा। वहीं, जिन छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बना हुआ है, उनका अपग्रेड (अद्यतीकरण) किया जाएगा। पांच साल से कम उम्र के बच्चों का नया आधार रजिस्ट्रेशन होगा। पांच साल से अधिक उम्र के वैसे बच्चे जिनका आधार कार्ड नहीं बना है, उनका भी नया रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इनके अलावा पांच से सात वर्ष के और 15-17 वर्ष के वैसे बच्चे जिनका आधार कार्ड बन चुका है, उनका आधार में अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अपडेशन किया जाएगा। इसमें बच्चों की आंखों के साथ-साथ अंगुलियों की बायोमीट्रिक ली जाएगी और आधार में उसे अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए सभी सरकारी स्कूलों में कैंप लगेगा।

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से स्कूलों में आयोजित होने वाले कैंप से एक सप्ताह पहले इसकी सूचना दी जाएगी। कैंप लगाने से पहले स्कूलों के प्रभारी प्रधानाध्यापक से बच्चों की वास्तविकता की जानकारी ली जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि कितने बच्चों का आधार कार्ड उपलब्ध नहीं, कितने बच्चों का आधार यू-



डाइस प्लस में सत्यापित नहीं हुआ है। हर स्कूल में लगने वाले कैंप की सूचना संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को दी जाएगी। वे ही हर दिन इसकी मॉनिटरिंग करेंगे और इसकी रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजेंगे। प्रधानाध्यापक भी स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को कैंप से संबंधित सूचना पूर्व में ही देंगे।

**आधार ऑपरेटर करेंगे अपग्रेडेशन :** नए आधार कार्ड के रजिस्ट्रेशन और पुराने कार्ड के अपग्रेडेशन के लिए आधार ऑपरेटर स्कूल आएंगे। कैंप से एक सप्ताह पहले आधार ऑपरेटर का नाम और उनका मोबाइल नंबर दिया जाएगा। आधार ऑपरेटर अपने परिचय पत्र के साथ स्कूल में जाएंगे। उन्हें उपयोग होने वाले स्टेशनरी स्कूलों द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

स्कूलों के कैंप में बैनर लगाया जाएगा। इसमें बच्चों का निःशुल्क-मुफ्त आधार निर्माण और अद्यतीकरण लिखा होगा। कैंप में जीरो से पांच वर्ष तक और पांच वर्ष से अधिक के बच्चों का नया आधार पंजीकरण का काम निःशुल्क किया जाएगा। वहीं पांच से सात वर्ष और 15 से 17 वर्ष के बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेशन भी निःशुल्क किया जाएगा। कैंप का आयोजन सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। सार्वजनिक अवकाश के दिन कैंप संचालित नहीं होंगे, लेकिन आवश्यक अनुमति के बाद अवकाश के दिन भी कैंप संचालित किया जा सकेगा।

## झारखंड में सरना धर्म कोड को लेकर गरमायी राजनीति, कांग्रेस ने पीएम मोदी को लिया आड़े हाथ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य व खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर दौरे पर झारखंड की जनता की ओर से सवाल पूछे हैं. पूछा कि आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड लागू करने की कब तक घोषणा करेंगे? पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर क्या किया गया? झारखंड की चुनी सरकार को अपदस्थ करने के लिए व्याकुल भाजपा क्या कथित तौर पर अपमानित हुए चंपाई सोरेन को एनडीए का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करेगी?

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड को 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने का आदेश कब दिया जायेगा. श्री गुप्ता ने कहा कि झारखंड की जनता के ये सवाल इसलिए जायज हैं, क्योंकि आज सारे प्रोटोकॉल तोड़कर आपने इस सड़क से यात्रा की है. उन्होंने कहा कि झारखंड बीजेपी हमारी सरकार पर लॉ एंड आर्डर खराब होने और नक्सली एवं आतंकवादी गतिविधियों के होने का दुष्प्रचार करती हैं. आज आपने बिना किसी पूर्व निर्धारित सूचना एवं तैयारी के 130 किमी तक सड़क मार्ग से यात्रा की और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पुनः उसी सड़क से वापस आये. ऐसे में आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या कहीं भी सुरक्षा में कमी दिखी?

पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन पर कहा कि आदिवासियों को विश्वास था कि शायद नरेंद्र मोदी परिवर्तन रैली में सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा करेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री कोई घोषणा नहीं की.

# पुलिस के चंगुल में फंसा गिरिडीह का खूंखार नक्सली, एक लाख रुपये का था इनाम

### पूछताछ के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस छापेमारी कर रही है। सूत्रों की मानें तो लक्ष्मण नक्सली गतिविधि में सक्रिय था। वह अपने गांव पहुंचा था

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह की पुलिस टीम ने एक लाख के इनामी नक्सली लक्ष्मण राय को गिरफ्तार किया है। वह पीरटांड़ प्रखंड के लेढ़वाटांड़ गांव का है। पुलिस उसे गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है।

हालांकि, इस बारे में अधिकारी जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं। बताया जाता है कि एसपी डा. विमल कुमार को इस संबंध में सूचना मिली थी। फिर डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ 154 वीं बटालियन ने सघन अभियान चलाकर उसे लेढ़वाटांड़ से पकड़ा। उसके पास से हथियार भी मिले।

पूछताछ के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस छापेमारी कर रही है। सूत्रों की मानें तो लक्ष्मण नक्सली गतिविधि में सक्रिय था। वह अपने गांव पहुंचा था। वह 10 लाख के इनामी नक्सली रामदयाल महतो के साथ रहता था।

उस पर नक्सली घटनाओं में संलिप्तता को लेकर गिरिडीह के कई थानों में केस हैं। लेवी वसूलने, सरकारी भवनों को क्षति पहुंचाने, निर्माण में लगी मशीनों को क्षतिग्रस्त करने समेत अन्य आरोप हैं। पुलिस अभी उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रही है। बताया जा रहा है कि पूछताछ पूरी होने के बाद ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

वहीं एक अलग घटना में सिंदरी (धनबाद) में पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला बी टाइप ऑफिसर्स कॉलोनी के समीप झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर रविवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने दुस्साहसिक घटना वारदात



हुई।यहां दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने रविवार की सुबह साढ़े 10 बजे स्कूटी से जा रहे सिंदरी निवासी कलेक्शन एजेंट मुकुल मिश्रा को गोली मारकर करीब नौ लाख रुपये लूट लिए। मुकुल फ्लिपकार्ट कंपनी में कलेक्शन मैनेजमेंट स्टाफ के रूप में कार्यरत है। वह 27 वर्ष का है।

स्थानीय लोगों ने घायल मुकुल को चासनाला सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया, जहां से भी उसे दुर्गापुर मिशन अस्पताल भेज दिया।

सिंदरी के व्यवसायी विकेश प्रसाद ने बताया कि उनके पास फ्लिपकार्ट की राशि कलेक्शन की फ्रेंचाइजी है। मुकुल मिश्रा उनका कलेक्शन एजेंट है।

मुकुल रविवार की सुबह धनबाद, बलियापुर, गोविंदपुर, भूली समेत छह जगहों से लगभग आठ लाख 94 हजार रुपये लेकर सिंदरी के एटीएम में जमा करने जा रहा था, तभी चासनाला के पास अपराधियों ने उसपर हमला कर लूट की घटना को अंजाम दिया।

मुकुल विकेश के साथ पिछले चार माह से काम कर रहा था। मुकुल सिंदरी की ओर जा रहा था। चासनाला सेल के बी टाइप गेट के समीप झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने उसे रोक लिया व रुपये से भरा काले रंग का बैग छीनने लगे।

इस दौरान अपराधियों ने उसे गाली देते हुए जान मारने की धमकी दी, लेकिन मुकुल ने बैग नहीं दिया। इस बीच मुकुल अपनी स्कूटी झरिया की ओर घुमाकर भागने की कोशिश करने लगा।

सादे रंग की टीशर्ट व हाफ पैंट पहने एक अपराधी ने पिस्टल निकालकर मुकुल की बाईं ओर पीठ पर गोली मार दी। इससे वह नीचे जा गिरा। तब अपराधियों ने मुकुल का बैग ले लिया और सिंदरी की ओर भाग गए।

# अब केन्या में भी बिजली का बिजनेस करेंगे अडानी, मिला भारी-भरकम प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के दिग्गज कारोबारियों में शुमार गौतम अडानी अपने बिजनेस को देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी तेजी से फैला रहे हैं। हाल ही में अडानी समूह ने केन्या में एयरपोर्ट बिजनेस के लिए नई कंपनी बनाई है। वहीं, अब खबरें आ रही हैं कि अडानी ग्रुप केन्या में बिजली का भी बिजनेस करेंगे। जानकारी के मुताबिक, उन्हें केन्या में बिजली का बड़ा प्रोजेक्ट मिला है।



### राष्ट्रपति के सलाहकार ने दी जानकारी

एक रिपोर्ट के अनुसार, अडानी समूह को केन्या में पावर ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का बड़ा ठेका मिला है। रिपोर्ट में यह जानकारी केन्या के राष्ट्रपति के एक आर्थिक सलाहकार के हवाले से दी गई है। उसमें कहा गया है कि भारत के अडानी समूह और अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक की एक यूनिट को केन्या में पावर ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का ठेका दिया गया है। यह ठेका पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कंसेशन के तहत दिया गया है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो के मुख्य आर्थिक सलाहकार डेविड नडी के अनुसार, पावर ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कंसेशन 1.3 बिलियन डॉलर का है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने केट्राको के जरिए अडानी और अफ्रीका50 को नई ट्रांसमिशन लाइनें तैयार करने का पीपीपी कंसेशन दिया है।

### अडानी या अफ्रीकन बैंक की नहीं आई टिप्पणी

सलाहकार के अनुसार, अडानी और अफ्रीका50 के द्वारा प्रोजेक्ट टीम की हायरिंग की जा रही है। अफ्रीका50 अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक की एक इकाई है, जो बुनियादी संरचना से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश करती है। उन्होंने साथ ही लिखा है कि इन नई ट्रांसमिशन लाइन की लागत 1.3 बिलियन डॉलर होगी, जो केन्या को कर्ज नहीं लेना होगा। हालांकि अभी इस प्रोजेक्ट के बारे में अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक या अडानी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### एयरपोर्ट के लिए बनाई गई ये कंपनी

अडानी समूह पहले से ही केन्या में कारोबार के विस्तार को लेकर चर्चा में है। समूह ने केन्या में एयरपोर्ट चलाने के लिए हाल ही में एक नई कंपनी बनाई है, जिसका नाम एयरपोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। बताया जा रहा है कि अडानी की इस कंपनी को केन्या की राजधानी में स्थित नैरोबी एयरपोर्ट का ऑपरेशन संभालने का काम मिलने वाला है। हालांकि स्थानीय स्तर पर इस योजना को विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

### अडानी पावर, अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर चढ़े

अडानी समूह को महाराष्ट्र में लंबी अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय और ताप बिजली आपूर्ति का ठेका मिलने के बाद सोमवार को अडानी पावर के शेयर में लगभग आठ प्रतिशत की उछाल आई। इस ठेके के लिए समूह की 4.08 रुपए प्रति यूनिट की बोली ने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टोरेंट पावर जैसी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर अडानी पावर का शेयर 7.53 प्रतिशत बढ़कर 681.30 रुपए पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 7.59 प्रतिशत बढ़कर 681.55 रुपए पर कारोबार कर रहा था। अडानी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी बीएसई पर 7.39 प्रतिशत बढ़कर 1,920 रुपए पर पहुंच गए। एनएसई पर यह 7.25 प्रतिशत बढ़कर 1,918 रुपए पर था।

## नौकरी छोड़ शुरू किया काम तो लोग बोले- पगला गया है! अब करोड़ों का कारोबार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयपुर के कपिल गर्ग सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने 8 साल एमएनसी में काम किया। फिर नौकरी छोड़कर रंग-बिरंगे मोजे बेचने का बिजनेस शुरू किया। उनकी पत्नी विधि गर्ग ने इसमें उनका पूरा साथ दिया। उनकी कंपनी ठेला गाड़ी का सालाना टर्नओवर अब करोड़ों में पहुंच गया है। कपिल ने 2018 में सिर्फ 1 लाख रुपये से अपने बिजनेस की शुरुआत की थी। आइए, यहां कपिल गर्ग की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। जयपुर के कपिल गर्ग ने 2018 में ठेला गाड़ी (ज्ञत्र) नाम की कंपनी की नींव रखी थी। यह एक ऐसा ब्रांड है जो किफायती दामों पर दिलचस्प फैशन एक्सेसरीज बेचता है। कपिल ने यह ब्रांड इसलिए शुरू किया क्योंकि उन्हें बाजार में मिलने वाले कपड़े और एक्सेसरीज बोरिंग लगते थे। वह चाहते थे कि लोगों को कुछ नया और मजेदार मिले। शुरुआत में उन्होंने बच्चों और बड़ों के लिए रंग-बिरंगे मोजे डिजाइन किए जिन पर कार्टून के चित्र बने होते थे। धीरे-धीरे उन्होंने अपने प्रोडक्ट्स की लिस्ट में और भी चीजें शामिल कर लीं। इनमें टोट बैग, बॉक्सर शॉर्ट्स, रुमाल और आई मास्क शामिल थे। आज ठेला गाड़ी के पास 110 से भी ज्यादा तरह के प्रोडक्ट्स हैं। इनकी कीमत 59 रुपये से 799 रुपये के बीच है। इन प्रोडक्ट्स को उसकी वेबसाइट या अमेजन इंडिया से खरीदा जा सकता है। इंक42 के अनुसार, ठेला गाड़ी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.8 करोड़ रुपये कमाए। कंपनी का टारगेट है कि साल 2024 तक वह 5.5 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर ले। इसके लिए वह अपने प्रोडक्ट्स को और भी दुकानों और प्लेटफॉर्म पर बेचने की योजना बना रही है।

## खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत का इजाफा त्योहारों के दौरान जायका बिगाड़ेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेल पर लगने वाले आयात शुल्क को 20 प्रतिशत बढ़ा दिया है। पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क बढ़ने से त्योहारों से पहले इनकी कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। इसका असर त्योहारी सीजन के दौरान सीधे आम लोगों के जायके पर पड़ेगा। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ का कहना है कि इस फैसले से किसानों को राहत मिलेगी और उनकी कमाई भी बढ़ेगी, लेकिन दूसरी ओर आम जनता पर इसका बोझ बढ़ेगा। इससे पहले भी सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए सोयाबीन की खरीदारी समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्देश दिया था। अब 20 प्रतिशत तक आयात शुल्क बढ़ाने की कोई आवश्यकता यहां नजर नहीं आती है। इसके असर से खाद्य तेलों के भाव 15 से 22 प्रतिशत प्रति किलो तक बढ़ जाएंगे।

महासंघ के अनुसार इस फैसले से छोटे किसान तो नहीं बल्कि स्टॉक करने वाले बड़े व्यापारियों को अधिक फायदा होगा। पिछले एक से दो हफ्ते पहले खाद्य तेलों के दामों 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि पहले ही देखी जा चुकी है। जिसमें रिफाइंड ऑयल के दाम 10 प्रतिशत और सरसों का तेल 12 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर बताते हैं कि इस साल देश भर में अच्छे मॉनसून की वजह से चार राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में सोयाबीन की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोयाबीन के सबसे बड़े उत्पादक देश अर्जेंटीना और ब्राजील तथा अमेरिका में भी फसल अच्छी आने की संभावना है। रूस और यूक्रेन द्वारा सूरजमुखी के तेल बेचने की होड़ के चलते खाद्य तेलों के दाम नीचे आ गए थे।

## सिकल सेल डिजीज की दवा के लिए अब रेफ्रिजरेटर की आवश्यकता नहीं, खोजी गई रूम टेंपरेचर पर रखी जाने वाली दवा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी कांट्रेक्ट ड्रग मैन्यूफैक्चरर कंपनी एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स को बड़ी सफलता मिली है। कंपनी को हाइड्रोक्सीयूरिया के रूम टेम्परेचर पर स्टेबल रहने वाले ओरल सस्पेंशन के लिए पेटेंट मिला है। यह सिकल सेल डिजीज के इलाज़ के लिए एक सफल फॉर्मूलेशन है। यह पेटेंट मिलना फार्मास्यूटिकल सॉल्यूशन में एक इनोवेटर के रूप में एकम्स की भूमिका को मजबूत करता है। इससे हाइड्रोक्सीयूरिया सॉल्यूशन से जुड़ी स्टोरेज और ज्यादा लोगों को प्रदान करने संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण प्रगति मिली है। इसका असर आज कंपनी के शेयर पर भी दिख सकता है। सिकल सेल डिजीज एक आनुवंशिक (खून से संबंधित) बीमारी है, जो एनीमिया, बार-बार दर्द के दौरे और अन्य दुर्बल करने वाले लक्षणों जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। इस बीमारी से दुनिया भर में लाखों लोग पीड़ित हैं, खासकर भारत और अफ्रीका में इस बीमारी से ज्यादा लोग पीड़ित हैं। साल 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 8.6 प्रतिशत आबादी आदिवासी समुदायों से है, जिनमें से कई एससीडी से असमान रूप से प्रभावित हैं।

## एक साल में दोगुने से ज्यादा कर दिया पैसा, रिन्यूएबल एनर्जी से जुड़ी कंपनियों के शेयरों ने किया कमाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिन्यूएबल एनर्जी से जुड़े स्टॉक्स निवेशकों को मालामाल कर रहे हैं। कई कंपनियों के शेयरों में निवेशकों को एक साल में ही दोगुने से ज्यादा रिटर्न दे दिया है। कई शेयर तो ऐसे हैं जिनका रिटर्न एक साल में तीन गुने से भी ज्यादा रहा है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि देश में रिन्यूएबल एनर्जी (अक्षय ऊर्जा) सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार भी इस सेक्टर के जरिए बिजली पैदा करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। साथ ही इस क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को भी पूरा सहयोग दे रही है। रिन्यूएबल एनर्जी में भारत दुनिया में अग्रणी है। साथ ही इसमें लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी वजह से इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियां भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और इनके शेयर में तेजी आ रही है। इस कंपनी ने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। इसने एक साल में निवेशकों को करीब 397 फीसदी रिटर्न दिया है। अभी इस कंपनी के एक शेयर की कीमत 244.54 रुपये है। एक साल पहले अगर आपने इसमें एक साल रुपये निवेश किए होते तो आज इनकी वैल्यू करीब 4 लाख रुपये हो चुकी होती। यानी आपको एक साल में करीब 3 लाख रुपये का फायदा हो चुका होता।

## अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय से तय होगी। इसके साथ ही वैश्विक आर्थिक आंकड़े और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दिशा निर्धारित करेंगी, ऐसा विश्लेषकों का मानना है। भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछले सप्ताह महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि बृहस्पतिवार को निफ्टी और सेंसेक्स दोनों अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। बीएसई के 30 शेयरों वाला सेंसेक्स पहली बार 83,000 अंक को पार किया।



स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक होगी, जो 18 सितंबर को होगी। इसमें ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना है, हालांकि कुछ बाजार भागीदार आधा प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। यह कदम वैश्विक बाजारों के लिए सकारात्मक संकेतक हो सकता है, विशेषकर उभरते बाजारों जैसे भारत के लिए। इससे डॉलर कमजोर होगा और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में कमी आएगी, जिससे भारतीय शेयर बाजार में एफआईआई का प्रवाह बढ़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जापान के मुद्रास्फीति आंकड़े और बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति की घोषणा भी महत्वपूर्ण रहेगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगी।

मास्टर कैपिटल सर्विसेज लि. की निदेशक पल्का अरोड़ा चोपड़ा ने कहा, बाजार की दिशा प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी, जैसे कि भारत की थोक मुद्रास्फीति, अमेरिका का औद्योगिक उत्पादन, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर निर्णय और अमेरिका के बेरोजगारी दावों के आंकड़े।

बीते सप्ताह, बीएसई का सेंसेक्स 1,707.01 अंक (2.10 प्रतिशत) और निफ्टी 504.35 अंक (2.02 प्रतिशत) बढ़ा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, यह सप्ताह महत्वपूर्ण है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक का ब्याज दर निर्णय 18 सितंबर को होगा। घरेलू स्तर पर, बाजार भागीदारों की नजर थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी कोषों के प्रवाह पर होगी।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने बताया, पिछले सप्ताह एफआईआई ने लगातार लिवाली की। दो प्रमुख कारण हैं कि एफआईआई ने अपनी रणनीति को बदल दिया है- एक, अमेरिका में दरों में कटौती की संभावना और दूसरा, भारतीय बाजार की मजबूती।

## स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स की दर की समीक्षा होगी, मंत्रियों के समूह का गठन; 30 अक्तूबर तक रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में 13 सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) का गठन किया गया है। रविवार को हुई जीएसटी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों के प्रीमियम पर जीएसटी दर का सुझाव देने के लिए मंत्रिसमूह को 30 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। जीओएम के संयोजक बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी होंगे। समूह में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, राजस्थान,





आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, मेघालय, गोवा, और गुजरात के सदस्यों को भी शामिल किया गया है। इससे पहले बीते 9 सितंबर को जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जीवन और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी के वर्तमान कर ढांचे की जांच और समीक्षा का फैसला लिया गया था।

बीमा प्रीमियम पर टैक्स कितना लगेगा या इसे कर मुक्त किया जाएगा, इस संबंध में अंतिम फैसला परिषद की नवंबर में होने वाली बैठक में होने की पूरी संभावना है। बैठक जीओएम रिपोर्ट के आधार पर आयोजित की जाएगी। मंत्रिसमूह वरिष्ठ नागरिकों, मध्यम वर्ग, मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य / चिकित्सा बीमा पर टैक्स दर को लेकर सुझाव भी देगा। टर्म इंश्योरेंस, निवेश योजनाओं के साथ जीवन बीमा (चाहे व्यक्तिगत हो या समूह) और पुनर्बीमा सहित जीवन बीमा पर लगने वाली कर की दरों की भी समीक्षा होगी।

बता दें कि पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों ने स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से पूरी तरह छूट की मांग की थी। इसमें अधिकांश राज्यों में विपक्षी राजनीतिक दलों का शासन है। कुछ राज्यों ने टैक्स घटाकर पांच फीसदी करने का सुझाव दिया। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी जुलाई में इस मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना सही नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 में, केंद्र और राज्यों ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के माध्यम से 8,262.94 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के कारण 1,484.36 करोड़ रुपये एकत्र किए गए थे।

## चेतावनी! नियमों का पालन नहीं करने वाले बैंकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार बैंकों के लिए जुर्माना बढ़ाने पर विचार कर सकती है, यदि वे नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि सरकार इस सिलसिले में नियामक प्रणाली की समीक्षा कर सकती है, जिसके लिए बैंकिंग विनियमन (बीआर) अधिनियम 1949 और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम 1934 में संशोधन किया जा सकता है।

अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, वर्तमान में जुर्माना राशि बहुत कम है। हम इस पर नियामक के साथ चर्चा करेंगे और प्रावधानों में संशोधन की संभावनाओं पर विचार करेंगे। मौजूदा व्यवस्था में, रिजर्व बैंक बीआर अधिनियम की धारा 46 और 47 ए समेत अन्य प्रावधानों के तहत जुर्माना लगा सकता है, जो नियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर लगाया जाता है।





### कितनी होगी जुर्माना राशि

फिलहाल जुर्माना राशि उल्लंघन की गंभीरता पर निर्भर करती है और यह 1 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक हो सकती है। लगातार उल्लंघन पर अधिक जुर्माना और कारावास की सजा भी हो सकती है। रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर आर गांधी ने कहा, जुर्माना इतना होना चाहिए कि संस्थाएं या व्यक्ति अपने तरीके सुधारें। जुर्माना बड़ा होने पर ही इसका प्रभावी परिणाम दिखेगा। समय-समय पर जुर्माना राशि की समीक्षा की जानी चाहिए ताकि वह महंगाई और आय बढ़ने के कारण मामूली न रह जाए।

इकनॉमिक लॉ प्रैक्टिस के वरिष्ठ वकील और बैंकिंग तथा आईबीसी प्रैक्टिस के प्रमुख मुकेश चंद ने कहा, जुर्मानों की अधिकतम सीमा बड़ी वित्तीय संस्थाओं के लिए पर्याप्त नहीं होती। बार-बार उल्लंघन या अपराध के मामलों में यह विशेष रूप से सच है। बीआर अधिनियम और आरबीआई अधिनियम के तहत जुर्माना राशि शायद इतनी अधिक नहीं होती कि वह बड़े बैंकों और वित्तीय संस्थानों पर असर डाल सके। इसके अलावा, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) और अन्य कानूनों के तहत भी रिजर्व बैंक को जुर्माना लगाने का अधिकार है। चंद ने सुझाव दिया कि नियामक को जुर्माने के बजाय अनुपालन प्रणाली और प्रतिष्ठा से जुड़े परिणामों पर ध्यान देना चाहिए। वित्त वर्ष 2024 में, रिजर्व बैंक ने 281 जुर्माने लगाए, जिनकी कुल राशि 86.1 करोड़ रुपए थी। चंद ने अन्य देशों के नियामकों की ओर इशारा किया, जो वित्तीय जुर्मानों पर निर्भरता कम कर रहे हैं और अधिक सख्त अनुपालन रेटिंग व्यवस्था अपनाकर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर चाय कीमत जानकर चौंके चिदंरबम

### एयरपोर्ट गरम पानी और टी बैग की कीमत 340 रुपये है

### इस बारे में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर ट्वीट किया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिन-ब-दिन बढ़ती महंगाई से आम आदमी ही नहीं बल्कि खास लोग भी परेशान हैं। खासकर खानेपीने की चीजों की कीमत में काफी इजाफा हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और जाने माने वकील पी चिदंबरम ने कोलकाता एयरपोर्ट पर चाय की कीमत पर हैरानी जताई है। चाय की कीमत उन्हें इस कदर चुभ गई कि उन्हें एक्स पर ट्वीट करके इसकी शिकायत कर दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक चाय मंगाई जिसके लिए उन्हें 340 रुपये चुकाने पड़े।

चिदंबरम ने ट्वीट किया, मुझे अभी पता चला कि कोलकाता एयरपोर्ट में गरम चाय और टी बैग की कीमत 340 रुपये है। रेस्टोरेंट का नाम दा कॉफी बीन एंड टी लीफ है। कुछ साल पहले मैंने पाया कि चेन्नई एयरपोर्ट पर गरम पानी और टी बैग की कीमत 80 रुपये थी। मैंने इस बारे में ट्वीट किया। एएआई ने इसका संज्ञान किया और इस पर कार्रवाई की। चिदंबरम के इस ट्वीट के जवाब में कोलकाता एयरपोर्ट ने कहा, सर, आपने कीमत में अनियमितता के बारे में आपकी बात नोट कर ली है। हम इसे देखेंगे और इस बारे में जल्दी आपको अपडेट करेंगे।



### कंपनी का जवाब

अमेरिका की कॉफी चेन दा कॉफी बीन एंड टी लीफ का कहना है कि वह इंटरनेशनल, नेशनल और लोकल ब्रांड को ऑपरेट कर रही है। हर ब्रांड का टेस्ट और एक्सपीरियंस को लेकर अपना स्टैंडर्ड है। इस हिसाब से उनकी कीमत है। हर मैन्यू पर कीमत डिस्प्ले की जाती है। क्वालिटी, हाइजीन, क्वांटिटी आदि को लेकर हर ब्रांड का अपना स्टैंडर्ड है जो भारत और विदेशों में सभी यूनिट्स में एक बराबर होना चाहिए। ब्रांड का दावा है कि कई एयरपोर्ट्स पर उसके आउटलेट हैं और उनमें कीमत 20 रुपये से शुरू होती है। लेकिन कोलकाता एयरपोर्ट को यूज करने वाले यूजर्स की शिकायत है कि फूड एंड बेवरेज आउटलेट पर कीमत बहुत ज्यादा है। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने कहा कि मैनेजमेंट कोलकाता एयरपोर्ट की स्थिति की समीक्षा करेगा। लेकिन उन्होंने कहा कि एफएंडबी आउटलेट को मास्टर फ्रेंजाइजी ने लीज पर दिया है, इसलिए एएआई का कीमतों पर ज्यादा कंट्रोल नहीं है।

# सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया को चेताया, बोले दलीप ट्रॉफी में भारतीय गेंदबाजों का खेलना है जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर चेताया है। 19 सितंबर से शुरू हो रही बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले दलीप ट्रॉफी के आयोजन को सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट बोर्डका स्मार्ट मूव बताया है। अगले साढ़े 4 महीने में भारतीय टीम 10 टेस्ट खेलेगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को लेकर गावस्कर ने कहा है कि भारत को कम से कम 5 मैच जीतने होंगे और यह आसान नहीं होगा।

सुनील गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा है कि भारतीय टीम गेंदबाजों को दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए था, क्योंकि सेकंड स्ट्रिंग गेंदबाजों के खिलाफ यह पता लगाना काफी मुश्किल है कि कौन कितना अच्छा बल्लेबाज है? चयनकर्ताओं को यह पता नहीं चलेगा कि कौन कितना बेहतर बल्लेबाज है। ध्यान रहे कि दलीप ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा नहीं खेले। सिराज और जडेजा को बाद में टीम से रिलीज किया गया। वहीं अश्विन और बुमराह को चुना नहीं गया था। मोहम्मद शमी चोटिल चल रहे हैं।



### दलीप ट्रॉफी का आयोजन बेहतरीन कदम

सुनील गावस्कर ने लिखा, बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होने से ठीक पहले दलीप ट्रॉफी का आयोजन बीसीसीआई द्वारा उठाया गया सबसे बढ़िया कदम है। बेहतरीन खिलाड़ियों के लिए भी इंटरनेशनल कंपटीशन में बगैर तैयारी के जाना कभी भी आसान नहीं होता, फिर चाहे विरोधी टीम कैसी भी हो। पाकिस्तान में खेले गए दोनों टेस्ट मैचों में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश की टीम ने दिखा दिया है कि वे क्या कर सकते हैं। कुछ साल पहले भी जब भारत ने बांग्लादेश का दौरा किया था, तो बांग्लादेशियों ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी।

### बांग्लादेश को हल्के में नहीं ले सकते

सुनील गावस्कर ने लिखा, अब पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद वे भारत से भी भिड़ने के लिए तैयार हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं और कुछ नए होनहार खिलाड़ी हैं, जो अब विरोधी टीम से पहले जैसा खौफ नहीं खाते,जैसा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शुरुआती दौर में दिखता था। अब उनके खिलाफ खेलने वाली हर टीम जानती है कि वे चीजों के हल्के में नहीं ले सकतीं , नहीं तो पाकिस्तान जैसी हालत हो सकती है। यह निश्चित रूप से एक ऐसी सीरीज होगी जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

### 10 में से 5 टेस्ट जीतना जरूरी

सुनील गावस्कर ने कहा, भारत को अगले साढ़े चार महीनों में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं और उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए कम से कम पांच मैच जीतने होंगे। इनमें से कोई भी टेस्ट आसान नहीं होगा और इसलिए हमें रोमांचक क्रिकेट देखने को मिल सकता है। दलीप ट्रॉफी एक ऐसा टूर्नामेंट था, जो चयनकर्ताओं को खिलाड़ियों के बारे में बहुत सारी जानकारी देता था और खिलाड़ियों को भी पता था कि अगर वे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो भारत के लिए चुने जाने की उनकी संभावना बढ़ जाएगी।

## अश्विन ने चुना सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर, रोहित-कोहली को किया नजरअंदाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर का नाम लेते समय स्टार बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को नजरअंदाज किया और तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को यह सम्मान दिया। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से ही बुमराह गेंद से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वह 2023 के वनडे विश्व कप में 20 विकेट लेकर चौथे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और फरवरी 2024 में टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर एक रैंक पर भी पहुंचे। बुमराह ने हाल ही में टी20 विश्व कप 2024 में भारत के विजयी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें उन्होंने 4.17 की रिकॉर्ड-तोड़ इकॉनमी रेट के साथ 8 मैचों में 15 विकेट लिए थे। उनके प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। अश्विन ने एक यूट्यूब चैनल पर कहा, हम चेन्नई के लोग गेंदबाजों की बहुत सराहना करते हैं। वह 4-5 दिन पहले एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे। हमने उन्हें रजनी जैसा व्यवहार दिया। हम (चेन्नई के लोग) गेंदबाजों के साथ बहुत अच्छा व्यवहार करते हैं। उनके साथ चैंपियन जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। मैं नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन जसप्रीत बुमराह इस समय सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर हैं। पीठ की चोट से उभरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से बुमराह ने छह टेस्ट मैचों में 15.35 की औसत से 31 विकेट लिए हैं, जिसमें दो बार पांच विकेट भी शामिल हैं। टी20आई में उन्होंने 10 मैचों में 8.57 की औसत से 4.32 की शानदार इकॉनमी से 19 विकेट लिए हैं। वनडे में उन्होंने 2023 से अब तक 16 पारियों में 20.28 की औसत और 4.40 की इकॉनमी से 28 विकेट लिए हैं।

## मुझे शुरुआत में इससे जूझना पड़ा, शेन वॉर्न से तुलना पर बोले नाथन लियोन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन ने अपने करियर के दौरान लगातार दिग्गज गेंदबाज शेन वॉर्न से तुलना किए जाने के तथ्य को स्वीकार कर लिया है। 36 वर्षीय लियोन जो कभी तुलना के कारण दबाव महसूस करते थे, अब इससे शांत हो गए हैं। 129 टेस्ट मैचों और 530 विकेटों के अनुभवी लियोन ने खुलासा किया कि वॉर्न के लंबे कद के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित करना मुश्किल हो गया था। सर्वकालिक महान लेग स्पिनर का 2022 में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया, ने 708 टेस्ट विकेटों के विशाल स्कोर के साथ 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। हालांकि 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले लियोन को अपने करियर की शुरुआत में वॉर्न की जगह लेने का भारी दबाव महसूस हुआ। लियोन ने कहा, शायद मुझे शुरुआत में इससे जूझना पड़ा क्योंकि आप हर मैच में अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मीडिया और ऑस्ट्रेलियाई जनता पूछ रही थी, अगला स्पिनर कौन है? हमें एक स्पिनर की जरूरत है जो शेन वॉर्न ने आखिरी दिन जो किया, वह कर सके।

# आशा करती हूं आपको और कामयाबी मिले

### मनु भाकर ने नीरज चोपड़ा के लिए किया पोस्ट


**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रसेल्स में हुए डायमंड लीग के फाइनल में भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे थे। वह एक सेंटीमीटर से चैंपियन बनने से चूक गए थे। इसके बाद नीरज ने एक पोस्ट के जरिये बताया था कि उनके हाथ में फ्रैक्चर था और इसके बावजूद वह खेलने उतरे और दूसरे स्थान पर रहे। इस पोस्ट में नीरज ने यह भी बताया था कि उनका यह सीजन खत्म हुआ और अब अगले सीजन में वह मजबूती के साथ वापसी करेंगे। इस पोस्ट पर फैंस की कई प्रतिक्रियाएं आईं और सबने नीरज के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की। अब इस पोस्ट पर पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वालीं शूटर मनु भाकर की प्रतिक्रिया भी आई है। उन्होंने नीरज के ट्वीट को रीशेयर करते हुए उसके कैप्शन में कुछ ऐसा लिखा, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है।

मनु ने नीरज को बधाई दी और चोटों से जल्द उबरने की भी कामना की। उन्होंने एक्स पर नीरज की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 2024 में शानदार सीजन के लिए नीरज को बधाई। आने वाले वर्षों में आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अधिक सफलता की कामना करती हूं। दरअसल, मनु का नाम कुछ समय पहले पेरिस ओलंपिक रजत पदक और टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा से जोड़ा जा रहा था। हालांकि, उनके परिवार से इसका खंडन आ चुका है। मनु एक शो के दौरान नीरज को लेकर सवाल पूछे जाने पर नाराज हो गई थीं और इवेंट छोड़कर चली गई थीं।



अपने पोस्ट में नीरज ने लिखा था-जैसे-जैसे 2024 का सीजन समाप्त हो रहा है, मैं उन सब चीजों को याद कर रहा हूं जो मैंने साल भर में सीखा है जिसमें सुधार, असफलताओं, मानसिकता और बहुत कुछ है। सोमवार को अभ्यास के दौरान मुझे चोट लग गई और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की चौथी मेटाकार्पल हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। यह एक और दर्दनाक चुनौती थी। लेकिन अपनी टीम की मदद से मैं ब्रसेल्स में भाग लेने में सक्षम हो गया। यह साल की आखिरी प्रतियोगिता थी और मैं ट्रैक पर अपना सीजन समाप्त करना चाहता था। जबकि मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका, मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सीजन था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। मैं अब पूरी तरह से फिट होकर वापसी के लिए और खेलने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

नीरज ने फैंस के लिए लिखा, मैं आपके प्रोत्साहन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। 2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है। 2025 में मिलते हैं। जय हिंद! नीरज अभी भी 90 मीटर के निशान को पार नहीं कर सके हैं। यह एक ऐसा लक्ष्य होगा जिसे वह 2025 में पूरी करना चाहेंगे। ब्रसेल्स में खेले गए फाइनल मुकाबले में नीरज 87.86 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और खिताब पर कब्जा जमाया। नीरज के लिए यह सीजन बेहद खास नहीं रहा है, लेकिन हां उनके प्रदर्शन में निरंतरता रही है। उन्होंने लगातार 85+ मीटर का आंकड़ा छुआ है। हालांकि, वह कुछ मौकों पर करीबी अंतर से पहले स्थान से चूक गए।



## फॉर्मूला-2 रेस में भारत के रेसर कुश मैनी हुए दुर्घटना का शिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसर कुश मैनी की कार रविवार को फॉर्मूला-2 रेस के दौरान बड़ी दुर्घटना से बच गए। 23 साल के खिलाड़ी की कार का इंजन अचानक बंद हो गया था। ऐसे में साथी रेसर जोसफ मारिया मारती और ओलिवर गोएथे के साथ भिड़ंत की आशंका पैदा हो गई। मैनी का कार का पिछला हिस्सा इस टक्कर में क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि वह कार से सुरक्षित निकल आए।मैनी के पिता ने बताया कि उनका बेटा ठीक है और उन्हें चोट नहीं आई। प्रोटोकॉल के तहत उनके चिकित्सकीय परीक्षण कराए गए हैं और उनकी सभी रिपोर्ट सामान्य आई हैं। इनविक्टा रेसिंग की ओर से फॉर्मूला-2 रेस में अपने दूसरे सीजन में भाग ले रहे मैनी 11वें स्थान पर रहे। रेस ट्राइडेंट के रिचर्ड वरशूर ने जीती।

## अमेरिकी लीग में खेल सकते हैं जेम्स एंडरसन



### कहा था- वाइट-बॉल क्रिकेट खेलने पर विचार कर रहा हूं, एक टीम संपर्क कर रही

**लंदन, एजेंसी।** जेम्स एंडरसन ने 10 से 12 जुलाई 2024 को करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेला। उन्होंने कुल 4 विकेट लिए। उनके नाम 704 टेस्ट विकेट हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अमेरिका की मेजर प्रीमियर लीग-2024 में खेल सकते हैं। एंडरसन के वापसी के बयान के बाद अमेरिकी लीग की एक फ्रेंचाइजी उन्हें अपने साथ जोड़ने में रुचि रखती है। इतना ही नहीं, फ्रेंचाइजी उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रही है और जानना चाहती है कि वे मेजर प्रीमियर लीग खेलना चाहते हैं या नहीं।टेस्ट में इंग्लैंड के टॉप विकेट टेकर एंडरसन ने 4 महीने पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में संन्यास ले लिया था। उनके नाम 704 टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन इंग्लैंड के बॉलिंग मेंटर बन गए हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि वे अक्टूबर में पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाजी मेंटर बने रहेंगे। 12 लाख 58 हजार कमा सकते हैं एंडरसन रिपोर्ट में लिखा गया कि एंडरसन के एक छोटे कार्यकाल में लगभग 12 लाख 58 हजार रुपए (135,000) कमा सकते हैं। लीग ने 2024 सीजन के लिए बड़े खिलाड़ियों को आकर्षित किया है। इनमें ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड जैसे नाम शामिल हैं।

### इंडियन रेसिंग फेस्टिवल

## मोहम्मद रयान की पहली आईआरएल जीत



**चेन्नई, एजेंसी।** रविवार को मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) में हुए इंडियन रेसिंग फेस्टिवल के तीसरे दौर में चेन्नई टर्बो राइडर्स के लिए एक रोमांचक दिन था। मोहम्मद रयान ने पोल से शुरू करके इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) में अपनी पहली जीत दर्ज की। 22 साल के रयान की यह जीत उनके साथी जॉन लैंकेस्टर की शनिवार को रेस-1 में हुई जीत के बाद आई।

2019 के रोटैक्स कार्टिंग चैंपियन रेयान ने अपने घरेलू ट्रैक पर तेज शुरुआत की और लगातार बेहतरीन लैप्स पूरे करके आईआरएल में अपनी पहली जीत दर्ज की, जिससे उनकी टीम चेन्नई टर्बो राइडर्स में जश्न का माहौल बन गया। जीत के बाद खुश रयान ने कहा, ÷मेरी शुरुआत अच्छी रही और मैंने लगातार फोकस बनाए रखा। मुझे खुशी है कि मेरी टीम चेन्नई टर्बो राइडर्स ने इस वीकेंड दोनों आईआरएल रेस जीती और बड़े पॉइंट्स हासिल किए।÷

फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप में तीन रेसों में तीन अलग-अलग विजेता बने। रुहान अल्वा (श्राची रारह बंगाल टाइगर्स), वीर शेठ (अहमदाबाद एपेक्स रेसर्स) और दक्षिण अफ्रीका के अकील अलीभाई (ब्लैक बर्ड्स हैदराबाद) ने जीत दर्ज की।

दिन की पहली रेस में रुहान अल्वा ने पहले ही लैप में बढ़त बना ली और उन्हें रोकना मुश्किल हो गया। 15 मिनट के बाद सेफ्टी कार आई जिससे रेस धीमी पड़ गई। रेस के फिर से शुरू होने पर, अल्वा ने जीत हासिल की और रेस का सबसे तेज लैप भी उनके नाम रहा।

अगली रेस में जेडन परियत ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी, हालांकि अलीभाई से टक्कर के बाद उनका स्थान खिसक गया। परियत को बाद में ÷टक्कर से बचने में नाकाम रहने÷ के लिए 20 सेकंड की पेनल्टी दी गई, जिससे वह आठवें स्थान पर आ गए। इसके बाद वीर शेठ, रुहान अल्वा और अभय मोहन (बेंगलुरु स्पीडस्टर्स) ने क्रमश- पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# विनेश फोगाट के बाद साक्षी मलिक ने भी शुरू की नई पारी, बबीता की बहन गीता फोगाट का मिला साथ; ओलंपिक मेडलिस्ट ने भी मिलाया हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटने के बाद राजनीतिक पारी की शुरुआत कर चुकी हैं। जंतर-मंतर पर धरने पर उनके साथ बैठने वाली ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने भी अब नई पारी शुरू कर दी है। हालांकि वह राजनीति में नहीं बल्कि खेल की दुनिया में ही काम करने वाली हैं। साक्षी मलिक ने कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट गीता फोगाट और ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अमन सेहरावत के साथ मिलकर रेसलिंग लीग का ऐलान किया है। साक्षी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस लीग के बारे



में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'प्रिय देशवासियों, हमारे गांव और समुदायों ने हमें पाला-पोसा, लेकिन पूरे राष्ट्र ने हमें चैंपियन बनाने में एकजुट होकर मदद की। तिरंगे के लिए लड़ने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है, और आपके प्यार और प्रेरणा से यह संभव हो सका। हम आपके प्रति आभारी हैं और अपने सार्वजनिक एवं निजी सहयोगियों के भी योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं। हम विशेष रूप से सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए आभारी हैं।' साक्षी ने बताया कि यह एक विश्व स्तर की लीग होगी। साक्षी ने लिखा, 'आपके विश्वास का एकमात्र उत्तर यही है कि हम अपनी खेल प्रतिभा, अनुभव, दृढ़ता और सफलता को खेल की सेवा में समर्पित करें। हम तीनों ने इसलिए कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग का गठन किया है। एक विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय लीग है, जो हमारे पहलवानों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर वैश्विक खेल में अपनी पहचान बनाने के लिए कौशल और ताकत प्रदान करेगी। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, विशेषज्ञों द्वारा संचालित वातावरण में सर्वश्रेष्ठ समर्थन प्रणालियों के साथ किया जाएगा। हमें खुशी है कि अमन हमारे विज़न को शेयर करते हैं और इस यात्रा में हमारे साथ जुड़े हैं।'

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने गुपचुप तरीके से रचाई शादी



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा अदिति राव हैदरी और साउथ के सुपरस्टार सिद्धार्थ ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। इस चर्चित जोड़ी की वेडिंग की पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसने फैंस को चौंका दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, दोनों ने बेहद निजी समारोह में एक-दूसरे के साथ सात फेरे लिए, जिसमें सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल थे। अदिति और सिद्धार्थ ने अपनी शादी को लेकर कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं की थी, लेकिन अब उनकी शादी की तस्वीर सामने आने के बाद यह खबर चर्चा का विषय बन गई है। फैंस इस जोड़ी की वेडिंग फोटो पर ढेरों प्यार बरसा रहे हैं और दोनों को नई जिंदगी की शुभकामनाएं दे रहे हैं। लंबे समय से दोनों के रिश्ते की अफवाहें चल रही थीं, और अब इनकी शादी की खबर से उन अटकलों पर विराम लग गया है।

# मां बनने वाली हैं अभिनेत्री श्रद्धा आर्या

**सोशल मीडिया पर दी गुड न्यूज़**



अभिनेत्री श्रद्धा आर्या मां बनने वाली हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दी। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें उनके पति राहुल नागल भी साथ में दिख रहे हैं। दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कैप्शन दिया, हम एक छोटे चमत्कार की उम्मीद कर रहे हैं।

श्रद्धा ने नवंबर 2021 में अपने करीबी लोगों की मौजूदगी में भारतीय नौसेना के अधिकारी राहुल नागल से शादी की थी। इससे पहले श्रद्धा ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त अंजुम फकीह के जन्मदिन पर उनकी स्विस यात्रा की एक तस्वीर पोस्ट की थी। उन्होंने लिखा था, यह मेरी सबसे क्रेजी बेस्टी का जन्मदिन है। मेरे जीवन में इतनी खुशी और अजीबोगरीब चीजें लाने के लिए धन्यवाद। आपके बिना जीवन कितना नीरस होता। आप हमेशा ऐसे ही बेफिक्र और खुशमिजाज रहें। लव यू। श्रद्धा ने अपने करियर की शुरुआत जी टीवी के टैलेंट हंट शो इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज से की थी, जिसमें वह फर्स्ट रनर-अप बनी थीं। उन्होंने 2006 में तमिल फिल्म कलवानिन कधली से अभिनेता-निर्देशक एसजे सूर्या के साथ अभिनय की शुरुआत की थी। 2007 में राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित निशब्द से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की, जिसमें अमिताभ बच्चन और जिया खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। श्रद्धा ने सुदीप साहिर के साथ शो मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की में मुख्य भूमिका निभाई थी। वह तुम्हारी पाखी, ड्रीम गर्ल और कुंडली भाग्य जैसे टीवी शो का हिस्सा रही हैं।

**सई ने किया खुलासा**

# बिना शर्त की दोस्ती निभाते हैं सलमान खान और महेश मांजरेकर



सई मांजरेकर बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान के साथ बड़े पर्दे पर फिल्म 'दबंग 3' से डेब्यू किया। सई अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर की बेटी हैं। कहा जाता है कि सलमान और महेश के बीच काफी पुरानी और गहरी दोस्ती है। अब दोनों अभिनेताओं की दोस्ती पर सई मांजरेकर ने खुलासा किया है।

महेश मांजरेकर ने सलमान खान के साथ 'रेडी', 'वांटेड', 'दबंग 3' जैसी फिल्मों में काम किया है और 'अंतिम- द फाइनल ट्रुथ' का निर्देशन भी किया है। उनकी दोस्ती प्रोफेशनल रिश्तों से परे है और उन्होंने हमेशा मुश्किल समय में एक-दूसरे का साथ दिया है। सई ने हाल ही में सलमान और महेश के रिश्ते के और दोस्ती के बारे में बात की।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जब सई से उनके पिता महेश और सलमान के दोस्ती के बारे में पूछा गया तो उन्होंने सिद्धार्थ कन्नन से कहा कि उनकी दोस्ती बिना शर्त के है। उन्होंने कहा, 'मैंने सलमान सर और पापा को साथ देखा है कि उनके बीच जो प्यार है, उसमें कोई अपेक्षा नहीं है। देना और लेना बिलकुल नहीं है और मुझे लगता है कि उनका रिश्ता बहुत खूबसूरत है। इसे बनाए रखना बहुत मुश्किल है।'

**सई को भी है ऐसे रिश्ते की उम्मीद**

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'कभी-कभी, खास तौर पर मेरे लिए जीवन में, जब मैं अपनी ऊर्जा किसी दोस्त या साथी या दोस्त को देती हूं, तो मैं उस ऊर्जा की वापसी की उम्मीद करती हूं, वो दोनों ही दो ऐसे लोग हैं जो एक-दूसरे को दे रहे हैं। मैं चाहती हूं कि किसी दिन मेरे पास भी ऐसा हो।'

सई ने यह भी कहा कि ऐसा रिश्ता उनका अपनी बिल्ली के साथ भी हो सकता है क्योंकि वह उसे अपना सारा प्यार दे सकती हैं। सई ने फिल्म 'औरों में कहां दम था' में युवा वसुधा की भूमिका निभाई। रोमांटिक थ्रिलर फिल्म में अजय देवगन, तब्बू, जिमी शेरगिल और शांतनु माहेश्वरी शामिल हैं।



# वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 के लिए तैयार प्रियंका चोपड़ा

**प्रियंका** चोपड़ा ने अपनी आगामी वेब सीरीज सिटाडेल की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने वेब सीरीज से जुड़ी एक वीडियो क्लिप अपने सोशल मीडिया अकाउंट की स्टोरी पर आज सुबह ही साझा की है, जिसे देखने के बाद प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं।

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने आगामी प्रोजेक्ट्स की बैक-टू-बैक शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में कई हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग पूरी की है और अब उन्होंने अपनी आगामी वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग शुरू कर दी है।

प्रियंका ने वेन्यू पर जाते समय इसकी पहली झलक सोशल मीडिया पर साझा की है, जिसपर अब प्रशंसक लगातार अपनी राय साझा कर रहे हैं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह मौके पर गाड़ी चलाती नजर आ रही हैं और उन्होंने लिखा, हैलो सिटाडेल एस 2। यह वीडियो क्लिप प्रियंका ने सुबह 5 बजकर 39 मिनट पर साझा की है।



**'हम दोनों को बचे पसंद हैं'**

# सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल कब देंगे गुड न्यूज शादी के 4 महीने बाद किया खुलासा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा इस साल यानी कि 2024 में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रही हैं। उन्होंने इसी साल जून महीने में लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी कर ली थी। दोनों ने प्राइवेट सेरेमनी में रजिस्टर मैरिज की थी। उन्होंने शादी से पहले सात साल तक एक-दूसरे को डेट किया था। इनकी शादी काफी चर्चा में रही थी। हालांकि, बाद में परिवारवाले राजी हो गए थे और कपल अपनी शादी को काफी इन्जॉय कर रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने बेबी प्लानिंग को लेकर चुप्पी तोड़ी है। जहीर ने कहा कि दोनों को बचे पसंद हैं।

दरअसल, सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने जूम से बात की और इस दौरान कपल ने अपनी शादी, रिलेशनशिप और बेबी प्लानिंग से लेकर कई चीजों पर बात की। दोनों ने बेबाकी से पर्सनल लाइफ को लेकर बात की। बेबी प्लानिंग के सवाल पर पहले सोनाक्षी सिन्हा ने रिएक्ट करते हुए कहा, 'बेबी प्लानिंग के बारे में तो हमारे पेरेंट्स भी अभी नहीं पूछ रहे तो कैसेड' इस पर जहीर रिएक्शन देते हैं, 'अभी तो हमने शादी की है और अपनी शादीशुदा जिंदगी का मजा ले रहे हैं। अभी हम सिर्फ हम होने को इन्जॉय करना चाहते हैं और हमें इन्जॉय करने दिया जाए। हम दोनों को ही बचे बहुत पसंद हैं।'

इसके साथ ही जहीर आगे कहते हैं, 'इसलिए, हम जानते हैं कि जब बचा पैदा होगा तो सब कुछ उसी के लिए होगा। लेकिन अभी तो हम सिर्फ एक-दूसरे के साथ और समय को इन्जॉय कर रहे हैं।' इस पर सोनाक्षी सिन्हा भी जहीर की बात से सहमति जताती हैं। सोनाक्षी और जहीर से एक-दूसरे के लिए फीलिंग्स के बारे में पूछा गया तो इस पर बिना हिचकिचाए एक्ट्रेस ने कहा, 'मैंने तो इसे एक महीने में ही बुक कर दिया था कि शादी करूंगी तो बस इसी से करूंगी। इसे यकीन नहीं हुआ जब मैंने इसे बोला तो। उस समय हमें रिलेशनशिप में आए यादा वक्त नहीं हुआ था। मुझे तो पक्का तब से ही था

# 'अनंत अंबानी से एक-दो फंक्शन ज्यादा ही करूंगी'

**आम्रपाली दुबे ने बताया वेडिंग प्लान**

**भोजपुरी** सिनेमा जगत की टॉप एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे की पॉपुलैरिटी किसी बॉलीवुड हीरोइन से कम नहीं है। इंडस्ट्री में उन्हें यूट्यूब क्वीन के नाम से भी जाना जाता है। एक्टिंग के साथ-साथ फैंस उनकी अदाओं और खूबसूरती के भी दीवाने हैं। एक्ट्रेस के फिल्मों और गानों की चर्चा खूब होती रही है लेकिन, उससे कम चर्चे उनकी पर्सनल लाइफ के नहीं रहे हैं। निरहुआ यानी कि दिनेश लाल यादव के साथ वो अक्सर अपनी डेटिंग की खबरों के लेकर हेडलाइन्स में रहती हैं। ऐसे में अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने वेडिंग प्लान शेयर किए हैं। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।



दरअसल, आम्रपाली दुबे ने हाल ही में आंचल दुबे के पॉडकास्ट में शिरकत की। इस दौरान भोजपुरी की एक्ट्रेस ने अपनी निजी जिंदगी से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक के बारे में बात की। इसी बीच एक्ट्रेस से उनके वेडिंग प्लान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस पर खुलकर बातें शेयर की, जिसका प्रोमो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। इसमें देखने के लिए मिल रहा है कि आम्रपाली अपने वेडिंग प्लान को लेकर कहती हैं, 'अगर मैं शादी करती हूं तो मैं वैसे शादी करना चाहती हूं, जिसे पूरी दुनिया जाने।' आम्रपाली दुबे आगे कहते हैं, 'मुझे लगता है अनंत अंबानी जी से एक-दो ज्यादा ही फंक्शन करूंगी उनसे कम नहीं करूंगी।' इसके बाद वो ठहाके लगाकर हंसने लगती हैं।



# तारक मेहता की सोनू ने कानूनी नोटिस की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**बीते** दिन शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में सोनू के किरदार में नजर आने वालीं अभिनेत्री पलक सिधवानी को लेकर चौंकाने वाली खबर सामने आई।

रिपोर्ट हैं कि नीला फिल्म प्रोडक्शंस अभिनेत्री को कानूनी नोटिस जारी करने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि पलक ने कॉन्ट्रैक्ट के महत्वपूर्ण धाराओं का उलंघन किया है। वहीं, अब इन रिपोर्ट्स पर खुद अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है और अपना पक्ष साफ करती नजर आई हैं। खबरें थीं कि पलक सिधवानी ने कॉन्ट्रैक्ट की महत्वपूर्ण शर्तों का उल्लंघन किया। इस कारण शो, उनके किरदार और प्रचारण मंच को काफी नुकसान पहुंचा।

# शबाना आजमी ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में पूरे किए 50 साल

**बॉलीवुड** की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। फिर एक बार शबाना आजमी चर्चा में आ गई हैं। शबाना आजमी बॉलीवुड इंडस्ट्री में 50 साल पूरे कर चुकी हैं। उनकी अब तक की बॉलीवुड यात्रा और काम को देखकर टोरंटो फिल्म फेस्टिवल 2024 में शबाना को सम्मानित किया जाएगा।



**जया बचन से प्रेरित होकर सिनेमा में रखा था कदम**

शबाना आजमी का जन्म 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में हुआ था। मुंबई के क्वीन मैरी स्कूल में पढ़ने के बाद शबाना आजमी ने सेंट जेवियर्स कॉलेज से मनोविज्ञान में स्नातक किया। शबाना आजमी ने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे से 1973 में अभिनय का कोर्स किया। उन्होंने जया बचन से प्रेरित होकर अभिनय की दुनिया में कदम रखा। शबाना आजमी ने मशहूर फिल्मकार श्याम बेनेगल की फिल्म अंकुर में फिल्मी सफर की शुरुआत की और इस क्लासिक फिल्म में नौकरानी की भूमिका निभाई।



# शोभिता की लव सितारा का नया पोस्टर जारी

अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म लव सितारा को लेकर चर्चा में बनी हुई है। नागा चैतन्य के साथ सगाई के बाद अभिनेत्री की यह पहली फिल्म होगी। फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हो चुका है, जिसे प्रशंसकों का काफी प्यार मिला। वहीं, अब ट्रेलर लॉन्च के कुछ दिनों बाद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लव सितारा का एक और नया पोस्टर जारी किया है, जो फैंस के उत्साह को बडा रहा है। पोस्टर में शोभिता के किरदार तारा और उसके बिगड़े हुए परिवार को दिखाया गया है। जी5 ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लव सितारा का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में तारा के रूप में शोभिता अपने परिवार के साथ नजर आ रही हैं। उनके परिवार को रहस्यों और अव्यवस्थाओं से भरा परिवार के रूप में पेश किया गया है।

पोस्टर साझा करते हुए जी5 ने कैप्शन में लिखा है, परिवार पागल हैं और सितारा की एक पूरी कहानी है, 27 सितंबर को प्रीमियर होने वाली फिल्म लव सितारा देखें, केवल जी5 पर। वंदना कटारिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शोभिता ने एक इंटीरियर डिजाइनर तारा की भूमिका निभाई है.

साभार-एजेंसी